आज का मौसम
28.0⁰ अधिकतम तापमान
16.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.42
सूर्यास्त 06.04

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष द्वितीया 03:59 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 19 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 180, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


# भारत एआई में असाधारण सफर की ओर, हम इसमें भागीदार बनने को प्रतिबद्ध : पिचाई

- गूगल सीईओ ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात, इंडिया-अमेरिका कनेक्ट इनिशिएटिव' की घोषणा की

AI IMPACT SUMMIT भारत 2026 INDIA

नई दिल्ली, एजेंसी

गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने बुधवार को कहा कि भारत एआई के क्षेत्र में एक 'असाधारण सफर' पर अग्रसर है और कंपनी देश के इस एआई बदलाव में भागीदार बनने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पिचाई ने कहा, एआई हमारे जीवनकाल का सबसे बड़ा बदलाव है। उन्होंने स्वास्थ्य जांच में सुधार से लेकर किसानों को वास्तविक समय में जानकारी व चेतावनी देने जैसी बड़ी चुनौतियों का व्यापक स्तर पर समाधान करने की इसकी क्षमता पर भी प्रकाश डाला।



नई दिल्ली में गूगल के सीईओ के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। • एजेंसी

उन्होंने उल्लेख किया कि भारत की विविधता, भाषाई परिवेश और मजबूत डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा इसे नवाचार के लिए एक शक्तिशाली आधार और वैश्विक स्तर पर एआई के लोकतंत्रीकरण के लिए एक ठोस खाका बनाता है। पिचाई ने इस बात पर जोर दिया कि एआई को अपनाते समय विश्वास, सुरक्षा और समावेशन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। एआई को विभिन्न भाषाओं व स्थानीय संदर्भों में काम करना चाहिए। इसे ऐसे वास्तविक लाभ प्रदान करने चाहिए जिन पर लोग भरोसा कर सकें। विश्वास तब बढ़ता है जब प्रौद्योगिकी पारदर्शी, जिम्मेदार व परिणामों पर आधारित होती है। (संबंधित कारोबार पेज पर)

### गूगल के सीईओ बोले-अगला वैश्विक एआई दिग्गज भारत से निकलने में कोई बाधा नहीं

**नई दिल्ली।** सुंदर पिचाई ने कहा कि भारत में ऐसा बदलाव हो रहा है जिससे अगला वैश्विक एआई दिग्गज यहीं से निकल सकता है। देश में एआई के लिए अनुकूल परिवेश विकसित हो चुका है और भारत असाधारण स्वदेशी कंपनियां बना रहा है। उन्होंने फ्लिपकार्ट और ओयो जैसी स्टार्टअप कंपनियों का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत सफल और असाधारण कंपनियां तैयार कर रहा है। पिचाई ने कहा, यह पहले ही बदल चुका है। जब आप फ्लिपकार्ट और ओयो जैसी कंपनियों को देखते हैं, तो ये सभी यहीं की स्वदेशी कंपनियां हैं और बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। बेंगलुरु जैसे केंद्रों में डेवलपर की ऊर्जा अद्वितीय है और यहां का उद्यमिता परिवेश फलता-फूलता है। पिचाई ने एआई क्षेत्र में प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि सर्वम जैसी कंपनियों द्वारा स्थानीय एआई मॉडल विकसित करना यह दर्शाता है कि उन्नत नवाचार अब घरेलू स्तर पर हो रहा है।

### भारत-अमेरिका के बीच समुद्री केबल बिछाएगी गूगल, 3 करोड़ डॉलर के साइंस चैलेंज की घोषणा

**नई दिल्ली।** भारत की एआई क्षमता पर बड़ा दांव लगाते हुए गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने बुधवार को भारत, अमेरिका और अन्य स्थानों के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए समुद्र के भीतर केबल बिछाने की एक नयी पहल की घोषणा की। इसके साथ ही 800 जिलों के दो करोड़ से अधिक लोक सेवकों को क्लाउड अवसंरचना मंच सहायता प्रदान करने के लिए साझेदारी की भी घोषणा की। एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में हिस्सा लेने आए पिचाई ने बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद कहा, एआई हमारे जीवनकाल का सबसे बड़ा बदलाव है। भारत जैसे देशों के लिए यह पुरानी कमियों को दूर करने और नए अवसर पैदा करने का एक बड़ा मौका है। शोध एवं वैज्ञानिक नवोन्मेषण को बढ़ावा देने के लिए गूगल ने तीन करोड़ डॉलर के एआई फॉर साइंस इम्पैक्ट चैलेंज की घोषणा की। यह पहल अगली पीढ़ी की वैज्ञानिक खोजों में लगे एआई शोधकर्ताओं का समर्थन करेगी।

### रोबोटिक डॉग विवाद के बाद गलगोटिया समिट से बाहर

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के गलगोटिया विश्वविद्यालय को समिट में प्रदर्शित एक चीन-निर्मित रोबोटिक डॉग को अपना नवाचारी उत्पाद कहकर पेश किए जाने के बाद सोशल मीडिया पर उठे विवाद के बीच बुधवार को अपना स्टॉल खाली करने के लिए कह दिया गया। ग्रेटर नोएडा स्थित विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने एक टीवी चैनल के साथ बातचीत में इस रोबोटिक डॉग को अपने स्तर पर विकसित उत्पाद बताया था, जबकि वह असल में चीन की कंपनी यूनिट्री रोबोटिक्स का उत्पाद निकला। (विस्तृत कारोबार पेज पर)

## ब्रीफ न्यूज

### आई-पैक छापेमारी ईडी की याचिका पर सुनवाई 18 मार्च को

**नई दिल्ली।** शीर्ष कोर्ट ने मंगलवार को ईडी की उस याचिका पर सुनवाई 18 मार्च तक स्थगित कर दी जिसमें आरोप लगाया गया है कि पश्चिम बंगाल सरकार, जिसमें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी शामिल हैं, ने आई-पैक कार्यालय और उसके निदेशक के परिसर में कथित कोयला चोरी घोटाले के संबंध में ईडी के छापे के दौरान बाधा डाली। पीठ ने उस वक्त मामले की सुनवाई स्थगित की जब सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि दिन के दौरान जवाब दाखिल किया जाएगा।

### गर्भवती पत्नी का कैंची से गला काटने वाला चार्टर्ड अकाउंटेंट गिरफ्तार

**झज्जर।** एक चार्टर्ड अकाउंटेंट को अपनी गर्भवती पत्नी की कैंची से गला काटकर हत्या करने और इसे लूटपाट की कोशिश का रूप देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, अंशुल धवन (31) ने पिछले साल सितंबर में महक (27) से शादी की थी। दोनों गुरुग्राम में काम करते थे। थाना प्रभारी ने बताया कि रविवार रात को पुलिस को सूचना मिली कि कुछ अज्ञात लोगों ने अंशुल को लूटने की कोशिश की, उसकी कार छीन ली और उसकी पत्नी का अपहरण कर लिया।

### दिल्ली दंगा: जमानत नहीं देने के खिलाफ सुनवाई करेगी शीर्ष अदालत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश के मामले में एक आरोपी को जमानत देने से इनकार करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताई। पीठ ने आरोपी अब्दुल खालिद सैफी की याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। सुनवाई के दौरान, पीठ ने कहा कि आरोपी मामले में पांच सह-आरोपियों को जमानत देने के पिछले महीने के शीर्ष अदालत के फैसले के साथ समानता का दावा नहीं कर सकता। याची की ओर से पेश वकील से कहा, अगर आप हमारे फैसले पर समानता का दावा कर रहे हैं, तो हम सीधे मना कर देंगे।

# निजी अंग पकड़ना व पायजामे का नाड़ा खींचना रेप का प्रयास ही माना जाएगा

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इसे रेप की तैयारी बताया था, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला पलटा

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक विवादास्पद आदेश को रद्द करते हुए कहा है कि निजी अंग पकड़ना और पायजामे का नाड़ा खींचना बलात्कार का प्रयास है। हाईकोर्ट ने अपने विवादित आदेश में कहा था कि निजी अंग पकड़ना व पायजामे का नाड़ा खींचना बलात्कार करने की केवल तैयारी हैं।

सीजेआई सूर्यकांत व न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची एवं न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि विवादित आदेश को आपराधिक न्यायशास्त्र के स्थापित सिद्धांतों के स्पष्ट रूप से गलत प्रयोग के कारण रद्द किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने स्वतः संज्ञान लेकर दायर याचिका पर 10 फरवरी को यह आदेश पारित किया। न्यायालय ने याचिका में इलाहाबाद हाईकोर्ट के इस आदेश का संज्ञान लिया है कि केवल निजी अंग पकड़ना और पायजामे का नाड़ा खींचना बलात्कार के अपराध के बराबर नहीं है। उच्च न्यायालय के फैसले को शीर्ष अदालत ने रद्द कर दिया और मामले के दो आरोपियों के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के तहत



दर्ज बलात्कार के प्रयास के मूल कड़े आरोपों को बहाल कर दिया। पीठ ने कहा, हम उच्च न्यायालय के इस निष्कर्ष से सहमत नहीं हो सकते कि इस मामले में आरोप केवल तैयारी से संबंधित थे और वे बलात्कार करने का प्रयास का नहीं थे। उसने कहा, आरोपियों द्वारा किया गया प्रयास हमें स्पष्ट और अनिवार्य रूप से इस निष्कर्ष पर पहुंचाता है कि शिकायतकर्ता और अभियोजन पक्ष द्वारा बलात्कार के प्रयास से संबंधित प्रावधान लागू किए जाने का प्रथम दृष्टया मामला बनता है। विवादित निर्णय आपराधिक न्यायशास्त्र के स्थापित सिद्धांतों के स्पष्ट रूप से गलत प्रयोग के कारण रद्द किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि इन आरोपों को सरसरी तौर पर देखने पर भी इस बात को लेकर रत्ती भर संदेह की गुंजाइश नहीं रहती कि जो मामला बनता दिख रहा है, वह यह है कि आरोपियों ने आईपीसी की धारा 376 (बलात्कार) के तहत अपराध करने के पूर्व निर्धारित इरादे से ये हरकतें कीं। पीठ ने कहा, 17 मार्च, 2025 का विवादित फैसला रद्द किया जाता है और 23 जून, 2023 का वह मूल समन आदेश बहाल किया जाता है जो विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो), कासगंज ने पारित किया था। उसने साथ ही कहा, यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि इस न्यायालय ने इस फैसले में जो टिप्पणियां की हैं, वे केवल शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत मामले के प्रथम दृष्टया परिप्रेक्ष्य में की गई हैं और इन्हें आरोपियों की दोषसिद्धि को लेकर किसी प्रकार की राय नहीं समझा जाना चाहिए। हाईकोर्ट ने 17 मार्च 2025 को कहा था कि किसी लड़की के निजी अंग पकड़ना व पायजामे का नाड़ा खींचना बलात्कार का मामला नहीं है।

### न्यायाधीशों के नजरिये पर दिशानिर्देश बनाने के लिए समिति गठित करे राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी : शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने न्यायिक दृष्टिकोण में संवेदनशीलता विकसित करने की जरूरत का उल्लेख करते हुए राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी को निर्देश दिया कि वह यौन अपराध के मामलों की सुनवाई करने वाले न्यायाधीशों के नजरिये को लेकर दिशानिर्देश तैयार करने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित करे। शीर्ष अदालत ने भोपाल स्थित अकादमी को 'यौन अपराधों और अन्य संवेदनशील मामलों के संदर्भ में न्यायाधीशों और न्यायिक प्रक्रियाओं में संवेदनशीलता और करुणा विकसित करने के लिए दिशानिर्देश तैयार करना' विषय पर एक व्यापक रिपोर्ट तैयार करने को कहा है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची तथा न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने 10 फरवरी को पारित आदेश में कहा कि संवैधानिक अदालतों ने विभिन्न कदम उठाए हैं लेकिन अब तक के प्रयासों से कोई लाभ नहीं हुआ है।

# शिक्षा-स्वास्थ्य सबको सुलभ हो, ये व्यवसाय नहीं : भागवत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- पश्चिमी शिक्षा मॉडल ने भारत की मौलिक व्यवस्था को नुकसान पहुंचाया
- शोध, संस्कृति धर्म और पर्यावरण पर संघ प्रमुख का व्यापक दृष्टिकोण

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि शिक्षा व स्वास्थ्य समाज की मूलभूत आवश्यकताएं हैं और इन्हें व्यवसाय नहीं बनाया जा सकता। ये सुविधाएं सबके लिए सुलभ होनी चाहिए। वे बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में आयोजित शोधार्थी संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे।

डॉ. भागवत ने कहा कि पश्चिमी देशों ने भारत की पारंपरिक शिक्षा व्यवस्था को हटाकर अपनी प्रणाली थोपी, जिससे उनके लिए काम करने वाले काले अंग्रेज तैयार हो सकें। अंग्रेजों द्वारा शिक्षा व्यवस्था में जो विकृति लाई गई, उसे ठीक करना आज की आवश्यकता है। वैश्वीकरण पर टिप्पणी करते हुए संघ प्रमुख ने कहा कि आज वैश्वीकरण का अर्थ बाजारीकरण तक सीमित हो गया है, जो खतरनाक प्रवृत्ति है। भारत की सोच वसुधैव कुटुंबकम् की है, जहां पूरे विश्व को एक परिवार माना जाता है। उन्होंने कहा कि जब तक सभी सुखी नहीं होंगे, तब तक कोई एक व्यक्ति भी सुखी नहीं हो सकता। उपभोगवादी जीवन के बजाय संयम और त्याग का जीवन ही भारतीय संस्कृति का मूल है। पश्चिमी देशों ने जड़वाद फैलाया है, जहां बलशाली बनकर जीने और बाधा बनने वालों को मिटाने की सोच हावी है। उन्होंने कहा कि आज विश्व की समस्याओं का समाधान भारत के पास है, लेकिन विश्व गुरु बनने के लिए सभी क्षेत्रों में शक्तिशाली बनना होगा। संघ के उद्देश्य पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का लक्ष्य भारत को परम वैभव सम्पन्न बनाना है।

### शोध की भूमिका अहम

डॉ. भागवत ने कहा कि भारत की दिशा और दशा बदलने में शोध की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सत्यपरक और प्रामाणिक शोध के बिना देश को सही मायनों में समझा नहीं जा सकता। उन्होंने शोधार्थियों से आह्वान किया कि वे तन-मन-धन से, निःस्वार्थ भाव से और पूर्ण प्रामाणिकता के साथ देशहित में शोध करें। उन्होंने कहा कि संघ को लेकर बहुत दुष्प्रचार होता है, ऐसे में शोधार्थियों का दायित्व है कि वे सत्य को सामने लाएं।

### धर्म शाश्वत और सर्वव्यापी

भागवत ने कहा कि धर्म का स्वरूप शाश्वत है और सृष्टि जिन नियमों से चलती है, वही धर्म है। कोई भी कण धर्मनिरपेक्ष नहीं हो सकता। धर्म सभी को सुख पहुंचाने वाला है। आचरण देश, काल, परिस्थितियों के अनुसार बदलता है, धर्म का मूल भाव अपरिवर्तित रहता है सबके साथ मिलकर जीना।

## फिल्म यादव जी की लव स्टोरी के निर्माता निर्देशक, कलाकारों पर रिपोर्ट दर्ज

- फिल्म रिलीज होने पर सिनेमाघरों में विरोध प्रदर्शन की चेतावनी

**संभल।** फिल्म यादव जी की लव स्टोरी का विरोध बढ़ता ही जा रहा है। तहसील गुन्नौर क्षेत्र के धनारी थाना में गांव भकरौली निवासी अरविंद कुमार की तहरीर पर फिल्म निर्माता संदीप तोमर, निर्देशक अंकित भड़ाना, अभिनेत्री प्रगति तिवारी व अभिनेता विशाल मोहन पर रिपोर्ट दर्ज की गई।

अरविंद ने तहरीर में कहा गया कि फिल्म से यादव समाज की छवि धूमिल होती है। फिल्म में यादव समाज की लड़की और दूसरे समुदाय के युवक की प्रेम कहानी को आपत्तिजनक ढंग से प्रस्तुत कर हमारी संस्कृति को ठेस पहुंचाई गई है। यादव समाज को बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि फिल्म रिलीज हुई तो सिनेमाघरों में प्रदर्शन का विरोध किया जाएगा। धनारी थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## पर्ल ग्रुप के खिलाफ 10,000 करोड़ की कुर्की के आदेश

**नई दिल्ली।** ईडी ने बुधवार को कहा कि उसने चंडीगढ़ स्थित पीएसीएल (पर्ल्स ग्रुप) के खिलाफ धन शोधन की जांच के तहत 10,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 247 अचल संपत्तियों पर शिकंजा कसते हुए अब तक का सबसे बड़ा एकल कुर्की आदेश जारी किया है। इस समूह पर 48,000 करोड़ रुपये की पोंजी योजना को अंजाम देने का आरोप है। संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि पीएमएलए के तहत अस्थायी रूप से जब्त की गई संपत्तियां पंजाब के एसएएस नगर (मोहाली), रूपनगर और जीरकपुर में स्थित हैं। कुर्क की गयी 247 संपत्तियों की पहचान निवेशकों के धन से अधिग्रहित संपत्तियों के रूप में की गई है।

## रास की 37 सीटों पर चुनाव 16 मार्च को

- इनमें 25 सीटें विपक्ष, एनडीए की 12, पवार, सिंघवी का कार्यकाल अप्रैल में खत्म हो रहा

**नई दिल्ली।** राज्यसभा की 37 सीट पर 16 मार्च को होने वाले द्विवार्षिक चुनाव में भाजपा की स्थिति मजबूत रहने की संभावना है क्योंकि जिन 10 राज्यों में ये सीट रिक्त हो रही हैं, उनमें से छह में पार्टी की सरकार है या वह सत्तारूढ़ गठबंधन में साझेदार है। कुल 37 सीट दो और नौ अप्रैल को रिक्त होने वाली हैं।

निर्वाचन आयोग के अनुसार, जिन राज्यों में ये सीट रिक्त हो रही हैं उनमें महाराष्ट्र (7सीट), ओडिशा (4), तेलंगाना (2), तमिलनाडु (6), छत्तीसगढ़ (2), बंगाल (5), असम (3), हरियाणा (2), हिमाचल प्रदेश (1) व बिहार (5) शामिल हैं। चुनाव के लिए अधिसूचनाएं 26 फरवरी को जारी की जाएंगी। स्थापित परंपरा के अनुसार, 16 मार्च को मतदान सुबह नौ बजे से शाम चार बजे के बीच होगा और उसी दिन शाम पांच बजे से मतगणना की जाएगी। महाराष्ट्र, ओडिशा, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा और असम में भाजपा की सरकारें हैं या वह सत्तारूढ़ गठबंधन में साझेदार है। इससे पार्टी को उच्च सदन में बहुमत हासिल करने में मदद मिलेगी।

वहीं, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में, विपक्षी पार्टियां सत्ता में हैं। महाराष्ट्र में, यदि विपक्षी महाविकास आघाडी एकजुट होकर चुनाव लड़ता है।

# बसपा अकेले लड़ेगी विस चुनाव : मायावती

- सपा, कांग्रेस व भाजपा को बताया डा. आंबेडकर विरोधी
- मायावती ने पत्रकार वार्ता में बंगला मिलने पर भी की स्थिति साफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि बसपा वर्ष 2027 के विधान सभा चुनावों में अकेले ही मैदान में उतरेगी। जब भी बसपा ने गठबंधन किया तो उसका भारी नुकसान पार्टी को हुआ। उन्होंने सपा, कांग्रेस और भाजपा पर निशाना साधते हुए आंबेडकर की विचारधारा का विरोधी बताया।

साथ ही दिल्ली में मिले बंगले के बारे में सफाई देते हुए कहा कि उनकी सुरक्षा के मद्देनजर कांग्रेस सरकार के समय से ही केंद्र सरकार से टाइप-8




स्तर का बंगला मिलता रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि पिछले कुछ समय से बसपा द्वारा अन्य दलों से गठबंधन करने की अफवाहें फैलाई जा रही हैं जो पूरी तरह निराधार हैं। गठबंधन से उन्हें कभी भी फायदा नहीं हुआ। इसके विपरीत बड़ा सियासी नुकसान उठाना पड़ा। गठबंधन के दलों ने उनका वोट तो ले लिया, लेकिन अपना वोट बसपा को ट्रांसफर नहीं किया। उन्होंने अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा बसपा के संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि 9 अक्टूबर-25 को आयोजित विशाल रैली में भी किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं करने की घोषणा की थी। मायावती ने दिल्ली में आवंटित बंगले के बारे में फैलाई जा रही कथित खबरों पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। कहा कि सपा सरकार के समय वर्ष 1995 में लखनऊ के स्टेट गेस्ट हाउस में उन पर किए गए हमले के बाद से ही केंद्र सरकार द्वारा उच्च स्तर की सुरक्षा के साथ ही टाइप-8 बंगला मिलता रहा है। कहा कि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आएंगे, विपक्षी दल घिनौनी साजिशें करके दुष्प्रचार करते रहेंगे, जिससे बसपा को सत्ता से दूर रखा जा सके।

**नाराजगी** विधानसभा अध्यक्ष ने कहा– विधायकों को सम्मान देना अनिवार्य

# फोन न उठाने वाले अधिकारियों का व्यवहार संवैधानिक नहीं : महाना

- शिक्षा मित्रों की उपेक्षा, मुफ्त बिजली, मनरेगा, ट्रांसफर और बजट पर गरमाई विधानसभा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विधानसभा में बुधवार को जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों के संबंधों, मुफ्त बिजली, शिक्षा मित्र, मनरेगा, ट्रांसफर नीति, बिजली व्यवस्था और बजट जैसे अहम मुद्दों पर विधायकों-मत्रियों में तीखी बहस हुई। वहीं, जिलों में अधिकारियों द्वारा विधायकों के फोन न उठाए जाने के मामले में विधानसभाध्यक्ष सतीश महाना ने अपना निर्णय सुनाते हुए



कहा कि अधिकारियों का यह आचरण संवैधानिक योजना के अनुरूप नहीं है।

महाना ने स्पष्ट किया, संविधान के अनुच्छेद 164 के अंतर्गत मंत्रिपरिषद राज्य विधानसभा के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी है। जनहित के कार्यों के लिए संपर्क किए जाने पर अधिकारियों का दायित्व है कि वे सदन के सदस्यों को समुचित सम्मान दें और उन्हें सुनवाई का अवसर प्रदान करें। उन्होंने चेताया कि शासनादेशों का पालन न करना अधिकारियों की सेवा नियमावली का उल्लंघन है और ऐसी स्थिति में कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने संसदीय कार्य मंत्री से अनुरोध किया कि शासन स्तर से इस संबंध में जारी आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए, ताकि सदन के विशेषाधिकार या किसी सदस्य की अवमानना की स्थिति उत्पन्न न हो। इसी दौरान मुफ्त बिजली का मुद्दा भी जोर-शोर से उठा। भाजपा और समाजवादी पार्टी के सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। मुफ्त बिजली को लेकर सरकार की नीतियों और दावों पर सवाल खड़े किए, जबकि भाजपा ने विपक्ष पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। कुछ देर के लिए सदन में शोर-शराबे की स्थिति भी बनी। सरकार की ओर से इस पर स्थिति की समीक्षा और आवश्यक सुधार का भरोसा दिलाया गया। सत्र के दौरान कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना ने मनरेगा कानून में बदलाव के विरोध में हुए प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज, गिरफ्तारी और नजरबंदी का मुद्दा उठाया।

### माता प्रसाद के आरोपों को खन्ना ने किया खारिज

नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि विरोध करना संवैधानिक अधिकार है और सरकार का रवैया अधिनायकवाद की ओर बढ़ता जा रहा है। जवाब में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि सरकार विपक्ष के अधिकारों का हनन नहीं कर रही है। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन के अनुभवों का हवाला देते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में विपक्ष के साथ इससे कहीं कठोर व्यवहार हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री ने रमजान की दीं शुभकामनाएं



**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पवित्र रमजान माह के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि रमजान का पावन महीना आत्मसंयम, धैर्य और ईश्वर की इबादत का प्रतीक है। योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों से अपील की कि रमजान के पवित्र अवसर पर समाज में आपसी सद्भाव, शांति और सौहार्द को और मजबूत करने का संकल्प लें तथा जरूरतमंदों की सहायता कर मानवता की सेवा में योगदान दें। उन्होंने कामना की कि यह पवित्र माह सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए तथा प्रदेश में अमन-चैन और भाईचारे का वातावरण और अधिक सुदृढ़ हो।

### आगरा किले में गूंजेगी शिवाजी की शौर्य गाथा

**अमृत विचार, लखनऊ :** ताजनगरी आगरा एक बार फिर छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य, स्वाभिमान और पराक्रम की गाथाओं से गूंजने जा रही है। गुरुवार को उनकी 396वीं जयंती के अवसर पर ऐतिहासिक आगरा किला में लगातार चौथे वर्ष भव्य 'शिव जयंती उत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल, राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल और महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मंत्री आशीष शेलार सहित कई गणमान्य अतिथियों की मौजूदगी रहेगी। आयोजक संस्था 'अजिंक्य देवगिरी प्रतिष्ठान' के अध्यक्ष विनोद पाटिल ने बताया कि आगरा किले में उन्होंने औरंगजेब की कैद से बुद्धिमत्ता के साथ निकलकर मुगल सत्ता को करारा जवाब दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित भव्य लेजर शो होगा।

### कौशल कनेक्ट सेल गठित, मिलेगा रोजगार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी के एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए उप्र. कौशल विकास मिशन ने 'कौशल कनेक्ट सेल' का गठन किया है। इसका उद्देश्य प्रदेश में निवेश करने वाले बड़े उद्योगों को उनकी आवश्यकता के अनुसार प्रशिक्षित वर्कफोर्स उपलब्ध कराना है। यह सेल इन्वेस्ट यूपी और कौशल विकास मिशन के बीच समन्वय स्थापित करेगी। यह जानकारी देते हुए बुधवार को व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि प्रशिक्षण और रोजगार प्रक्रिया को गति देने के लिए स्पीडअप-पीएमयू को जोड़ा गया है, जो निवेशकों के साथ रियल-टाइम समन्वय करेगा।

### सीड पार्क के लिए 51.33 करोड़ स्वीकृत

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने कृषि क्षेत्र की उत्पादकता बढ़ाने और संरचनात्मक सुधार के उद्देश्य से विभिन्न परियोजनाओं के लिए 65.15 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इनमें राजधानी लखनऊ स्थित राजकीय कृषि प्रक्षेत्र अटारी में 'भारत रत्न चौधरी चरण सिंह सीड पार्क' की स्थापना के लिए 51.33 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बुधवार को बताया कि सीड पार्क की स्थापना से किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले उन्नत बीज उपलब्ध होंगे। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 'सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन' (एसएमएई) के अंतर्गत 9.05 करोड़ रुपये तथा 'नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल' (तिलहन विकास) के लिए 4.68 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

# शिक्षामित्रों के मुद्दे पर सरकार को घेरा

## सदन में सपा विधायक का भावुक बयान, कोर्ट में गलत हलफनामा देने का आरोप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विधानसभा में सपा विधायक ओम प्रकाश सिंह ने शिक्षामित्रों की स्थिति को लेकर भावुक और आक्रामक अंदाज में सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि शिक्षामित्रों को सपा सरकार ने सहायक अध्यापक बनाया, जबकि भाजपा सरकार की ओर से न्यायालय में गलत हलफनामा देने हजारों शिक्षामित्रों की नियुक्तियां एक झटके में निरस्त हो गईं और उनके परिवारों पर भारी आर्थिक संकट आ गया। पिछले 9 साल से शिक्षा मित्रों को सिर्फ 10 हजार रुपये ही मिल रहे हैं।

समाजवादी पार्टी के विधायक ओम प्रकाश सिंह ने शिक्षामित्रों की स्थिति उठाते हुए कहा कि एक ही स्कूल में एक शिक्षक को 70-80 हजार रुपये वेतन मिल रहा है, जबकि शिक्षामित्रों को मात्र 10 हजार रुपये में काम करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षामित्र हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ रहे हैं, कई लोग निराशा में आत्महत्या तक कर चुके हैं, लेकिन सरकार ठोस समाधान नहीं दे पा रही है। ओम प्रकाश सिंह ने 2018 की नियुक्तियों का भी जिक्र करते हुए कहा कि 68 हजार और 69,500 सहायक अध्यापकों की भर्ती हुई, लेकिन शिक्षामित्रों को उसमें समुचित अवसर नहीं मिला। उन्होंने मांग की कि सरकार शिक्षामित्रों के मानदेय और सेवा शर्तों पर स्पष्ट नीति घोषित करे। इसके लिए बनी कमेटी भी कुछ नहीं कर पाई है।



### शिक्षामित्रों के हित में निर्णय लेगी सरकार

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने जवाब देते हुए कहा कि शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप शिक्षामित्रों को 5 लाख रुपये की कैशलेस चिकित्सा सुविधा से जोड़ा गया है। साथ ही, उन्हें गृह जनपद के आसपास तैनाती की व्यवस्था भी की गई है। मंत्री ने कहा कि 2012 से 2017 के बीच सपा सरकार ने शिक्षामित्रों का मानदेय नहीं बढ़ाया, जबकि वर्तमान सरकार ने 3500 रुपये से बढ़ाकर 10 हजार रुपये किया है। मंत्री के दावे पर फिर खड़े होते हुए ओम प्रकाश सिंह ने सरकार से मानदेय बढ़ाने और स्थायी समाधान की मांग दोहराई।

**विधान सभा कार्यवाही**

**सरकार अधिग्रहीत करेगी गांधी आश्रम की जमीन :** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने मेरठ में गांधी आश्रम की जमीन पर अतिक्रमण का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि जमीन पर लगातार कब्जे की कोशिश की जा रही है, जो कि हमारे पूर्वजों के खून-पसीने की है। इस पर चर्चा की जाए, जिससे कि वस्तुस्थिति सामने आ सके। वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि खादी आश्रम की जमीन को सपा सरकार में कुछ लोगों को समझौते के तहत दिया गया था, जिसे अब सरकार ने अपने पक्ष में अधिग्रहीत करने का मन बनाया है। मामले में लीगल राय ली जा रही है। जिन लोगों को जमीन दी गई थी, उन्होंने कॉलेज बनाने की बात की थी, पर नहीं बनाया।

# विधान परिषद में निजीकरण पर हंगामा, सपा सदस्यों का वॉकआउट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- श्रम मंत्री अनिल राजभर ने सदन में किया दावा, अगले 5 साल में दूसरे प्रांतों से युवा यूपी में आएंगे नौकरी करने
- विपक्ष का आरोप : निजीकरण से सरकारी व सार्वजनिक क्षेत्र में नियमित पद हो रहे समाप्त

**अमृत विचार :** बजट सत्र के दौरान बुधवार को विधान परिषद में सरकारी संस्थाओं के निजीकरण के मुद्दे पर जमकर हंगामा हुआ। प्रश्नकाल के बाद सपा के सदस्यों ने नियम-105 के अंतर्गत यह विषय उठाते हुए राज्य सरकार पर युवाओं के रोजगार के अवसर खत्म करने का आरोप लगाया। जवाब में सरकार ने कहा कि ऐसी योजनाएं बनायी जा रही हैं कि अगले 5 साल में महाराष्ट्र, तमिलनाडु आदि अन्य प्रांतों के युवा नौकरी के लिए उत्तर प्रदेश आएंगे। सरकार के जवाब से असंतुष्ट नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव समेत अन्य सपा सदस्य नारेबाजी करते हुए सदन से बाहर चले गए।

सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कार्यवाही शुरू होने के बाद सपा के किरण पाल कश्यप, डॉ. मान सिंह और आशुतोष सिन्हा ने कहा कि निजीकरण की नीतियों से सरकारी व सार्वजनिक क्षेत्र में नियमित पद समाप्त हो रहे हैं, जिससे आरक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उनका आरोप था कि निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए श्रम कानूनों को कमजोर किया जा रहा है।

नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव ने सरकारी संस्थाओं में बिजली विभाग के निजीकरण का भी मुद्दा उठाते हुए कहा कि इससे नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं, विशेषकर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग की अरबों-खरबों रुपये की परिसंपत्तियों का समुचित मूल्यांकन किए बिना निजीकरण की आड़ में पूंजीपतियों को औने-पौने दाम पर सौंपने की तैयारी है।

### सरकार ने आरोपों को बताया बेबुनियाद

श्रम मंत्री अनिल राजभर ने विपक्ष के आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2012 से 2017 के बीच सपा सरकार ने केवल 1.39 लाख युवाओं को रोजगार दिया था, जबकि वर्तमान सरकार अब तक 8.45 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी दे चुकी है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में रोजगार के और अवसर सृजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आउटसोर्सिंग की समस्या के समाधान के लिए निगम का गठन किया जा रहा है और उसमें आरक्षण व्यवस्था लागू की जाएगी। साथ ही यह भी दावा किया कि प्रत्येक कर्मचारी के घर कम से कम 16 हजार रुपये मासिक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

# एटीएस स्थापित होने तक पुरानी व्यवस्था लागू रहे : मानवेंद्र सिंह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**विधान परिषद**

**अमृत विचार :** विधान परिषद में बुधवार को प्रश्नकाल के दौरान वाहनों की फिटनेस जांच व्यवस्था को लेकर चर्चा हुई। भाजपा सदस्य देवेन्द्र प्रताप सिंह ने 1 जनवरी से पुरानी फिटनेस व्यवस्था बंद कर निजी कंपनियों के माध्यम से स्वचलित वाहन परीक्षण स्टेशन (एटीएस) लागू किए जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि ऐसे में पुरानी व्यवस्था बंद कर देने से वाहन स्वामियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

भाजपा सदस्य ने कहा कि नियमानुसार प्रत्येक जिले में तीन-तीन एटीएस स्थापित होने थे, लेकिन अभी सभी जिलों में यह व्यवस्था शुरू नहीं हो सकी है। खासकर स्कूल बस, अस्पताल और एंबुलेंस जैसे आवश्यक सेवा वाहनों की फिटनेस प्रभावित हो रही है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने जवाब में स्पष्ट किया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देशानुसार एटीएस स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल, स्कूल व एंबुलेंस वाहनों को राहत देने के लिए केंद्र सरकार को पत्र भेजा गया है। नियमानुसार जल्द ही सभी जिलों में एटीएस स्थापित कर दिए जाएंगे। इस पर सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने निर्देश दिया कि जब तक सभी जिलों में एटीएस स्थापित नहीं हो जाते, तब तक पुरानी फिटनेस व्यवस्था जारी रखी जाए।

### शिक्षा सेवा चयन आयोग की धाराओं पर उठे सवाल

शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने नियम 105 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के गठन के बाद शिक्षकों की सेवा शर्तों से संबंधित धाराओं 18 और 21 को समाप्त किए जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि आयोग अधिनियम की धारा 11 (छ) में प्रावधान है कि यदि प्रबंध तंत्र या नियुक्ति प्राधिकारी नियुक्ति पत्र जारी करने में विफल रहता है तो संबंधित पद समाप्त कर दिया जाएगा। उनका कहना था कि यह व्यवस्था विद्यालयों के अस्तित्व के लिए घातक सिद्ध हो सकती है। माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी ने आश्वस्त किया कि शिक्षा सेवा चयन आयोग में शिक्षकों का शोषण नहीं होने दिया जाएगा। जवाब से असंतुष्ट होकर त्रिपाठी ने बहिष्कार की बात कही, लेकिन सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह द्वारा नेता सदन की अध्यक्षता में गठित समिति में विषय रखकर समाधान कराने के आश्वासन पर वे संतुष्ट हो गए। बाद में यह मामला सरकार को संदर्भित कर दिया गया। निर्दलीय सदस्य डॉ. आकाश अग्रवाल ने आगरा की यातायात व्यवस्था का मुद्दा उठाया। नेता सदन एवं उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य ने कहा कि मेट्रो परियोजना और अन्य विकास कार्यों के कारण यातायात प्रभावित हुआ है, जिसे जल्द और व्यवस्थित कराया जाएगा।

### दो संशोधन विधेयक हुए पारित

प्रमुख सचिव ने सदन की मेज पर उत्तर प्रदेश नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2026 तथा उत्तर प्रदेश नगर पालिका (संशोधन) विधेयक, 2026 प्रस्तुत किए। दोनों विधेयक पारित हो गए।

### पूर्व सदस्य के निधन पर शोक

सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने पूर्व विधान परिषद सदस्य विन्ध्यवासिनी कुमार के निधन पर शोक व्यक्त किया। सदन ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए कुछ क्षण खड़े होकर मौन धारण किया।



विधानसभा में विपक्षी सदस्यों के सवालों के जवाब देते नगर विकास और ऊर्जा मंत्री एके शर्मा। अमृत विचार

### सदन की कार्यवाही में 'शून्य त्रुटि' की नीति अपनाएं : केशव मौर्या

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधान परिषद में नेता सदन एवं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में बुधवार को विधायक निधि योजना दिशा-निर्देश समिति की बैठक हुई। बैठक में क्षेत्रीय विकास निधि के क्रियान्वयन में आ रही व्यावहारिक समस्याओं के समाधान, प्रक्रियाओं के सरलीकरण तथा विकास कार्यों की गुणवत्ता और गति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समिति द्वारा दिए गए प्रस्तावों का तत्काल गहन परीक्षण कर नियम संगत कार्रवाई की जाए। लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित हो और फाइलें अनावश्यक रूप से लंबित न रखी जाएं। उन्होंने कार्यवाही में 'शून्य त्रुटि' की नीति अपनाने, पारदर्शिता बनाए रखने तथा शासन स्तर पर लंबित विषयों पर शीघ्र शासनादेश जारी करने को कहा। कैबिनेट स्तर के मामलों में भी पूरी तैयारी के साथ नियमानुसार प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए।



# बजट में महिला सशक्तीकरण के दावे को विपक्ष ने नकारा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विधान परिषद में वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट पर चर्चा के दौरान भाजपा के डॉ. धर्मेंद्र सिंह, पदमसेन चौधरी, वागीश पाठक और भूपेंद्र चौधरी ने बजट को गांव, गरीब, किसान और विकासोन्मुख बताते हुए समर्थन किया। उन्होंने कहा कि बजट में आधारभूत संरचना, ऊर्जा, डिफेंस कॉरिडोर, एक जनपद-एक उत्पाद और महिला सशक्तीकरण पर विशेष जोर है। वहीं, सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सपा के डॉ. मान सिंह यादव ने सरकार पर भ्रष्टाचार और रोजगार की अनदेखी का आरोप लगाते हुए बजट का विरोध किया। अन्य सदस्यों ने भी अपने विचार रखे। मंत्री एके शर्मा की चर्चा जारी रही। बाद में सदन की कार्यवाही 19 फरवरी सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई।

**चार विधेयक पारित :** सदन में प्रमुख सचिव ने विधानसभा से पारित चार विधेयक-उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2026, उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2026, उत्तर प्रदेश नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2026 तथा उत्तर प्रदेश नगर पालिका (संशोधन) विधेयक, 2026-सदन की मेज पर रखे। सभी विधेयक ध्वनिमत से पारित हो गए।

# 70.49 लाख नए मतदाता जुड़े, 1.89 लाख के नाम काटे गए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 18 से 29 वर्ष आयु के 36 लाख से अधिक युवा भी बने वोटर
- सीईओ ने कहा- 1.15 करोड़ नोटिसों की सुनवाई पूरी

**अमृत विचार:** एसआईआर प्रक्रिया में प्रदेश में 70 लाख 49 हजार 428 नए मतदाताओं को वोटर लिस्ट में जोड़ा गया है, जबकि कुल एक लाख 89 हजार 868 मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। इसके अलावा तीन करोड़ 26 लाख मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए थे, उसमें से 18 फरवरी की दोपहर तक एक करोड़ 15 लाख मामलों की सुनवाई पूरी कर दी गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि एसआईआर में प्रदेश भर में कुल एक करोड़ चार लाख मदताता ऐसे मिले, जिन्होंने फार्म भरा ही नहीं, जिससे मैपिंग नहीं हो पाई। इस तरह के मतदाता पिता या घर के मुखिया से संबंध होने के निर्धारित दस्तावेज से किसी एक को लेकर नोटिस का निस्तारित करा सकते हैं। दूसरी ओर दो करोड़ 22 लाख मतदाता ऐसे थे, जिन्होंने फार्म तो भरा लेकिन उनमें तार्किक विसंगतियां थीं। तार्किक विसंगति जैसे नाम मिस मैच होना, पिता-बेटे की आयु में 15 साल से लेकर 50 साल का अंतर होना और बाबा व नाती के बीच 40 का अंतर होने जैसे मामले हैं। इनमें से अभी तक एक करोड़ 15 लाख नोटिसों का निस्तारण कर दिया गया है। सुनवाई की गति काफी तेज चल रही है। इससे साफ है कि सभी नोटिसों की सुनवाई निर्धारित तारीख 27 मार्च तक पूरी कर ली जाएगी।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा

**घरों पर जाकर भी सुनवाई करें अधिकारी :** उन्होंने बताया कि जिन लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं, उसके लिए प्रदेश भर में 4,635 सुनवाई केंद्र बनाए गए हैं। इसके अलावा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जहां सुनवाई दूरदराज के इलाकों में हैं, वहां पर मतदाताओं के घरों पर ही जाकर सुनवाई की जाए।

### 70,865 लोगों ने खुद ही नाम कटवाए

उन्होंने मतदाता बढ़ाने और काटने के बारे में विस्तार से आंकड़े पेश किए। बताया कि फार्म-6 मतदाता जोड़ने के लिए है। इसके तहत 27 अक्टूबर-25 से 17 फरवरी-26 तक 70 लाख 49 हजार 428 मतदाताओं ने अपने नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाए। खास बात यह है कि इनमें 18 से 29 साल तक के 36 लाख 76,816 युवकों ने मतदाता के रूप में नाम दर्ज कराया गया। दूसरी फार्म-7 के द्वारा 27 अक्टूबर से 17 फरवरी तक एक लाख 89 हजार 868 मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से काटे गए। इनमें 47,684 ऐसे लोग हैं, जो किसी दूसरे स्थान पर जाकर बस गए। 70,865 ऐसे लोग हैं, जिन्होंने नाम कटवाने के लिए खुद ही फार्म-7 भरा।

### नंदलाल दर्ज करा सकते हैं एफआईआर

सपा ने आरोप लगाया है कि सुल्तानपुर की सदर विधान सभा के पोलिंग बूथ 87 पर निरक्षर नंदलाल के फर्जी दस्तखत करके 26 लोगों के नाम काटने के लिए फार्म-7 जमा किए गए हैं। इस पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि हालांकि उन्होंने पता किया तो पता चला कि ऐसा कुछ नहीं हैं। लेकिन फिर भी नंदलाल चाहे तो एफआईआर दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा उन्होंने सपा द्वारा लगाए आरोपों के भी एक-एक कर जवाब दिए।

# फर्जी हस्ताक्षर कर काटे जा रहे पीडीए मतदाताओं के नाम : सपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से की मुलाकात

**अमृत विचार:** सपा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से कहा कि एसआईआर के तहत फार्म-7 पर फर्जी हस्ताक्षर करके पीडीए मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं। भाजपा के कार्यकर्ता बीएलओ पर पीडीए मतदाताओं के नाम काटने का दबाव बना रहे हैं। यदि नाम काटने की गड़बड़ी नहीं थमी तो सपा बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आरोपों की निष्पक्ष जांच कर उचित कदम उठाने का भरोसा दिलाया।

समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को लखनऊ में प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा से मिला। इस दौरान सपा नेताओं ने ज्ञापन सौंपते हुए एसआईआर में कई खामियां गिनाईं। बताया कि सुल्तानपुर सदर के पोलिंग बूथ 87 पर फार्म-7 पर निरक्षर नंदलाल का फर्जी हस्ताक्षर बनाकर पीडीए मतदाताओं के नाम काटने के लिए 26 फार्म जमा किए गए हैं। इसी तरह उन्होंने सिकंदरपुर, जसवंतनगर, सरोजनी नगर, अयोध्या, सकलडीहा, विधूना और नगीना विधान सभा क्षेत्र में भी गलत तरीके से पीडीए मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से गलत तरीके से काटने के आरोप लगाए।

**डिजिटलीकरण** प्रदेश सरकार की बड़ी पहल, 'ज्ञान भारतम मिशन' के तहत संरक्षण को नई दिशा


# सभी जिलों में पांडुलिपि संरक्षण के आदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीडीओ नोडल अधिकारी नामित मूल संग्रहकर्ता के पास ही रहेगा स्वामित्व
- डिजिटल प्रकाशन से विश्व पटल पर होगी प्रस्तुति

**अमृत विचार:** भारतीय ज्ञान परंपरा और बौद्धिक विरासत को सहेजने की दिशा में योगी सरकार ने एक अहम कदम उठाया है। 'ज्ञान भारतम मिशन' के अंतर्गत प्रदेश में उपलब्ध पांडुलिपियों और दुर्लभ ग्रंथों के वैज्ञानिक संरक्षण, डिजिटलीकरण और अभिलेखीकरण की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इसके लिए सभी जिलों में पांडुलिपियों को चिन्हित कर संग्रहित करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रत्येक जिले में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। उद्देश्य यह है कि सदियों पुरानी ज्ञान-विरासत को सुरक्षित रखते हुए उसे शोधार्थियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों के लिए सुलभ बनाया जा सके। गोरखपुर के उप निदेशक संस्कृति यशवंत सिंह राठौर के अनुसार, मिशन के तहत सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों, मठों, मंदिरों, शैक्षणिक संस्थानों, निजी व सार्वजनिक पुस्तकालयों तथा व्यक्तियों के पास उपलब्ध पांडुलिपियों, हस्तलिखित ग्रंथों, ताड़पत्रों, भोजपत्रों और अन्य ऐतिहासिक दस्तावेजों की पहचान और सर्वेक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 75 वर्ष से अधिक प्राचीन हस्तलिखित ग्रंथों को प्राथमिकता दी जाएगी। जिला स्तर पर तैयार सूची संस्कृति विभाग के माध्यम से राजकीय अभिलेखागार को भेजी जाएगी, जहां उच्च गुणवत्ता की स्कैनिंग कर इन्हें डिजिटल स्वरूप दिया जाएगा। डिजिटलीकरण के बाद यह सामग्री ज्ञान भारतम पोर्टल के जरिए आमजन को उपलब्ध होगी। इस मिशन की खास बात यह है कि पांडुलिपियों का स्वामित्व संबंधित संग्रहकर्ता या संस्था के पास ही रहेगा। सरकार केवल उनके संरक्षण और डिजिटल प्रकाशन का कार्य करेगी। लंबे समय से रखरखाव के अभाव में नष्ट होने की कगार पर खड़े अनेक दुर्लभ ग्रंथों के लिए यह अभियान संजीवनी साबित होगा।



# चाइनीज मांझे के खिलाफ शासनादेश ही पर्याप्त नहीं

## हाईकोर्ट का सरकार को निर्देश, कानून बनाकर खरीद-बिक्री पर लगाएं रोक

विधि संवाददाता, लखनऊ

- बेंच ने कहा, यही स्थिति रही तो हम पीड़ितों को मुआवजा देने का दे सकते आदेश

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने चाइनीज मांझा कहे जाने वाले लेड-कोटेड व नायलॉन मांझों की खरीद-बिक्री व इस्तेमाल रोकने को लेकर सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने कहा है कि इस पर पूर्ण प्रतिबंध के लिए सिर्फ शासनादेश जारी कर देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि कानूनी प्रावधान बनाकर इसे रोकना होगा। कोर्ट ने राज्य सरकार को चेतावनी भी दी है कि यदि तथाकथित चाइनीज मांझों की बिक्री और इस्तेमाल जारी रहा तो हम पीड़ितों को सरकार द्वारा मुआवजा देने का आदेश देने को मजबूर होंगे। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 11 मार्च की तिथि नियत करते हुए सरकार को जवाबी हलफ़नामा दाखिल करने का आदेश दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति एके चौधरी की खंडपीठ ने स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की जनहित याचिका पर पारित किया। मामले की सुनवाई के दौरान याची ने कोर्ट को बताया कि फरवरी महीने में लगभग दस लोग ऐसे मांझों से घायल हुए या उनकी मृत्यु हो गई। याचिका पर जवाब देते हुए राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि नौ और दस अक्टूबर को शासनादेश जारी करते हुए, मांझों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया जा चुका है। यह भी कहा गया कि ये सिंथेटिक मांझे हैं, जिन्हें 'चाइनीज मांझा' गलत नाम दे दिया गया है, इससे ऐसा लगता है कि ये मांझे चीन से आयात होकर यहां आते हैं जबकि ऐसा नहीं है।

### कोर्ट ने की तल्ख टिप्पणी

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि जब भी ऐसे मांझे से गंभीर चोटें या मृत्यु की घटनाएं घटित होती हैं। वे मीडिया की सुर्खियां बनती हैं, तभी अधिकारी सक्रिय होते हैं। जबकि आवश्यक है कि ऐसे मांझे के निर्माण, विक्रय और उपयोग की रोकथाम के लिए एक स्थायी तंत्र स्थापित किया जाए। जिसमें नियमित और निरंतर निगरानी की व्यवस्था हो। साथ ही इस पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा इसमें संलिप्त व्यक्तियों को उनके कृत्यों के लिए उत्तरदायी ठहराने के लिए विधि में उपयुक्त एवं कठोर प्रावधान किया जाए। कोर्ट ने मामले में नया शपथ पत्र दाखिल कर यह बताने को कहा कि ऐसे मांझे के निर्माण, विक्रय एवं उपयोग की रोकथाम के लिए कैसे विधिक प्रावधान लागू करने का सरकार का प्रस्ताव है।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# पहले दिन सुर्सी में पकड़ा गया छद्म परीक्षार्थी

## ऊमरपुर में कॉपी लेकर भागा, लाल बहादुर इंटर कॉलेज व सुर्सी में आंतरिक सचल दल ने की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


माया देवी इंटर कॉलेज के गेट पर सीटिंग प्लान देखते परीक्षार्थी। अमृत विचार


केके इंटर कॉलेज में निरीक्षण करते डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व एसपी विनोद कुमार।

**अमृत विचार।** जिले के 96 केंद्रों पर यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुरू हो गईं। पहले दिन दोपहर की पाली में इंटर के हिन्दी के पेपर में छद्म (फर्जी) परीक्षार्थी पकड़ा गया। उसके खिलाफ ठठिया थाना में रिपोर्ट दर्ज कराने की तैयारी चल रही है। दूसरी ओर ऊमरपुर में सुबह की पाली में परीक्षार्थी उत्तरपुस्तिका लेकर भाग गया। बाद में उसे पकड़कर कॉपी जमा करा ली गई।

डीआईओएस कार्यालय के मुताबिक बुधवार को सुबह पहली पाली में हाईस्कूल में हिन्दी की परीक्षा हुई। तालग्राम क्षेत्र के ऊमरपुर स्थित राधेश्याम इंटर कॉलेज में सुबह एक परीक्षार्थी परीक्षा के बाद उत्तरपुस्तिका लेकर बाहर आ गया। जब कॉपियों की गिनती हुई तो हकीकत पता चली। इसके बाद जिम्मेदार परेशान हो गए। बताया जा रहा है कि इस कक्ष में शिक्षक सत्यजीत अवस्थी व खुर्शीद ताजी की ड्यूटी थी। परीक्षार्थी ब्रजभूषण हजेला इंटर कॉलेज का बताया जा रहा है। काफी मशक्कत के बाद किसी तरह उत्तरपुस्तिका बरामद हुई। केंद्र व्यवस्थापक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि कक्ष निरीक्षकों की लापरवाही के चलते परीक्षार्थी उत्तरपुस्तिका लेकर बाहर चला गया था। दोनों को हटाने की संस्तुति की गई है। स्टेटिक मजिस्ट्रेट आशीष कुमार का तर्क है परीक्षार्थी उत्तर पुस्तिका लेकर केंद्र से बाहर गया लेकिन बाद में उसे पकड़ लिया गया और कॉपी जमा करा ली गई। इसकी रिपोर्ट अधिकारियों को भेज दी गई है। कॉपी की फोटो वायरल हो रही है। मामले की जानकारी होने पर डीआईओएस पप्पू सरोज मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि इस मामले में केंद्र व्यवस्थापक को हटा दिया गया है। दूसरे की तैनाती की जा रही है। साथ ही दोनों कक्ष निरीक्षकों को भी ड्यूटी से हटा दिया गया है। डीआईओएस ने बताया कि सुर्सी स्थित लाल बहादुर इंटर कॉलेज केंद्र पर छद्म परीक्षार्थी पकड़ा गया। वह दोपहर को इंटरमीडिएट की परीक्षा दे रहा था। आरोपी के खिलाफ जो भी कार्रवाई होनी है वह की जा रही है।

- डीआईओएस पहुंचे परीक्षा केंद्र केंद्र व्यवस्थापक बदला व हटाए दोनों कक्ष निरीक्षक
- सुबह हाईस्कूल में 1802 व दोपहर को इंटरमीडिएट के 2407 परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर

### हिन्दी में 4209 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे

**कन्नौज।** पहले दिन सुबह हाईस्कूल में 25,081 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसके सापेक्ष 23,279 उपस्थित रहे। 1802 छात्र-छात्राओं ने इम्तिहान छोड़ दिया। इसी तरह दूसरी पाली में इंटरमीडिएट में हिन्दी में पंजीकृत 22,479 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 20,072 ने परीक्षा दी और 2407 अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों में कुल 4209 परीक्षार्थी शामिल नहीं हुए।

### परीक्षा के दौरान इन्होंने देखे इंतजाम

**कन्नौज।** एडीएम देवेंद्र सिंह ने डीआईओएस कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। दूसरी ओर संयुक्त शिक्षा निदेशक राजेश वर्मा ने छिबरामऊ व ठठिया इलाके के कुछ परीक्षा केंद्रों की हकीकत परखी। दूसरी ओर डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं एसपी विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से शहर स्थित परीक्षा केंद्र केके इंटर कॉलेज एवं मुस्लिम मोहम्मदिया इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। तैनात पुलिस बल, सीसीटीवी व्यवस्था, प्रवेश द्वार पर चेकिंग, परीक्षार्थियों की पहचान सत्यापन, कक्ष निरीक्षकों की उपस्थिति को देखा। तिर्वा संवाददाता के मुताबिक : एसडीएम राजेश कुमार व सीओ कुलवीर सिंह ने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से दो छात्राओं समेत तीन घायल

**सौरिख, कन्नौज।** हाईस्कूल का पेपर देकर बाइक पर बैठ कर लौट रहीं छात्राओं की बाइक में अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे दो छात्राओं सहित एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

- परीक्षा देकर लौटते समय हुई हादसे का शिकार

जनपद मैनपुरी के थाना बेवर के गांव बरुआ सबलपुर निवासी दिनेश पुत्र प्रेमचंद (30) अपनी रिश्तेदारी छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के जरारा गांव आए थे। बुधवार की सुबह छात्राओं तनु व शिवानी पुत्रियां जवाहरलाल को पेपर दिलाने बाइक से सौरिख आए थे। दोपहर 12 बजे पेपर के बाद वापस जरारा गांव जा रहे थे।

बाइक राजापुर बंबा के पास पहुंची थी कि तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायल तनु व दिनेश को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### दो वर्षीय मासूम की हौद में गिरने से गई जान

**छिबरामऊ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नगला महुआ में एक मवेशियों को पानी पिलाने के लिए बनाए गए हौद में गिरने से 2 वर्षीय बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। कुलदीप कुमार ने बताया कि उनके घर के बाहर मवेशियों को पानी पिलाने के लिए एक हौद (गड्ढा) बनवाया हुआ था, जिसमें सबमर्सिबल पंप से पानी भरा जाता है। मंगलवार शाम को उनकी बेटी शिवन्या खेलते-खेलते हौद में गिर गई। परिजनों को जानकारी हुई तो तुरंत बच्ची को बाहर निकाला और उसे सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### सफाईकर्मियों ने होली से पहले मांगा वेतन

**कन्नौज।** उ.प्र. ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ ने द्वितीय एसीपी एरियर व होली से पहले फरवरी का वेतन भुगतान करने की मांग रखी है। बुधवार को डीएम को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट नवनीता राय को दिया गया। इसमें कहा गया है कि उच्च स्तर के मौखिक व लिखित आदेशों की अवहेलना की जाती है। जब भी भुगतान की बात होती है तो टाल-मटोल की जाती है। धन उगाही करने का भी आरोप लगाया गया है। जिलाध्यक्ष दीपक ने बताया कि संघ की ओर से नौ माह पहले से बकाया मांगा जा रहा है। इसको लेकर कई बार ज्ञापन भी दिए सुनवाई नहीं हुई। इस मौके पर जिला महामंत्री धर्मवीर वाल्मीकि व विजय आदि मौजूद रहे।

### छह हिस्ट्रीशीटरों का रिकॉर्ड नष्ट कराया

**तिर्वा।** संगीन अपराधों में लिप्त छह अपराधियों जय सिंह निवासी हरचंदापुर, अर्जुन गिहार निवासी बौद्ध नगर, राजवीर उर्फ अनिल निवासी मनी पुरवा, समर बहादुर निवासी पुरसा, राजबहादुर उर्फ बहादुर निवासी कुलिया किराया तथा विवेक निवासी बलनपुर की मृत्यु हो जाने से सी ओ कुलवीर सिंह की मौजूदगी में इनका रिकॉर्ड जलाकर नष्ट किया गया।



जॉब ब्रीफिंग प्रेजेंटेशन में साक्षात्कार देते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## एमएम आईटी में हुआ जॉब ब्रीफिंग प्रेजेंटेशन

**जलालाबाद, कन्नौज।** जॉब ब्रीफिंग प्रेजेंटेशन में साक्षात्कार किया गया और छात्र-छात्राओं को सालाना पैकेज का ऑफर का लेटर प्रदान किया गया। बुधवार को एमएम आईटी अनौगी में कृष्णा मारुति लिमिटेड कंपनी के द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें जनपद सहित कई अन्य जनपदों लखनऊ, कानपुर, फर्रुखाबाद आदि के प्रतिभागी रहे। एचआर माधव पंडित व प्रशांत कुशवाहा ने कंपनी प्रोफाइल व जॉब ब्रीफिंग प्रेजेंटेशन के बाद दो फाइनल में साक्षात्कार लया। इसमें 146 छात्राओं को 2.30 लाख सालाना पैकेज का ऑफर का लेटर प्रदान किया गया। संस्था के प्रधानाचार्य एसके वर्मा प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. आरएस कमल ने आए हुए सभी छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान अंशु निगम, अभिषेक वर्मा, सत्यम वर्मा, मारिया, नीरज कुमार, डॉ. उदय सिंह, गौरव सिंह, चंद्रशेखर, राजीव कुमार, अमरनाथ, संजय कुमार, मनीष पाल, अरुण दीक्षित मौजूद रहे।

## गांवों में जन्म के बाद मर रहे बकरी के बच्चे

**कन्नौज।** कृषि भवन के सभागार में किसान दिवस मनाया गया। किसान यूनियन के उपाध्यक्ष दिनेश यादव ने आलू भंडारण के किराए को कम करने की मांग रखी। साथ ही डीएचओ सीपी अवस्थी को ज्ञापन सौंपा। खाद की समस्या भी बताई। ग्राम मोचीपुर निवासी कृषक अखिलेश कुमार आदि ने बकरी के बच्चों के जन्म के बाद मृत्यु की समस्या उठाई।

बुधवार को किसान दिवस की अध्यक्षता करते हुए सीडीओ रामकृपाल चौधरी ने उप सीवीओ सारिका मल्ल को निर्देश दिए कि जहां बकरी के बच्चों के मरने की समस्या है उन ग्रामों का सत्यापन कर उपचार एवं निराकरण कराया जाए। डीडी कृषि संतोष कुमार ने विभागीय योजनाओं एवं अनुदानों का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य रूप से कराने की अपील की। अपर जिला सहकारी अधिकारी राम निवास राना ने बताया कि जनपद में 48 सहकारी समितियां संचालित हैं।

# सीएम कार्यालय से सख्ती, जनता दर्शन की ऑनलाइन निगरानी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


जनता दर्शन में सुनवाई करते जिलाधिकारी व सीएम दफ्तर से होती ऑनलाइन निगरानी।

**अमृत विचार।** आगामी चुनावी वर्ष को लेकर प्रदेश सरकार अतिरिक्त सतर्क हो गई है। इसी क्रम में नौकरशाह जनता की शिकायतों को गंभीरता से सुन व निपटा रहे हैं पर निगरानी की व्यवस्था लागू कर दी गई है। पहले दिन ही आलाधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री कार्यालय से ऑनलाइन जोड़ा गया। पूरे दो घंटे तक सीधी निगरानी होती रही। दोपहर 12 बजे के बाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग समाप्त हो गई।

बता दें कि शासन की ओर से स्पष्ट निर्देश हैं कि संबंधित जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक के अलावा सभी जिलास्तरीय अधिकारी अपने कार्यालयों में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आवश्यक रूप से बैठकर जनता की समस्याओं को सुनकर निराकरण कराएंगे। इस व्यवस्था के तहत जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार समेत तकरीबन सभी अधिकारी प्रतिदिन सुबह दो घंटे जनसुनवाई करते हैं। बुधवार को जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक सुबह पौने 10 बजे से ही मुख्यमंत्री कार्यालय से ऑनलाइन जुड़ गए। इसके बाद दो घंटे की जनसुनवाई पर लगातार सचिव स्तर से निगरानी की जाती रही। उल्लेखनीय है कि 2027 में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं तो तीसरी बार सरकार बनाने को लेकर भाजपा की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है। माना जा रहा है कि जनता की नजर में चढ़ने के लिए सरकार कोई चूक नहीं करना चाहती है।

- प्रदेश भर के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक जुड़े, सचिव स्तर से रखी जाएगी नजर

# आरटीई के पहले चरण में 322 बच्चों को आवंटित हुए विद्यालय

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज




**अमृत विचार।** निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 के पहले चरण की ऑनलाइन लॉटरी बुधवार को निकाली गई। कुल 495 आवेदन आए। 431 स्वीकृत किए गए और 64 अस्वीकृत हुए। 322 बच्चों को स्कूल आवंटित किए गए। 109 बच्चों को विद्यालय नहीं मिल सके।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि आरटीई के तहत निजी/ कॉन्वेंट विद्यालयों में 25 फीसदी सीटों पर अलाभित व दुर्बल वर्ग के बच्चों को फ्री पढ़ाई व प्रवेश का लाभ मिलता है। यह सुविधा नर्सरी से लेकर कक्षा आठ तक दी जाती है। शैक्षिक सत्र 2026-27 में पहले चरण के आवेदन 02 से 16 फरवरी तक हुए। जो आवेदन आए उनकी लॉटरी निकाली गई। स्वीकृत आवेदन के सापेक्ष लॉटरी में 322 बच्चों को विद्यालय आवंटित हुए। बताया जा रहा है कि 20 फरवरी तक विद्यालयों में नामांकन के लिए आदेश निर्गत किया जाएगा। 21 फरवरी से 07 मार्च तक दूसरे चरण के लिए आवेदन होंगे। अंतिम व तीसरा चरण 12 से 25 मार्च तक चलेगा। बीएसए ने बताया कि इस बार पहले ही चरण में रिकार्ड आवेदन आए हैं। सभी जरूरतमंदों को विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जाएगा। संख्या और बढ़ाने के लिए बीईओ को लक्ष्य दिया जाएगा। जो स्कूल संचालक कक्षाएं या सीट संख्या छिपाए हैं उनको नोटिस जारी किया जाएगा।

- पहले चरण में 64 आवेदन हुए अस्वीकृत

## बार एसो. के चुनाव में जितेंद्र अध्यक्ष, पंकज महासचिव बने

संवाददाता, छिबरामऊ

**अमृत विचार।** छिबरामऊ बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के परिणाम मंगलवार देर शाम घोषित हुए। मतगणना 11 चक्रों तक चली, जिसमें जितेंद्र श्रीवास्तव (जीतू) ने अध्यक्ष पद पर 21 वोटों से जीत हासिल की, वहीं पंकज मिश्रा ने महासचिव पद पर भारी अंतर 134 वोटों से विजय प्राप्त की। दोनों नवनिर्वाचितों का स्वागत किया।

मतगणना की प्रक्रिया सुबह 10 बजे मुख्य निर्वाचन अधिकारी रामचंद्र यादव, निर्वाचन अधिकारी एसएमए रिजवी, राकेश दुबे, सहायक निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार सिंह राठौर एवं दफेदार की देखरेख में शुरू हुई। कुल 8 पदों पर 34 प्रत्याशी मैदान में थे। अध्यक्ष पद पर जितेंद्र श्रीवास्तव और शिवनाथ सिंह यादव के बीच कांटे की टक्कर रही। अंतिम गणना में जितेंद्र को 193 वोट मिले, जबकि शिवनाथ सिंह यादव को 172 वोट प्राप्त हुए। महासचिव पद पर पंकज मिश्रा ने 134 वोटों से जीत हासिल की। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर संजीव कुमार दुबे, उपाध्यक्ष प्रथम पद पर दिनेश चंद्र यादव, संयुक्त सचिव (प्रशासन) नरेंद्र सिंह शाक्य, संयुक्त सचिव (प्रसारण) अमित कुमार राजपूत, कोषाध्यक्ष अंजू पटेल को चुना गया। प्रशासनिक सदस्य (कनिष्ठ) पद पर वेदमती, सचिन बौद्ध, ललित दुबे चुने गए।

## रसूलपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक पर गिर सकती है कार्रवाई की गाज

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** विकास खंड तालग्राम क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर में मिड-डे-मील योजना के तहत बच्चों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता ठीक नहीं मिली। दाल कम व पानी अधिक होने की शिकायत मिलने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप सिंह ने प्रकरण की जांच बीईओ से कराई। बीईओ के निरीक्षण में प्रभारी प्रधानाध्यापक भी नहीं मिले। उनके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है।

बीएसए ने बताया कि स्कूल में कार्यरत प्रभारी प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार निरीक्षण के समय अनुपस्थित मिले। गगन (अनुचर) उपस्थित थे। सहायक अध्यापक रेनू बाला 26 जनवरी से 25 फरवरी तक बाल्यकाल देखभाल अवकाश पर हैं। निरीक्षण के समय कक्षा 06 में 05, कक्षा 07 में 04 व 08 में 02 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। तीनों कक्षाओं में 50 विद्यार्थी पंजीकृत हैं उसके सापेक्ष 11 छात्र उपस्थित पाए गए। बीते तीन दिनों में उपस्थिति 16, 15 एवं 14 मिली जिसमें गिरावट हो रही है। बच्चों ने बताया कि सोमवार को फल एवं दूध का वितरण किया जाता है, लेकिन इसके संबंध में अभिलेख या फोटो प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक पूर्व दिवस में भी अनुपस्थित थे। निरीक्षण के समय भी वह विद्यालय में उपस्थित नहीं मिले, जबकि उपस्थिति रजिस्टर में उनके हस्ताक्षर थे। मिड-डे-मील पंजिका में 09 सितंबर के बाद से कोई प्रविष्टि अंकित नहीं की गई है। बीएसए ने बताया कि प्रभारी प्रधानाध्यापक विद्यालय संचालन एवं मिड-डे-मील योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही बरत रहे हैं। छात्र उपस्थिति मात्र 22 प्रतिशत रह गई है, जो विभागीय दायित्वों के प्रति शिथिलता का प्रमाण है।

- बीईओ के निरीक्षण में प्रभारी नहीं मिले, मिड-डे मील की गुणवत्ता खराब होने का मामला

बयां किया दर्द | डीएम ने तत्काल खुद की कार से भेजा जिला अस्पताल

# शिकायत लेकर आई महिला डीएम के समक्ष बेहोश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


शिकायत करते समय डीएम के सामने ही बेहोश हुई महिला। अमृत विचार

**अमृत विचार।** डीएम से फरियाद करने पहुंची महिला की उनके सामने ही बेहोश हो गई। इस पर उन्होंने तत्काल उसे अपनी गाड़ी से जिला अस्पताल भिजवाया। इसके बाद पुत्रों से शिकायत सुनी।

ठठिया थाना क्षेत्र के गांव नारायनपुर्वा निवासी उर्मिला देवी अंबेडकर अपने दो पुत्रों के साथ बुधवार को डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री से फरियाद करने पहुंची थी। शिकायत करते समय वह कुर्सी पर ही बेहोश हो गई। इससे अफरातफरी मच गई। जिलाधिकारी ने तत्काल पानी पिलवाया और फिर व्हीलचेयर मंगाकर अपनी कार से अस्पताल भिजवाया। बेटों में मां के दिमागी रूप से बीमार होने व इलाज चलने की बात कही। मां के साथ पहुंचे विजय प्रताप सिंह अंबेडकर पुत्र बीरेंद्र ने प्रार्थना पत्र दिया। इसमें बताया कि 27 मार्च 2023 को उसके मकान में चोरी हो गई थी। वे सभी मां को दवा दिलाने कानपुर गए थे। उसी दौरान दलेलपुर थाना ठठिया निवासी व खेडा कुर्सी थाना ककवन कानपुर देहात के नामजद लोगों ने अलमारी में रखे करीब 30 लाख रुपये के जेवरात व 270500 रुपये चोरी कर लिए थे। यह सब हो गया लेकिन अलमारी का ताला बंद ही रहा। शिकायत पुलिस ने एक आरोपी बिपिन को पकड़ा था। आरोपी ने चोरी किये आभूषण रसूलाबाद में एक सर्राफ के यहां 40 हजार जबकु कुछ तिर्वा में 125000 रुपये में गिरवी रखने तथा बचे जेवर अपने पास होने की बात कही थी। आरोपी के बताने पर ठठिया थाने की चौकी सिमरिया पुलिस ने आरोपी को लेकर सर्राफ की दुकान पर ले गई पर दुकान बंद हो चुकी थी। इससे उसे थाने में बैठाया गया। तत्कालीन सीओ शिव प्रताप सिंह ने मामले को दबा दिया। आरोपी का 151 में चालान कर दिया। आरोपी की ओर से लिखा गया पत्र पास आज भी है। जिस में उसने जुर्मकबूल किया है। जिलाधिकारी ने पुलिस उच्चाधिकारी को कार्रवाई के लिए संस्तुति की है।

- डीएम ने पुलिस उच्चाधिकारी को कार्रवाई के लिए संस्तुति की

## 15वें वित्त में 20 करोड़ से अधिक से होंगे निकायों में विकास कार्य

**कन्नौज।** जिले के नगरीय निकायों में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत 20 करोड़ 99 लाख 3 हजार 44 रुपये से विकास कार्य कराए जाएंगे। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने नगर निकायों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों की विस्तृत समीक्षा की। इसमें शहर समेत पांच निकायों के विकास कार्यों पर विचार-विमर्श किया। जिलाधिकारी ने बताया कि नगर पालिका कन्नौज में 8 करोड़ 17 लाख 366 रुपये की धनराशि से विभिन्न विकास कार्य कराए जाएंगे। नगर पालिका गुरसहायगंज में 4 करोड़ 17 लाख 99 हजार 506 रुपये, नगर पंचायत समधन में 2 करोड़ 54 लाख 71 हजार 118 रुपये, नगर पंचायत तिर्वा में 1 करोड़ 91 लाख 32 हजार 548 रुपये से मार्ग प्रकाश, निर्माण कार्य, संबंधी प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई।



विजेता टीम को ट्राफी देते कार्यक्रम के आयोजक अनिल सिंह। अमृत विचार

## नाइट प्रीमियर क्रिकेट लीग में सौरिख की टीम विजेता

**सौरिख, कन्नौज।** बेहटा रामपुर नाइट प्रीमियर लीग में सौरिख की ''स्टार 11'' टीम चैंपियन बनी। टीम ने फाइनल में छिबरामऊ को 67 रनों से रौंदकर विजेता ट्रॉफी कब्जाई। बेहटा रामपुर में क्रिकेट टूर्नामेंट नाइट प्रीमियर लीग 2026 का फाइनल मुकाबला मंगलवार को हुआ। खिताबी भिड़ंत में टॉस जीत कर सौरिख की स्टार 11 टीम की ओर से शुरुआत करने आए मोहित यादव ने 27 गेंदों में 60 रन नाबाद बनाए। टीम ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 141 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। 142 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छिबरामऊ श्री जी क्लब की टीम 11 ओवर में मात्र 74 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मोहित यादव को दिया गया। विजेता टीम स्टार 11 को 25,000 रुपये नकद, विशाल ट्रॉफी और आकर्षक उपहार दिए गए। उपविजेता श्री जी क्लब छिबरामऊ को 11,000 रुपये नकद और कई आकर्षक उपहार प्रदान किए गए। टूर्नामेंट के मुख्य आयोजक अमन ठाकुर और अजय ठाकुर ने बताया कि इस ''नाइट प्रीमियर लीग'' का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना था।

## मार्ग दुर्घटना में ठठिया के युवक की मौत, साथी घायल

**कन्नौज।** अरौल में हुई दुर्घटना में ठठिया के युवक की मौत हो गई। साथी गंभीर रुप से घायल हो गया। ठठिया कस्बा निवासी सौरभ (23)पुत्र अनूप अपने साथी आकाश (20)पुत्र राम विलास के साथ बिल्हौर गये थे। मंगलवार की देर शाम करीब 10 बजे एक ही बाइक से लौट रहे थे। उनकी बाइक अरौल, कानपुर नगर थाना क्षेत्र के गांव भिलाई के सामने पहुंची तभी दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

सौरभ की मौके पर ही मौत हो गई जबकि साथी आकाश को गंभीर हालत में हैलट कानपुर में भर्ती कराया गया। पुलिस ने सौरभ के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे कैसे हुआ अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## न्यूज ब्रीफ

### बंदरों के डर से छत से गिरकर वृद्धा घायल

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज स्थित याकूतगंज में एक बुजुर्ग महिला बंदरों के डर से छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। 80 वर्षीय सिया देवी को तत्काल कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। कमालगंज सीएचसी के डॉक्टर मानसिंह वर्मा ने बताया कि महिला को सिर में गंभीर चोट लगी है।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, फायरिंग

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बांसमई में मंगलवार रात पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते यह विवाद इतना बढ़ गया कि गाली-गलौज के बाद अचानक फायरिंग शुरू हो गई। गोलियों की आवाज सुनकर पूरे गांव में दहशत फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस के आने की भनक लगते ही आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने गांव में छानबीन की, लेकिन कोई आरोपी पकड़ में नहीं आया। फिलहाल गांव में तनावपूर्ण शांति है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची थी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कोई फरार नहीं हुआ है और मामले की जांच की जा रही है।

### व्यापार मंडल की समीक्षा बैठक 19 को

**फर्रुखाबाद।** व्यापारिक गतिविधियों और संगठनात्मक मजबूती को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल (मिश्रा गुट) की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक 19 फरवरी को आयोजित की जाएगी। बैठक दोपहर बाद तीन बजे नेहरू रोड स्थित सिद्ध विनायक ज्वैलर्स के सभागार में संपन्न होगी। बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रदेश महामंत्री एवं व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य राजेंद्र गुप्ता करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश, मंडल और युवा प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों के साथ-साथ जिला एवं नगर इकाइयों के पदाधिकारियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। सूत्रों के अनुसार बैठक में संगठन विस्तार, व्यापारियों की समस्याओं, कर प्रणाली, बाजार व्यवस्था और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की जाएगी। साथ ही व्यापारियों से जुड़े लंबित मुद्दों पर सरकार और प्रशासन के समक्ष प्रभावी ढंग से पक्ष रखने की रणनीति भी तय की जाएगी।

### शृंगीरामपुर में गंगा स्नान को आया युवक लापता

**फर्रुखाबाद।** सिकन्दरपुर कस्बे के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी कल्लू शर्मा 14 फरवरी को कमालगंज थाना क्षेत्र के शृंगीरामपुर में गांव के लोगों के साथ ट्रैक्टर से गंगा स्नान के लिए गए थे। स्नान के बाद वापस लौटते समय वह लापता हो गए। दो दिन बीत जाने के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिल सका है। परिजनों के अनुसार, कल्लू शर्मा न तो सुन सकते हैं और न ही बोल सकते हैं, जिससे उनकी तलाश और अधिक चुनौतीपूर्ण हो गई है। परिवार के लोग रिश्तेदारों और आसपास के गांवों में लगातार उनकी खोजबीन कर रहे हैं। कमालगंज थाना अध्यक्ष अवध नारायण पांडे ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी मिली है, तहरीर के बाद जांच की जाएगी।

# पहले दिन 1,570 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

## उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षाएं जिले के 79 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुईं

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा बुधवार को जनपद के 79 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा और सभी केंद्रों पर निगरानी रखी गई।

जानकारी के अनुसार बुधवार को आयोजित परीक्षा में कुल 24,694 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 23,124 छात्र-छात्राओं ने उपस्थित रहकर परीक्षा दी। वहीं 1,570 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे और परीक्षा में शामिल नहीं हुए। परीक्षा की प्रथम पाली सुबह 8.30 बजे से शुरू होकर 11:45 बजे समाप्त हुई। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की सघन तलाशी के बाद ही प्रवेश दिया गया। केंद्रों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की गई।

दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होकर सायं 5:15 बजे समाप्त हुई। प्रशासन द्वारा निर्देशित किया गया है कि परीक्षा को नकलविहीन एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया जाए। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144 के प्रावधानों का भी पालन कराया जा रहा है, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

### एडीएम व एएसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, कक्ष निरीक्षकों की उपस्थिति तथा परीक्षा कक्षों में बैठने की व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। अधिकारियों ने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार ने केंद्रों पर तैनात पुलिस बल को निर्देश दिए कि परीक्षा अवधि में शांति व्यवस्था बनाए रखें।



परीक्षा केंद्र के बाहर लाइन में लगे हाईस्कूल के छात्र। अमृत विचार

# प्रधानों, सचिवों को दिलाई गई सड़क सुरक्षा की शपथ



प्रधानों व सचिवों को शपथ दिलाते एआरटीओ व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** बुधवार को एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत एवं खण्ड विकासं अधिकारी राजेपुर श्री सुनील कुमार जायसवाल द्वारा ब्लॉक राजेपुर में ग्राम प्रधानों तथा पंचायत सचिव को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। बैठक में 58 ग्राम प्रधानों तथा पंचायत सचिव द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में उपस्थित सभी ग्राम प्रधानों से अनुरोध किया गया कि वह अपने ग्राम में सड़क सुरक्षा की बैठक आहुत करें तथा सभी ग्रामीणों प्रेरित करें कि किसी भी स्थिति में यात्री वाहनों में ओवरलोडिंग न करें, वाहन के प्रपत्र पूर्ण रखें, नशे की स्थिति में वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, अपनी गति को नियंत्रण में रखें तथा यातायात नियमों का पालन करें।

## कैदी के फांसी लगाने के मामले में बंदीरक्षक पर गिरी गाज

**फर्रुखाबाद।** केंद्रीय कारागार में कैदी के फांसी लगाने के मामले में विभागीय लापरवाही सामने आने के बाद बंदी रक्षक को निलंबित कर दिया गया है।

थाना मेरापुर के ग्राम सिलसिंडा निवासी 39 वर्षीय प्रभाकर उर्फ प्रभात पुत्र रामकुमार राजपूत को नाबालिग से दुष्कर्म में आजीवन कारावास की सजा फरवरी 2024 को दी गयी थी, 24 मार्च 2024 को बंदी प्रभात सेंट्रल जेल में निरुद्ध किया गया था। प्रभात की दरी कारखाने में दरी बनाने में डियूटी लगा दी गई, उसी दौरान 13 फरवरी दोपहर लगभग 3.15 बजे बंदी प्रभात ने दरी कारखाने के निकट पुराने भवन में लोहे की राड में गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी, मामले में विभागीय जांच में बंदी रक्षक वीरेंद्र अविनाशी को सस्पेंड किया गया है। सेन्ट्रल जेल के वरिष्ठ अधीक्षक आशीष तिवारी ने बताया की बंदी प्रभात ने फांसी लगाने के मामले में लापरवाही पाये जाने पर बंदी रक्षक वीरेंद्र को निलंबित किया गया है।

# स्वास्थ्य सेवओं के लिए व्यवहारिक दक्षता, निरंतर अभ्यास आवश्यक

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



प्रमाण पत्रों के साथ नर्सिंग छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

- दद्दूजी नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज में कार्यशाला का समापन

**अमृत विचार।** मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय के अधीन संचालित श्रीबाबू सिंह दद्दूजी नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज में नर्सिंग चैंप्स के सहयोग से आयोजित ट्रेनिंग हैंड्स, ट्रांसफॉर्मिंग लाइव्स विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का बुधवार को समापन हो गया। समापन समारोह में विद्यार्थियों के उत्साह, सीखने की लगन और व्यवहारिक दक्षता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से देखने को मिली। कार्यशाला के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को नर्सिंग चैंप्स द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जबकि विशेष दक्षता दिखाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

कार्यशाला के अंतिम दिन नर्सिंग चैंप्स के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ अशोक शर्मा ने प्रतिभागियों को आधुनिक नर्सिंग पद्धतियों, क्लीनिकल प्रोटोकॉल तथा पेशेवर कौशलों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यवहारिक दक्षता और निरंतर अभ्यास भी आवश्यक है। चैंप्स टीम के रंजीत मीणा और दिव्येश मकवाना ने लाइव डेमो के माध्यम से विभिन्न नर्सिंग तकनीकों का प्रदर्शन किया। समापन अवसर पर नर्सिंग की छात्राओं ने अपने अनुभव व विचार साझा किए शिक्षिका नेहा सिंह, हर्षिता सिंह ने कहा इस तरह के कार्यक्रम होने चाहिए। संकाय की डीन प्रो शेरीन पी एलेक्स ने नर्सिंग चैंप्स टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. मनीश शर्मा, भुवनेश यादव, आशीष कंसोटिया, हिमांशु, करिश्मा कटारे, शुभम, सुनील चेटीवाल, आशीष मिश्रा, गोल्डी, शिवा, प्रीती, आदि शिक्षकों सहित संकाय के सभी विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मनमोहन सिंह ने किया।

**निरीक्षण** | सीएमएस ने अनियमितताओं पर कर्मचारियों को लगाई फटकार

# देर से नाश्ता, बेडशीट बदलने में दिखी लापरवाही

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** लोहिया अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जगमोहन शर्मा ने बुधवार सुबह अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें मरीजों को नाश्ता देरी से बंटता मिला और बेड की चादरें भी समय पर नहीं बदली जा रही थीं। सीएमएस ने इस पर कड़ी नाराजगी जताई।

अस्पताल की ओपीडी सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलती है, जबकि इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध रहती हैं। मरीजों को सुबह नाश्ता दिया जाता है और बेड की चादरें भी नियमित रूप से बदली जाती हैं। सीएमएस ने इन व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए निरीक्षण किया था। निरीक्षण की शुरुआत में सीएमएस डॉ. शर्मा ओपीडी पहुंचे। उन्होंने पर्चा काउंटर और दवा काउंटर को खुला पाया। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद मरीजों से भी बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। इसके बाद सीएमएस सीधे इमरजेंसी वार्ड पहुंचे, जहां डॉ. दीपक तिवारी और फार्मासिस्ट मौजूद मिले। उन्होंने वार्ड में भर्ती मरीजों का हालचाल जाना और उन्हें मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।



मरीज से हालचाल पूछते सीएमएस डॉ.जगमोहन शर्मा। अमृत विचार

इमरजेंसी वार्ड में ही सीएमएस ने बेड पर चादरें बदलते हुए कर्मचारियों को देखा। उन्होंने कर्मचारियों से पूछा कि सुबह 8 बजे चादरें बदलने का समय होने के बावजूद 9 बजे क्यों बदली जा रही हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान नाश्ता भी देरी से बंटता मिला। सीएमएस ने इस पर भी सवाल उठाए और देरी का कारण पूछा। उन्होंने दूध और ब्रेड के पैकेट हाथ में लेकर उनकी गुणवत्ता भी जांची।

अंत में, सीएमएस ब्लड बैंक पहुंचे और रक्त की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि केवल 22 यूनिट रक्त मौजूद है। इस पर सीएमएस ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कम से कम 40 यूनिट रक्त उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने सीटी स्कैन के लिए बैठे एक मरीज से भी बातचीत कर जानकारी ली।



## कार्यालय अपर नगर मजिस्ट्रेट (सप्तम) / वन बन्दोबस्त अधिकारी, कानपुर नगर

पत्रांक 115/व0ब0अधि0/दिनॉक, कानपुर दिनांक: 16.02.2026

**भारतीय वन अधिनियम–1927 की धारा–6 के अन्तर्गत की गयी घोषणा–**

भारतीय वन अधिनियम–1927 की धारा–4 के अधीन उत्तर प्रदेश सरकार ने विज्ञप्ति संख्या 5882/14–2–4(22)–79 दिनांक 17.12.1979 द्वारा घोषित किया गया कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लिखित भूमि को आरक्षित वन के रूप में गठित करने का विनिश्चित किया गया है।

अतः भारतीय वन अधिनियम–1927 की धारा–6 की आवश्यकता को पूरा करने के लिये यह घोषित किया जाता है कि नीचे लिखी भूमि के आरक्षित वन बन जाने से यह परिणाम होगा कि वन विभाग की आज्ञा या अनुमति बिना नीचे लिखे को इस क्षेत्र में नहीं किये जा सकते :–

1– किसी भूमि पर अधिकार करना
2– आग लगाना, ले जाना या जलाना।
3– पशुओं को उन पर छोड़ना या चराना।
4– वृक्ष पातन (काटना) वृक्षों के पत्ते काटना, वृक्षों का चिरान करना, जलाना आदि या उनकी छाल उत्तारना।
5– पत्थर खोदना, चूना या कोयला जलाना आदि
6– भूमि तोड़ना या सफाई करके खेती योग्य बनाना।
7– अवैध शिकार करना, मछली मारना, पानी में जहर डालना।
8– हाथी मारना या पकड़ना आदि।

इन कार्यों के करने वाले व्यक्ति को भारतीय वन अधिनियम–1927 की धारा–26 (1) (ए) (जे) के अधीन दण्डित किया जा सकता है।

सर्व साधारण को यह भी सूचना दी जाती है कि जो व्यक्ति भारतीय वन अधिनियम–1927 की धारा 8 और 5 में वर्णित किसी अधिकार पर अपना दावा समझता है तो वन बन्दोबस्त अधिकारी कानपुर जिला कानपुर के सामने इस विज्ञप्ति की तारीख से 03 माह के अन्दर उपस्थित हो और अपना दावा प्रस्तुत करें या अपना दावा लिखित रूप में भेजें।

**अनुसूची**

| क्र0 सं0 | जिला | तहसील | ग्राम | प्लाट नं | क्षेत्रफल | | | सीमा विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | ब्लाक नं0– 1 | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | | | 8 |
| 1 | कानपुर नगर | बिल्हौर | रानीपुर | | बी0 | वि0 | वि0 | पूर्व–प्लाट नं0–757, 755, 1173, 1200, 1227 1199, 1198, 1197, 1205, 1212, 1214, 1215, 1216, 1217 तथा सरहद ग्राम मदराराय गुमान<br>पश्चिम–प्लाट नं0–684, 685, 678 का भाग, 692, 674, 677, 676, 679<br>उत्तर–प्लाट नं0–684, 683, 706, 682 का भाग 707, 708 का भाग, 709, 726, 727, 728, 724, 759<br>दक्षिण–सरहद ग्राम नदिहा खुर्द तथा प्लाट नं0–741, 743, 744 |
| 2 | | | | 678– मि0 | 6 | 12 | 2 | |
| 3 | | | | 680 | 4 | 2 | 0 | |
| 4 | | | | 682–मि0 | 7 | 15 | 0 | |
| 5 | | | | 708–मि0 | 0 | 2 | 0 | |
| 6 | | | | 729 | 2 | 0 | 0 | |
| 7 | | | | 730 | 2 | 13 | 0 | |
| 8 | | | | 731 | 3 | 0 | 0 | |
| 9 | | | | 731 क | 1 | 14 | 0 | |
| 10 | | | | 740–मि0 | 2 | 11 | 5 | |
| 11 | | | | 745–मि0 | 7 | 1 | 0 | |
| 12 | | | | 746 | 25 | 3 | 0 | |
| 13 | | | | 750 | 2 | 12 | 0 | |
| 14 | | | | 751 | 9 | 0 | 0 | |
| 15 | | | | 753 | 8 | 17 | 5 | |
| 16 | | | | 752 | 5 | 5 | 0 | |
| 17 | | | | 754 | 6 | 2 | 0 | |
| 18 | | | | 1200 | 2 | 13 | 10 | |
| 19 | | | | 1201 | 3 | 15 | 0 | |
| 20 | | | | 1202 | 12 | 17 | 0 | |
| 21 | | | | 1203–मि0 | 8 | 1 | 0 | |
| 22 | | | | 1204 | 10 | 17 | 0 | |
| 23 | | | | 1213 | 5 | 8 | 0 | |
| 24 | | | | 1218 | 9 | 7 | 0 | |
| 25 | | | | 1219 | 6 | 2 | 0 | |
| | | | योग | | 153 | 10 | 2 | |
| | | | | ब्लाक नं02 | | | | |
| 1 | कानपुर नगर | बिल्हौर | रानीपुर | 893–मि0 | 4 | 12 | 0 | पूर्व–सरहद ग्राम मदरारायगुमान तथा प्लाट नं0–1144, 1143 का भाग, 1103 कच्ची रास्ता 1101 का भाग।<br>पश्चिम–प्लाट नं0–883, 882, 881, 1119, 1120, 1121, 1128, 1130 का भाग 1133, 1132 का भाग, 1135 का भाग, 758।<br>उत्तर–प्लाट नं0–891, 890 चक रोड प्लाट संख्या–898, 894, 895, 1104, 1103 कच्चती रास्ता, प्लाट नं0–1097, 1095 तथा सरहद ग्राम डुढ़वा जमौली।<br>दक्षिण–प्लाट नं0–758, 1136<br>चक रोड, प्लाट नं0–1138, 1163, 1162, 1161,1149 |
| 2 | | | | 1098 | 13 | 12 | 0 | |
| 3 | | | | 1099 | 13 | 5 | 0 | |
| 4 | | | | 1100 | 10 | 4 | 0 | |
| 5 | | | | 1101–मि0 | 7 | 0 | 0 | |
| 6 | | | | 1102 | 9 | 4 | 0 | |
| 7 | | | | 1106 | 3 | 19 | 5 | |
| 8 | | | | 1107 | 1 | 10 | 0 | |
| 9 | | | | 1109 | 0 | 10 | 0 | |
| 10 | | | | 1110 | 0 | 5 | 0 | |
| 11 | | | | 1113 | 2 | 5 | 0 | |
| 12 | | | | 1115 | 5 | 7 | 5 | |
| 13 | | | | 1116–मि0 | 8 | 8 | 18 | |
| 14 | | | | 1117 | 5 | 5 | 15 | |
| 15 | | | | 1118 | 8 | 1 | 0 | |
| 16 | | | | 1130–मि0 | 8 | 19 | 0 | |
| 17 | | | | 1131 | 7 | 18 | 0 | |
| 18 | | | | 1132–मि0 | 5 | 8 | 5 | |
| 19 | | | | 1134 | 0 | 10 | 0 | |
| 20 | | | | 1135–मि0 | 3 | 0 | 10 | |
| 21 | | | | 1139 | 3 | 18 | 10 | |
| 22 | | | | 1140 | 0 | 12 | 0 | |
| 23 | | | | 1141 | 7 | 15 | 0 | |
| 24 | | | | 1142 | 10 | 10 | 0 | |
| 25 | | | | 1143–मि0 | 8 | 10 | 0 | |
| 26 | | | | 1145 | 9 | 5 | 0 | |
| 27 | | | | 1146 | 4 | 10 | 0 | |
| 28 | | | | 1147 | 10 | 5 | 0 | |
| 29 | | | | 1148 | 7 | 14 | 0 | |
| | | योग | | | 181 | 4 | 8 | |
| | | कुल योग | | | 334 | 14 | 10 | |
| | | | | | या 169.44 एकड़ | | | |

वन बन्दोबस्त अधिकारी /
अपर नगर मजिस्ट्रेट (सप्तम)
कानपुर

## न्यूज ब्रीफ

### प्रधानाध्यापक की हार्ट अटैक से मौत

**महेवा ।** क्षेत्र के गांव नगला लश्करियान प्राथमिक विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापक राजेश कुमार की शिक्षण कार्य के दौरान हार्ट अटैक आने से अचेत हो गए। साथी उन्हें जिला अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया । परिजनों का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है। शिक्षक के निधन पर शिक्षक संघ के जितेंद्र त्रिपाठी , संजय त्रिपाठी , डॉ मनोज वर्मा ,विश्वराज वर्मा ,नरेंद्र यादव ,भानु प्रकाश अवस्थी आदि ने शोक व्यक्त किया है।

### बर्तन की दुकान में की मारपीट, मामला दर्ज

**भरथना।** कस्बा क्षेत्र में बर्तन की दुकान में घुसकर दबंगों ने मारपीट कर दादी और नाती को घायल कर दिया। मोहल्ला नेविलगंज निवासी रामबेटी पोरवाल ने थाना भरथना पर मामला दर्ज कराते हुए बताया कि सोमवार रात करीब साढ़े आठ बजे मैं अपनी बर्तन की दुकान पर नाती कपिल व शौर्य के साथ बैठी थी। तभी मोहल्ले के ही आयुष अग्रवाल उर्फ गोलू, यश अग्रवाल उर्फ भोला, पीयूष अग्रवाल उर्फ चुन्नू, विनय अग्रवाल तथा शिवांश यादव दुकान में घुस आए। पीडिता का आरोप है कि नामजदों ने गाली-गलौज करते हुए मेरे तथा नाती के साथ मारपीट कर दी, जिससे दोनों को चोटें आईं। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।

### ई-रिक्शा से टकराई बाइक, युवक घायल

**भरथना।** कस्बा के दान सहाय मंदिर के समीप बाइक ई रिक्शा से जा टकराई जिसमे बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव नगला श्यामलाल लहरोई निवासी विशाल अपने चचेरे भाई अंकुश तथा क्षेत्र के गांव नगला सबल निवासी अपने दोस्त अभिषेक के साथ बाइक पर सवार होकर अपने गांव नगला श्याम लाल जा रहा था तभी दान सहाय मंदिर मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर ई रिक्शा से जा टकराई जिससे विशाल गंभीर रूप से घायल हो गया।

### जायंट्स सहेली ने कराया सुंदरकांड पाठ

**इटावा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ इटावा सहेली ने सुंदर कांड का आयोजन कराया। वित्त निदेशक रीना राठौर के निवास पर सभी ने सुंदरकांड का आनंद लिया एव कार्यक्रम के उपरांत प्रसाद वितरण हुआ। कार्यक्रम में फेडरेशन कोऑर्डिनेटर क्षमा दीक्षित अध्यक्ष विमल शर्मा, प्रशासनिक निदेशक हेनू वर्मा, निर्देशक रीना राठौर, संध्या अग्रवाल, शारदा दीक्षित, ऊषा भदौरिया, मीनाक्षी सक्सेना, अनीता आदि सदस्यों ने विशेष सहयोग दिया।


### रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**भरथना।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत दिल्ली हावड़ा रेलवे ट्रैक पर सीहपुर गांव के समीप चलती ट्रेन से एक युवक की गिरने से दर्दनाक मौत हो गयी। ट्रेन चालक द्वारा स्टेशन मास्टर को घटना की सूचना दी गयी जिसके बाद थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। जानकारी के अनुसार कानपुर टूंडला पैसेंजर मेमू के चालक ने स्टेशन मास्टर को अप लाइन के पोल संख्या 1139/29 के समीप एक युवक के पड़े होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही कस्बा चौकी प्रभारी तनमय चौधरी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और देखा की युवक की मौत हो चुकी थी। शव को कब्जे में लेकर बैग से मिले एफएस यूनिवर्सिटी के आईडी कार्ड तथा वोटर कार्ड के अनुसार शिवा पुत्र जयपाल सिंह उम्र करीब 23 वर्ष निवासी हिमायुंपुर असर्फी नगर थाना फिरोजाबाद के रूप में हुई।

# प्रेमिका के घर के सामने अधेड़ ने गोली मारकर दी अपनी जान

## दस साल से साले की पत्नी साथ रह रही थी, दो माह पहले ही उसे छोड़ कर आ गई थी वापस

संवाददाता, बकेवर इटावा


घटना स्थल का निरीक्षण करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम हलूपुरा में ससुराल में आये एक अधेड़ ने मंगलवार रात करीब नौ बजे खुद को तमंचे से गोली मार ली। जिससे अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गयी। गोली मारने के पीछे साले की पत्नी से प्रेम प्रसंग का मामला बताया गया है। मृतक पिछले दस सालों से साले की पत्नी को अपने साथ ही रखे हुआ था। दो माह पहले महिला झगड़े के चलते अपनी ससुराल आ गयी थी। मृतक मैनपुरी जनपद के करहल कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मनोना का रहने वाला है और राजमिस्त्री का काम करता था। सूचना पर बकेवर थानाध्यक्ष विपिन कुमार मलिक व सीओ भरथना रामदवन मौर्य मौके पर पहुंचे। छानबीन के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मैनपुरी जिले के करहल थाना क्षेत्र के गांव मनौना निवासी अनिल कुमार उर्फ पप्पू 50 वर्ष पुत्र राम चन्द्र कठेरिया की ससुराल बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम हलूपुरा निवासी मुन्नू कठेरिया के यहां थी। ससुराल आने जाने के चलते कई साल पहले अनिल के संबंध अपने साले सत्यनारायण की पत्नी लक्ष्मी से हो गये थे, जिसके चलते पति सत्यनारायण ने अपनी पत्नी लक्ष्मी को घर से निकाल दिया था। इसके चलते लक्ष्मी अपने मायके औरैया जनपद के अयाना थाना क्षेत्र के ग्राम नबादा पिता राम आसरे के घर पर चली गई। वह पिछले दस वर्षों से अपने प्रेमी अनिल के साथ रह रही थी । लक्ष्मी के दो पुत्र रवि 18 वर्ष जिसकी शादी हो गई है दूसरा पुत्र भूरे 16 वर्ष, एक बेटी खुशबू उम्र 23की शादी हो गई है।

मतृक अनिल कुमार उर्फ पप्पू की पत्नी सुमन की दो वर्ष पूर्व आग से जलने से मौत हो गई थी। मतृक अनिल के एक पुत्री सोनी उम्र 25 वर्ष की शादी हो गई है। बड़े पुत्र रिंकू की मौत हो गई थी जब कि छोटा पुत्र सुन्दरम शादीशुदा है । बताते हैं प्रेमी अनिल के झगड़ने से महिला लक्ष्मी दो माह पहले अपने मायके में आ गई थी। फिर यहां से अपनी ससुराल ग्राम हलूपुरा आकर रहने लगी थी। मंगलवार की रात अनिल कुमार उर्फ पप्पू ग्राम हलूपुरा आया और काफी देर तक दरवाजा खोलने के लिए आवाज लगाता रहा। दरवाजा न खोले जानक पर उसने अपने बैग से तमंचा निकाल कर लक्ष्मी के घर के बाहर गली में अपने सिर में गोली मार ली , जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर बकेवर थानाध्यक्ष विपिन मलिक पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच पड़ताल कर सूचना उच्च अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही सीओ भरथना रामदवन मौर्य भी मौके पर पहुंचे और मृतक अधेड़ का शव पुलिस ने कब्जे में लेकर इटावा भिजवा दिया। साक्ष्य संकलन के लिये मौके पर फोरेंसिक टीम को बुलाया गया। बाद में शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

### अनिल के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया

- अनिल कुमार की मौत की जानकारी मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने हत्या का आरोप लगाया। मृतक की बेटी सोनी ने आरोप लगाया कि उसके मामा व उनके बेटों ने पहले भी जान से मारने की धमकी दी थी। उसका आरोप है कि उसके पिता की गोली मारकर हत्या की गई है।

## पांच दिन पूर्व घर से निकली किशोरी का शव मिला

**इटावा।** वैदपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगला वंशी गांव निवासी एक किशोरी का शव तीन दिन बाद लवेदी क्षेत्र की जैतपुरा नहर में बरामद होने के बाद परिजनों ने उसकी शिनाख्त की।

थाना वैदपुरा क्षेत्र के नगला वंशी गांव निवासी मोहिनी शनिवार शाम बिना बताए घर से कहीं चली गई थी। देर रात तक वापस न लौटने पर परिवार के लोगों को चिंता हुई। परिजनों ने गांव और आसपास के इलाकों में काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद मामले की सूचना वैदपुरा थाने में दी गई। लवेदी क्षेत्र के जैतपुरा नहर में किशोरी का शव दिखाई दिया। सूचना पर पहुंची बकेवर पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और पहचान कराई। शिनाख्त में शव मोहिनी का निकला। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मोहिनी अपने दादा चतुर सिंह और दादी राजेंद्री देवी के साथ रहती थी। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतका के पिता आकाश कुमार ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी की हत्या कर शव नहर में फेंका गया है। उनका कहना है कि यह आत्महत्या का मामला नहीं है। परिवार ने निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।


बैठक में निर्देश देते सीडीओ अजय कुमार गौतम। अमृत विचार

# जागरूकता अभियान को लेकर हुई बैठक

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय अधिकारियों की विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता अभियान विषय पर बैठक हुई। सीडीओ ने 22 फरवरी को विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने नगर मजिस्ट्रेट को ट्रैफिक को व्यवस्थित करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी वाहन अंदर नहीं खड़ा होगा सभी वाहन कलेक्ट्रेट और एसएसपी कार्यालय में खड़े होंगे और यह प्रोग्राम सुबह 10 बजे से शुरू हो जाएगा। उन्होंने सारे विभागों को निर्देशित करते हुए कहा की आने वाले आगंतुओं के नाम और अनुमानित संख्या पहले बता दें। उन्होंने बताया कि इसमें कम से कम 60 से 65 स्टाल लगाए जाएंगे, जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 30 स्टॉल लगाये जाएंगे एवं बाकी 30 से 35 स्टॉल अन्य विभागों द्वारा लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा की सभी विभागों में सरकार की कोई न कोई योजना चल रही है इस योजना के तहत कितने लोगों को लाभ दिया गया, उन सभी लोगों का डाटा फीड करना किया जाए। उन्होंने कहा विभाग कम से कम पांच-पांच लाभार्थियों को जो सरकारी योजना का लाभ लिए हैं उनको सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस विभाग का स्टाल लगाया जाएगा उसमें उस विभाग के मॉडल को दर्शाएंगे। बैठक में जिला विधिक प्राधिकरण पूनम द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, नगर मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर, उप कृषि निदेशक आरएन सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह, उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, बीएसए डॉ. राजेश कुमार व अन्य मौजूद रहे।

## दूसरे के स्थान पर परीक्षा देता मुन्ना भाई गिरफ्तार

**बकेवर।** यूपी बोर्ड की संचालित हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा की प्रथम पाली में हिन्दी विषय की परीक्षा के दौरान बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया। उपजिलाधिकारी भरथना काव्या सी की औचक चेकिंग के दौरान एक युवक को दूसरे छात्र की जगह परीक्षा देते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया। घटना से परीक्षा केंद्र पर हड़कंप मच गया। पकड़ा गया युवक अभिषेक पुत्र रविन्द्र, निवासी निवाड़ी कला थाना बकेवर बताया गया है। वह छात्र अनुज के स्थान पर परीक्षा देने केंद्र पर पहुंचा था। जांच के दौरान जब प्रवेश पत्र व पहचान पत्र का मिलान किया गया तो गड़बड़ी सामने आई। इसके बाद अधिकारियों ने उसे हिरासत में ले लिया। मामले की जानकारी मिलते ही केंद्र व्यवस्थापक बेनीराम पाल ने पुलिस को तहरीर दी, जिसके आधार पर आरोपी युवक को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

# पहले दिन 2688 छात्रों ने छोड़ी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता इटावा



**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं कड़ी सुरक्षा के बीच कराई गई। सख्ती के चलते पहले दिन ही हाईस्कूल और इंटर के कुल मिलाकर 2688 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही शिक्षा विभाग के बनाए गए 6 उड़नदस्तों ने भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

बुधवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल के हिन्दी एवं द्वितीय पाली में इण्टरमीडिएट की हिन्दी विषय के प्रश्नपत्रों की परीक्षा 67 परीक्षा केन्द्रों पर कराई गई। प्रथम पाली में हाईस्कूल के 21656 पंजीकृत छात्रों के सापेक्ष 20213 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। 1443 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में इण्टरमीडिएट हिन्दी में 20476 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 19231 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। 1245 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों में कुल मिलाकर 2688 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। बेसिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों को कक्ष निरीक्षक के रुप में तैनात किया गया है। बुधवार को परीक्षा केंद्रों के मुख्य गेट पर ही परीक्षार्थियों की तलाशी ली गई । यह सुनिश्चित करने के बाद की परीक्षार्थी के पास कोई अनधिकृत सामग्री नहीं है उसे परीक्षा कक्ष में जाने दिया गया।

## हत्या के प्रयास में छह को आठ साल की कैद

**इटावा।** गांव खडकौली थाना सैंफई निवासी योगेश कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि वह अपने भाई गिरीश कुमार के साथ पैतृक गांव नगला लाले में जमीन की नापजोख कराने के लिए 26 जुलाई 2018 को जा रहे थे तभी रास्ते में घात लगाकर बैठे मुकेश , शिव राम , सनी, जगदीश , महेश चंद्र व बब्लू निवासी नगला श्री ने हथियारों से लैस होकर घेर लिया। और उसके भाई को गोली मार दी। जिससे वह घायल हो गए। बाद में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने मुकेश, शिव राम, सनी, जगदीश, महेश व बब्लू के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए। सरकार की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार शुक्ला ने पैरवी की । उनके द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने मुकेश, शिव राम ,सनी, जगदीश , महेश व बब्लू को दोषी पाया और उन्हें आठ साल की सजा सुनाई।

# टीबी में लापरवाही खतरनाक : सीएमओ

संवाददाता सैफई इटावा


मरीजों को पोषण किट भेंट करते सीएमओ। अमृत विचार

**अमृत विचार ।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत वघुईया में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग की ओर से प्राथमिक विद्यालय परिसर में किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बृजेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि टीबी पूरी तरह ठीक होने वाली बीमारी है, लेकिन समय पर जांच और पूरा उपचार आवश्यक है। दो सप्ताह से अधिक खांसी, लगातार बुखार, वजन में कमी या कमजोरी जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत जांच करानी चाहिए। उन्होंने बताया कि जनपद में 3380 क्षय रोगियों का उपचार चल रहा है और 469 ग्राम पंचायतों में से 29 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित होने की पात्र श्रेणी में पहुंच चुकी हैं।

- वघुईया में जागरूकता कार्यक्रम, विश्वविद्यालय ने गांव को लिया गोद

उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई के डीन मेडिकल एवं रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. आदेश कुमार ने कहा कि टीबी के प्रति जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है। उन्होंने बताया कि शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज करना संक्रमण को बढ़ा सकता है। टीबी का इलाज बीच में छोड़ना मरीज और समाज दोनों के लिए जोखिमपूर्ण है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से ग्राम पंचायत वघुईया को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से गोद लिया गया है। गांव में नियमित स्वास्थ्य जांच शिविर, संदिग्ध मरीजों की पहचान और पोषण सहयोग सुनिश्चित किया जाएगा। विश्वविद्यालय से जुड़े 158 'निक्षय मित्र' टीबी मरीजों को पोषण सहायता उपलब्ध करा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान 10 मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गई। कार्यक्रम में प्रधान राकेश यादव सहित गांव के लोग मौजूद रहे।

# सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार संपंन

संवाददाता, कालपी (जालौन)


सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार में शामिल लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** श्रीव्यास क्षेत्र संस्कृत महाविद्यालय कालपी के वेदभवन में आचार्य पंडित शिवशंकर शुक्ल पूर्व प्राचार्य एवं विद्यालय समिति के अध्यक्ष पं. नारायणदास अवस्थी के सानिध्य में सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार सम्पन्न हुआ। इसमें गणेश शंकर त्रिवेदी, डॉ. बृजगोपाल द्ववेदी, भूपेन्द्र रावत, शोभित पांडेय, हरिकृष्ण शुक्ल, रामजी तिवारी आदि आचार्यों के विशेष सहयोग से विधिवत वेदोक्त रीति से 35 बटुकों को आचार्यों ने गुरु मंत्र से सुसज्जित किया। इस अवसर पर विद्यालय की आचार्य रुचि गुप्ता एवं अन्य आचार्यों का विशेष योगदान रहा। विद्यालय के प्रबंधक पं. योगेन्द्र नारायण शुक्ल ने अपने आशीष वचनों से बटुकों को आशीर्वाद प्रदान किया । इस कार्यक्रम में विद्यालय के लिपिक उमेश सिंह भदौरिया, आनंद स्वरूप तिवारी का विशेष योगदान रहा। अन्त में कार्यवाहक प्राचार्य उत्तम सिंह निरंजन, शरद शुक्ल ने सभी का अभिवादन किया।

# रमजान उल मुबारक का चांद दिखा, तरावीह शुरू

कार्यालय संवाददाता इटावा


रमज़ान को लेकर बाजार में सजीं बिस्कुट, खजूर, फैनी की दुकानें। अमृत विचार

**अमृत विचार ।** रमज़ान का पवित्र महीना चांद दिखने के बाद आज 19 फरवरी से शुरू होगा। मस्जिदों में नमाज और तरावीह का सिलसिला शुरू हो गया। मुस्लिम समाज के लोग रमजान में एक माह रोजा रखकर, कुरान की तिलावत कर अल्लाह की इबादत करेंगे।

रमजान उल मुबारक का चांद दिखते ही बाजार भी गुलजार हो गए, बाजार में खजूर, फल, बिस्कुट, फैनी, सिंवई आदि की दुकानें सज गईं, मुस्लिम समाज के लोगों ने चांद देखने के बाद बाजार का रुख किया और सहरी के लिए दूध, फैनी, बिस्कुट और इफ्तार के लिए खजूर, पापड़, फल आदि की जमकर खरीदारी की। खजूर 70 रुपये किलो से 200 रुपये किलो, मटरी बिस्कुट 120 रुपये किलो से 160 रुपये किलो, फेनी 120 रुपये किलो से 160 रुपये किलो व सिंवई 60 रुपये किलो की दर से बाजार में बिक रही है। रमजान को लेकर फलों के दाम भी मंहगे हो गए हैं। चांद रात को शहर के मुख्य बाजारों में काफी रौनक दिखी। रमज़ान उल मुबारक में कुरान नाजिल हुआ और रोज़े फर्ज किये गए। रमजान में अल्लाह रोजेदारों की दुआ को कुबूल करता है। रमज़ान इस्लामी कलेंडर का नवां महीना है जिसमें पूरे माह अल्लाह की इबादत की जाती है। ये वो महीना है जिसमें इंसान झूठ, फरेब, धोखे और गुनाह से दूर रहता है। पांच वक्त की पाबंदी से नमाज पढ़ता है, रोजे. रखता है। रमज़ान में रोज़ा रखना, रोज़ेदार की कदर करना, रोज़ेदार का एहतिराम करना भी अल्लाह ने इबादत करार दिया है। शहर की विभिन्न मस्जिदों में तराबीह का क्रम भी शुरू हो गया और मुसलमान अल्लाह की इबादत करने में जुट गए।

**विधानसभा सत्र** | कालापी विधायक ने विधानसभा में यमुना घाटों के पुनर्निर्माण की उठाई मांग

# धरोहरों को संरक्षित करने का उठाया मुद्दा

संवाददाता, कालपी (जालौन)


विधायक विनोद चतुर्वेदी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने एक बार फिर से कालपी की ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित करने एवं यमुना के घाटों को पुनर्निर्माण कराए जाने की मांग उठाई।

कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी द्वारा कालपी क्षेत्र के विकास के लिए समय-समय पर विधानसभा में अपनी आवाज बुलंद करते रहे हैं। मंगलवार को विधानसभा के बजट सत्र के दौरान एक बार फिर से कालपी विधायक ने कालपी के विकास सिंचाई एवं ऐतिहासिक घाटों एवं ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित करने की मांग उठाई। बजट सत्र के दौरान विधानसभा में बोलते हुए कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि कालपी द्वापर त्रेता एवं सतयुग के समय से एक ऐतिहासिक नगर रहा है महर्षि वेदव्यास ने कालपी में चारों वेदों की रचना की। महारानी लक्ष्मीबाई जिन्होंने 1857 की क्रांति के समय कालपी में रहकर अंग्रेजों से युद्ध लड़ा। कालपी की तमाम ऐतिहासिक एवं पौराणिक धरोहर जो नष्ट हो रही हैं उनको फिर से संरक्षित किया जाए। उन्होंने यमुना नदी में बने ऐतिहासिक पीला घाट एवं तरीबुलदा घाट के पुनर्निर्माण की मांग उठाई। वहीं यमुना तट पर स्थित नरसिंह टीला मंदिर एवं लक्ष्मण दास की कुटिया को संरक्षित किए जाने के लिए सरकार से मांग की। कालपी क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए नेहरों के चौड़ीकरण कराए जाने एवं सफाई कर टेल तक पानी पहुंचाने की भी मांग उठाई।

### कुठौंद को नगर पंचायत का दर्जा मिले

- कालपी विधानसभा के अंतर्गत कुठौंद ग्राम सभा को नगर पंचायत का दर्जा दिलाए जाने के लिए भी कालपी विधायक ने मांग की। विधायक विनोद चतुर्वेदी द्वारा कालपी क्षेत्र में कराई जा रहे विकास कार्यों एवं ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित करने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा हैं जिसके लिए क्षेत्र की जनता उनकी प्रशंसा कर रही है। कालपी क्षेत्र के विकास के लिए विधायक द्वारा किए जा रहे प्रयासों से अभी तक कई ऐतिहासिक धरोहरों में तेजी से काम भी हो रहे हैं साथ ही कालपी विधानसभा के अंतर्गत सैकड़ों सड़कों का निर्माण कराया जा चुका है।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**जसवंतनगर।** बुधवार दोपहर को थाना क्षेत्र के गांव धनुआ में एक विवाहिता ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा कर अपनी जान देदी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बुधवार दोपहर को ग्राम धनुआ निवासी पूजा देवी (33) पत्नी अवनीश कुमार शाक्य ने घर के अंदर कुंडे में दुपट्टे के सहारे मकान में दूसरी मंजिल पर बने हुए कमरे में फांसी लगा ली। काफी देर तक कमरे का दरवाजा बंद रहने पर परिजनों को शक हुआ। दरवाजा खोलने पर पूजा फंदे से लटकी मिलीं। आनन-फानन में उन्हें नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष कमल भाटी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना से संबंधित जानकारी एकत्रित की।

# बच्चों ने बनाए विज्ञान प्रोजेक्ट

संवाददाता, कालपी (जालौन)


बच्चों के प्रोजेक्ट का अवलोकन करते अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आज जितनी भी मानव की प्रगति दिख रही है उसमें विज्ञान का एक अहम योगदान है। बिना विज्ञान के मानव की प्रगति संभव नहीं थी और इसी प्रगति को सतत बढ़ाने के लिए शिवाजी कान्वेंट स्कूल में साइंस एग्जीविशन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि राजकुमार विश्नोई ने बच्चों के प्रोजेक्ट देखकर कहा कि बच्चों ने भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए अपने प्रोजेक्ट तैयार किए हैं। यह बच्चे भविष्य में समाज को भी अहम योगदान देने में मदद करेंगे। विद्यालय के छात्र अर्चित निगम ने भूकंप से बचने के लिए एक प्रोजेक्ट तैयार किया, जिसमें धरती के कांपते ही आपके घर में अलार्म बज जाएगा। हारिश ने प्रोजेक्ट के माध्यम से बताया कि पृथ्वी की ऊर्जा कभी खत्म नहीं होती है, केवल परिवर्तित होती है। तेजस एवं श्रेयस विश्नोई ने हृदय की आकृति के माध्यम से उसके कार्य संचालन की जानकारी दी। ओजस बिश्नोई ने मल्टी पार्किंग का प्रोजेक्ट, अनन्या बाथम ने जल चक्र, पाखी ने ऑटोमैटिक स्ट्रीट लाइट का प्रोजेक्ट बनाया। अन्य छात्रों ने भी भविष्य और समाज की जरूरत को ध्यान में रखते हुए साइंस प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए। विद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष शैलेंद्र निगम एवं प्रबंधक मनोज कुमार बाथम ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर एग्जीविशन प्रभारी शिवम त्रिपाठी, प्रधानाध्यापक प्रतापभानु कुशवाहा, दीपा त्रिपाठी, शिवानी शर्मा, आकांक्षा अग्रवाल, रचित द्विवेदी, सौम्या, प्रीति, आकांक्षा रहीं

### न्यूज ब्रीफ

## करंट लगने से इंटर के छात्र की हुई मौत

**बेला।** थाना क्षेत्र के गांव याकूबपुर बस्ती निवासी मजदूर कमलेश के बेटे रोशन लाल (18) बुधवार दोपहर करीब एक बजे नहाने के लिए कपड़े उतारकर हैंडपम्प से पानी भर रहा था। तभी नल में लगे मोटर में अचानक करंट उतर आया जिससे उसकी मौत हो गई। कुछ देर बाद घर पहुंचे माता-पिता ने उसे जमीन पर पड़ा देखा तो उनके होश उड़ गये। आनन फानन में परिजन रोशन को एक निजी वाहन से बेला स्थित निजी अस्पताल ले गये। जहां मौजूद चिकित्स्कों ने उसे जनपद कन्नौज के डॉ रामजी अम्बेडकर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां मौजूद चिकित्स्कों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन देर शाम उसके शव को घर ले आये। पिता ने बताया की वो अपनी पत्नी के साथ गांव में ही नरेगा का काम करने गये थे। रोशन का आज इंटर का पेपर था। जिसके लिए वो नहाकर निकलने वाला था। रोशन याकूबपर स्थित श्री शिव इंटर कॉलेज में इंटर का छात्र था। वो पेपर देने पास के गांव पुर्वा भग्गा स्थितश्री गांधी आदर्श इंटर कॉलेज जाने वाला था। वहां उसके स्कूल के सेंटर गया हुआ है। मौत के दिन ही उसका पहला पेपर था। गुस्से में पिता ने हैंडपम्प तोड़ दिया। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया है की मामले की जानकारी हुई है।

## खेत में बनी झोपड़ी में लगी आग, सामान जला

**फफूंद।** थाना क्षेत्र के गांव कंचन का पुर्वा में खेत पर बनी झोपड़ी में अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगा दी गई। आग लगने से वहां रखा तख्त, करीब 1250 फीट जीन पाइप लाइन और ट्यूबवेल का पंखा जलकर नष्ट हो गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार प्रबल कुमार निवासी गांव कंचन का पुर्वा ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव के बाहर स्थित उसके खेतों पर एक बंगला रखा हुआ है, जिसमें कृषि कार्य से संबंधित सामान रखा रहता है। आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने बंगले में आग लगा दी, जिससे अंदर रखा तख्त, लगभग 1250 फीट जीन पाइप लाइन तथा ट्यूबवेल का पंखा जलकर खराब हो गया। घटना की जानकारी उन्हें सुबह खेतों पर जाने के दौरान हुई।

# 71 परीक्षा केंद्रों पर शुरू हुईं यूपी बोर्ड की परीक्षाएं



परीक्षार्थियों की चेकिंग करते हुए। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**40,764**
**परीक्षार्थी हुए शामिल**

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं सोमवार से जनपद में शांतिपूर्ण माहौल में शुरू हो गईं। जिले के कुल 71 परीक्षा केंद्रों पर 40,764 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। इनमें हाईस्कूल के 20,878 तथा इंटरमीडिएट के 19,886 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं।

नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। परीक्षार्थियों की कड़ी निगरानी के साथ सघन चेकिंग की गई। केंद्रों में प्रवेश से पूर्व मेटल डिटेक्टर से जांच की व्यवस्था की गई है। परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार की अनियमितता रोकने के लिए नकदी ले जाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। सभी केंद्र 'तीसरी आंख' यानि सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में हैं। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में फोटो स्टेट की दुकानों को बंद रखा गया है। सचल दल लगातार केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं, ताकि परीक्षा निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराई जा सके। परीक्षार्थियों से नियमों का पालन करने की अपील की है।

### 7 कक्ष निरीक्षक अनुपस्थित, मांगा गया स्पष्टीकरण

**अछल्दा (औरैया) :** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की बोर्ड परीक्षा के पहले दिन बुधवार को द्वितीय पाली के दौरान परीक्षा केंद्र श्री भगवान दास इण्टर कॉलेज हरचंदपुर (केंद्र संख्या 04229) पर इंटरमीडिएट परीक्षा में ड्यूटी लगाए गए सात कक्ष निरीक्षक अनुपस्थित पाए गए। जानकारी के अनुसार, संबंधित कक्ष निरीक्षकों ने विद्यालय के परीक्षा रजिस्टर पर हस्ताक्षर तो कर दिए थे, लेकिन परीक्षा के दौरान कक्ष में उपस्थित नहीं रहे। मामले को गंभीरता से लेते हुए केंद्र व्यवस्थापक ने विभागीय कार्रवाई हेतु पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक को प्रेषित किया। इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार ने संबंधित शिक्षकों से कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। अनुपस्थित रहने वालों में सहायक अध्यापक प्रिंस पोरवाल (प्राथमिक विद्यालय पुर्वादीना), राघवेंद्र प्रताप सिंह (प्राथमिक विद्यालय नगला उम्मेद यूपीएस), दुर्विजय सिंह (कंपोजिट विद्यालय पाता), प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार पाल (यूपीएस खलरा), राम शंकर (यूपीएस बंशी), शिक्षामित्र लल्ला सिंह (पीएस परसैया) तथा सहायक अध्यापक जय प्रकाश भारतीय (यूपीएस गुनौली) शामिल हैं। खंड शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि संतोषजनक स्पष्टीकरण न मिलने पर नियमानुसार विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बोर्ड परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रशासन सतर्क है।

## किसान दिवस में डीएम ने सुनी समस्याएं

**औरैया।** कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस में जिलाधिकारी द्वारा किसानों की समस्याओं को सुना गया और किसानों के साथ वर्तमान के तीन महत्वपूर्ण पहलुओं सिंचाई उर्वरक हेतु पानी और विद्युत पर चर्चा की गयी। विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया, कि सिंचाई हेतु फीडर पर निर्धारित अवधि तक विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए एवं नहरों व माइनरों में पर्याप्त पानी छोड़ा जाए।

डीएम डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने किसानों को बताया कि इस समय गेहूं की फसल में तथा मक्का की खेती के लिए पलेवा सिंचाई कार्य के लिए भी पानी की आवश्यकता है। पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान हेतु एवं बीमार पशुओं के लिए विकास भवन में स्थापित कंट्रोल रूम का मोबाइल नम्बर- 8445561780 कृषक हित में जारी किया गया है, जिस पर कृषक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के दोषियों को सजा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के अपहरण एवं दुष्कर्म के गंभीर मामले में विशेष न्यायालय (पॉक्सो अधिनियम) ने फैसला सुनाया। विशेष न्यायाधीश अखिलेश्वर प्रसाद मिश्र ने मुख्य आरोपी आमिर पुत्र शफी मोहम्मद को 12 वर्ष की सजा और 40 हजार रुपये का अर्थदंड वहीं, अपहरण में सहयोगी रहे उमेश कुमार (निवासी कछूपुरा, बिधूना) को 10 वर्ष के कठोर कारावास व 15 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

**• मुख्य आरोपी को 12 व सहयोगी को 10 वर्ष की सजा**

न्यायालय ने स्पष्ट किया कि अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में दोषियों को अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। साथ ही, जमा किए गए अर्थदंड की आधी राशि पीड़िता को देने के आदेश भी दिए गए हैं। सजा सुनाए जाने के बाद दोनों दोषियों को इटावा जिला कारागार भेज दिया गया।

अभियोजन के अनुसार घटना 1 अगस्त 2019 की रात की है, जब 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को पड़ोसी उमेश कुमार और आमिर बहला-फुसलाकर ले गए थे। पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर बिधूना थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस ने अपहरण, पॉक्सो अधिनियम और दुष्कर्म की धाराओं में मामला पंजीकृत कर जांच शुरू की। जांच पूर्ण होने पर आरोप पत्र दाखिल किया गया, जिसके बाद विशेष पॉक्सो न्यायालय में सुनवाई चली। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक मृदुल मिश्रा ने सशक्त पैरवी की। वरिष्ठ अधिवक्ता महावीर शर्मा के अनुसार, अदालत ने आमिर को अपहरण, पॉक्सो अधिनियम और दुष्कर्म का दोषी पाया, जबकि उमेश को अपहरण में सहयोगी की भूमिका के लिए दोषी ठहराया।

### दोहरे हत्याकांड में 20 फरवरी को अंतिम बहस

**औरैया।** शहर के चर्चित दोहरे हत्याकांड से जुड़े गैंगस्टर एक्ट मामले में अहम प्रगति हुई है। विशेष एमपी, एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश विनय प्रकाश सिंह की अदालत में चल रहे इस प्रकरण में अब अंतिम बहस के लिए 20 फरवरी की तारीख तय की गई है। बहस पूरी होने के बाद फैसले की संभावना जताई जा रही है। गौरतलब है कि 20 मार्च 2020 को शहर के मोहल्ला नारायणपुर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में अधिवक्ता मंजुल चौबे और उनकी छोटी बहन सुधा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज वारदात से पूरे जिले में हड़कंप मच गया था। मृतकों के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने जांच के बाद पूर्व एमएलसी कमलेश पाठक समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप-पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जुलाई 2020 में तत्कालीन थाना प्रभारी रामसहाय के नेतृत्व में सभी आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम (गैंगस्टर एक्ट) के तहत भी मुकदमा दर्ज कर चार्जशीट दाखिल की थी। मंगलवार को आरोपी गनर अवनीश प्रताप सिंह उर्फ छोटू ने अपना पक्ष रखने के लिए न्यायालय में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया, जिसे स्वीकार कर लिया गया। पहले इसी तारीख पर फैसला आने की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन अब अंतिम बहस के बाद ही निर्णय सुनाया जाएगा। इस मामले में आरोपी कमलेश पाठक, संतोष पाठक, रामू पाठक, कुलदीप उर्फ चैनू अवस्थी, राजेश शुक्ल, अवनीश प्रताप सिंह उर्फ छोटू, आशीष दुबे, शिवम अवस्थी और रविंद्र उर्फ लाला चैबे शामिल हैं। एक आरोपी नाबालिग होने के कारण उसका मामला किशोर न्याय बोर्ड को स्थानांतरित किया जा चुका है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान की मौत

## दिबियापुर मार्ग पर ग्राम भाग्यनगर के पास हुआ हादसा, साइकिल से जा रहा था किसान

संवाददाता, फफूंद (औरैया)

**अमृत विचार।** फफूंद दिबियापुर मार्ग पर ग्राम भाग्यनगर के पास बुधवार सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से एक साइकिल सवार किसान की मौत हो गई। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।



राजेंद्र कुमार।

थाना क्षेत्र के गांव बिलराई निवासी राजेंद्र कुमार (42) बुधवार सुबह साइकिल से अपने खेत पर गए थे। लौटते समय फफूंद दिबियापुर मार्ग पर ग्राम भाग्यनगर के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

सूचना पर पुलिस और परिजन पहुंचे और एंबुलेंस से उसे दिबियापुर सीएचसी ले जाया गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो गई। राजेंद्र कुमार अपने चार भाइयों में सबसे छोटे थे और उनके दो बेटे व एक बेटी हैं। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है अभी तहरीर नहीं मिली है मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

### कार-ऑटो की भिडंत में चार लोग घायल

**दिबियापुर।** कस्बे के औरैया रोड पर कार और ऑटो की आमने-सामने भिड़ंत में ऑटो सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों को कस्बा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में चिचैली अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सेहुद गांव के सामने कार और ऑटो की टक्कर में थाना क्षेत्र के कन्हाई के पूर्व गांव निवासी उमा देवी फफूंद थाना क्षेत्र के कन्नौ गांव निवासी जयप्रकाश और उनकी बेटियां आराध्या, अनन्या घायल हो गईं सभी औरैया से ऑटो से अपने घर वापस जा रहे थे। तभी कस्बा की ओर से जा रही तेज रफ्तार कार ने मंगलवार की शाम ऑटो में टक्कर मार दी जिससे ऑटो पलट गया। घटना के बाद आसपास के लोग जमा हो गए। सूचना पर एंबुलेंस व पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने ऑटो और कार को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कार की टक्कर से दंपति व मासूम घायल

**बेला।** थाना क्षेत्र के दिबियापुर मार्ग स्थित पटना नहर पुल के पास बुधवार सुबह एक अज्ञात कार की टक्कर से मोपेड सवार दंपति व उनका मासूम पुत्र घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब आठ बजे जनपद व थाना कोतवाली कन्नौज के गांव हसनपुर निवासी उदय प्रताप (35) पुत्र रामविलास अपनी पत्नी संगीता (30) व पुत्र देव (6) के साथ मोपेड से अपनी रिश्तेदारी गांव बलिदासपुर से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पटना नहर पुल के समीप पीछे से आयी अज्ञात कार ने उसकी मोपेड में टक्कर मार दी। इससे तीनों घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पुलिस व परिजन पहुंच गए और एंबुलेंस की सहायता से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहार भेजा गया। जहां उनका उपचार किया जा रहा है। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया कि मामले की जानकारी प्राप्त होते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।



जांच-पड़ताल करती पुलिस।

# शिक्षक संघ काली पट्टी बांधकर करेगा प्रदर्शन, बैठक कर की चर्चा

संवाददाता, फफूंद (औरैया)

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की भाग्यनगर ब्लॉक इकाई ने बुधवार को दिबियापुर के बीआरसी में समीक्षा बैठक की। जिलाध्यक्ष अखिलेश चंद्र यादव की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की और आगामी विरोध प्रदर्शनों की रणनीति तय की।

बैठक का मुख्य उद्देश्य कार्यसमिति को सक्रिय करना और संघर्ष समिति के कार्यों से अवगत कराना था। इसमें शिक्षकों की प्रमुख समस्याओं जैसे चयन वेतनमान लागू न होना, बाल्य देखभाल अवकाश से वंचित करना और टीईटी से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष ने प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर विरोध प्रदर्शनों की घोषणा की। इसके तहत, 22 फरवरी को हैशटैग अभियान चलाया जाएगा। 23 से 25 फरवरी तक शिक्षक काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराएंगे। इसके बाद, 26 फरवरी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना दिया जाएगा और प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। संघ ने मार्च के अंतिम सप्ताह में दिल्ली के रामलीला मैदान में टीएफआई के नेतृत्व में एक विशाल धरना प्रदर्शन करने की भी योजना बनाई है। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश चतुर्वेदी, ब्लॉक मंत्री बुद्धिपाल सिंह यादव, ब्लॉक कोषाध्यक्ष संतोष कुमार दोहरे, राजा भाई, ब्लॉक संघर्ष समिति के अध्यक्ष विमल त्रिपाठी, मंत्री अनिल यादव, सत्यवान, शीता पाल, बबीता राठौर, राधा यादव, रामशंकर तिवारी, ललित तिवारी, रमेश चंद्र सहित कई अन्य शिक्षक मौजूद रहे।



बैठक कर चर्चा करते शिक्षक संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

## एमआर वैक्सीन लगते ही बच्चों की हालत बिगड़ी

**बेला (औरैया)।** हरदू के कम्पोजिट विद्यालय में आंगनवाड़ी केंद्र में बुधवार दोपहर करीब 12 बजे एमआर वैक्सीन लगने के बाद कुछ बच्चों का स्वास्थ्य बिगड़ गया। हालांकि उपचार के बाद उनकी छुट्टी कर दी गई।

स्वास्थ्य उपकेंद्र हरदू की एएनएम सरस्वती, आशा सुगंध, उपासना व नीलम एमआर वैक्सीन (खसरा, रुबेला) लेकर पहुंची और टीकाकरण किया। स्वास्थ्य टीम ने करीब 22 बच्चों के टीके लगाये गये। जिसमें तनवी (11) पुत्री ब्रजेश कुमार, सलोनी (12) पुत्री शिवदत्त, संतोषी (10) पुत्री दिलीप कुमार, शिवांगी (11) पुत्री अनिल कुमार, प्रतीक्षा (12) पुत्री नरेंद्र कुमार बाथम की हालत बिगड़ गई। मौके पर थानाध्यक्ष गंगादास गौतम फोर्स के साथ पहुंचे और जांच शुरू की। सीएचसी बिधूना अधीक्षक डॉ. वीपी शाक्य व अन्य पहुंचे। बच्चों का सीएचसी बिधूना में उपचार कर घर भेज दिया गया।

# 9 दिवसीय श्रीराम कथा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



कथा सुनाते आचार्य।



कथा का रसपान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

संवाददाता, बिधूना

**अमृत विचार।** कस्बे के रामलीला मैदान में चल रही 9 दिवसीय श्रीराम कथा में मंगलवार को रामकथा वाचक चित्रकूट कामदगिरि पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामस्वरूपाचार्य महाराज ने कथा प्रवचन करते हुए श्री राम के जन्म का मार्मिक वर्णन कर श्रोताओं को मंत्र मुक्त किया। उन्होंने कहा कि इसी कार्यकाल में नामदेव के सामने तुलसीदास के सामने एकनाथ के सामने श्री राम प्रकट हुए हैं लेकिन सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण दशरथ के यहां अयोध्या में श्री राम का जन्म महत्वपूर्ण है इसकी ही विस्तृत व्याख्या हुई है। श्री राम कथा वाचक आचार्य ने कहा कि संत और भगवंत में कोई अंतर नहीं है संत भगवान के पार्षद या भगवान के दूत होते हैं संत कोई बनता नहीं है संत भेजे जाते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान की कथा सुनने से आरोग्यता मिलती है मनुष्य को अपने जीवन में कल्याण के लिए प्रतिदिन रामचरितमानस का पाठ करना चाहिए। श्री राम कथा वाचक ने कहा कि बीमारी से निवारण के लिए दवा के साथ दुआ की जरूरत है और दुआ तभी मिलती है जब हम संतों के पास जाते हैं। उन्होंने कहा कि मनु तपस्वी है उनकी तपस्या के फल पर ब्रह्मा विष्णु महेश सभी उनके पास आ सकते थे लेकिन भगवान निर्गुण रूप से उन्हें वरदान देना चाहते थे लेकिन मनु की भक्ति से अभिभूत होकर भगवान निर्गुण से सगुण बन गए थे। मानव की भक्ति में वह ताकत है ईश्वर को अपने बस में कर सकता है। उन्होंने कहा कि राम कथा अमृत के समान है इसलिए राम कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिए। कथा में आने से मनुष्य को सभी तीर्थ का फल प्राप्त हो जाता है। इस कार्यक्रम के मौके पर शिवाकांत दुबे, अरविंद द्विवेदी एडवोकेट, अखिलेश शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता अभय सेंगर आदि रहे।

**• चित्रकूट कामदगिरि पीठाधीश्वर स्वामी रामस्वरूपाचार्य महाराज**

कार्यक्रम

नगर संसाधन केंद्र में हुआ विकासखंड स्तरीय आयोजन, निपुण बच्चों किया गया सम्मानित

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-शिक्षक समन्वय पर हुआ मंथन

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** नगर संसाधन केंद्र में बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार व खंड शिक्षा अधिकारी उपेंद्र विश्वकर्मा के दिशा निर्देशन में विकासखंड स्तरीय हमारे आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में बाल वाटिका व कक्षा एक के बच्चों की सामूहिक शिक्षा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और शिक्षकों के आपसी समन्वय से बच्चों को निपुण बनाने पर चर्चा की गई। इस दौरान नगर क्षेत्र के निपुण बच्चों व अच्छा कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बाल विकास परियोजना अधिकारी अभिषेक कठेरिया एवं डीसी प्रशिक्षण सौरभ गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान विभिन्न टीएलएम (टीचर्स लर्निंग मैटेरियल) का प्रदर्शन किया गया। नगर क्षेत्र के कक्षा एक व दो के निपुण बच्चों को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बाल विकास विभाग से सुपरवाइजर सरोज पाल, अनीता देवी व अलका तथा नगर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां और बच्चे तथा यूआरसी स्टाफ से योगेश कुमार, विशाल त्रिपाठी, मुलायम व अनिल पाल उपस्थित रहे।



बच्चे को प्रमाण पत्र देते शिक्षक। अमृत विचार

### बच्चों को खेल-खेल में दें शिक्षा

सीडीपीओ अभिषेक कठेरिया ने कहा कि एक ही परिसर में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ताओं और विद्यालयों के शिक्षक आपसी तालमेल से कार्य करें तथा खेल-खेल में शिक्षा देकर बच्चों को निपुण बनाएं। उन्होंने कहा कि हमारे आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का उद्देश्य स्पष्ट है आंगनवाड़ी व कक्षा एक के बच्चे एक समूह के रूप में सीखें, उन्हें खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाए और नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। डीसी प्रशिक्षण सौरभ गुप्ता ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रारंभिक शिक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक प्रभावी पहल है। बाल वाटिका और कक्षा एक के बीच बेहतर समन्वय से बच्चों की सीखने की नींव मजबूत होती है। खेल-आधारित शिक्षण, टीएलएम के प्रयोग और नियमित उपस्थिति के माध्यम से बच्चों को निपुण बनाया जा सकता है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और शिक्षक टीम भावना से कार्य करें तो निपुण भारत मिशन के लक्ष्य समय से पहले हासिल किए जा सकते हैं। इस मौके पर एसआरजी सुभाष रंजन दुबे तथा एआरपी प्रताप नारायण, शशांक पाण्डेय, विपिन दुबे और अम्बरीश बाजपेयी ने बेसिक शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी अभिभावकों व उपस्थित लोगों को दी।

# भाजपा कार्यालय पर हुई कार्यशाला

**औरैया।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत भाजपा जिला कार्यालय तुर्कीपुर में जिलाध्यक्ष डॉ. सर्वेश कठेरिया की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके व पुष्प अर्पित किए।

मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यकर्ता को तराशने की प्रक्रिया है। जो सीखता है वह बढ़ता है, जो सीखना बंद कर देता है वो बढ़ना भी बंद कर देता है। व्यक्ति निर्माण से ही संगठन का निर्माण होता है। यह अभियान कार्यकताओं को विचार, व्यवहार और नेतृत्व तीनों स्तरों पर समृद्ध करेगा। कानपुर बुन्देलखंड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी आनंद सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर आधारित यह प्रशिक्षण कार्यकताओं को राष्ट्रहित, सामाजिक समरसता और सेवा भाव की दिशा में और अधिक सजग बनाता है। संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता जब विचार से दृढ़ और व्यवहार से विनम्र होगा तभी भाजपा की शक्ति समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगी। जिलाध्यक्ष डॉ सर्वेश कठेरिया ने कहा जिला प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्देश्य पार्टी कार्यकताओं को वैचारिक रूप से मजबूत करना, सांगठनिक कौशल विकसित करना और सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए तैयार करना है। मंडल स्तर पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डाला। सभी कार्यकर्ताओं से सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर अभियान संयोजक शिव सिंह भारती, कुलदीप दुबे, अनिल शुक्ला सहित जिला एवं मंडल स्तर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।




कार्यशाला के दौरान मौजूद भाजपाई। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### ननिहाल आया युवक लापता

सुमेरपुर। ननिहाल में चल रहे भंडारे में शामिल होने गया युवक ननिहाल से लापता हो गया। खोजबीन के बाद सुराग नहीं मिलने पर पिता ने बिंवार थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। बिंवार थानाक्षेत्र के बण्डा गांव निवासी शिवगोपाल सिंह ने बताया कि उसका इकलौता पुत्र शिवशंकर सिंह (30) तीन फरवरी को अपने ननिहाल छानी में चल रहे भंडारे में शामिल होने गया था। भंडारे में शामिल होने के बाद लापता हो गया है। पिता ने 15 फरवरी को थाने में पुत्र के लापता होने की गुमशुदगी दर्ज कराई है।

### हादसे में चार घायल

कुरारा। कालपी हमीरपुर हाईवे पर गल्ला मंडी के पास ई रिक्शा व बाइक की टक्कर होने से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी लेकर गए जहां उनका प्राथमिक उपचार जारी है। कालपी हमीरपुर हाईवे पर बुधवार को गल्ला मंडी के पास बाइक व ई रिक्शा की जोरदार टक्कर हो जाने से बाइक सवार आसिफ (28) पुत्र अमानत वार्ड नंबर 6 निवासी कुरारा व ई रिक्शा में सवार जगदेव (55) पुत्र भगवानदीन निवासी जल्ला, धीरज (35) पत्नी पुष्पेंद्र निवासी शीतलपुर, राजकली (40) पत्नी तेज प्रताप निवासी शीतलपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीर उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी लेकर गए जहां उनका प्राथमिक उपचार जारी है।

### ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

मौदहा। विवाहिता ने पति सहित आधा दर्जन ससुरालियों पर दहेज में पांच लाख रुपये मांगने का आरोप लगा रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिवांर थानाक्षेत्र के ग्राम मसगवां निवासी अपर्णा द्विवेदी ने बताया कि उसका विवाह तीन साल पहले मथुरा निवासी संदीप द्विवेदी के साथ हुआ था। तभी से ससुराल वाले पांच लाख रुपये की मांग कर उत्पीड़न करते थे। इसी के चलते उसे घर से निकाल दिया। तबसे वह अपने पिता के साथ गांव में रह रही है। पीड़िता ने पति संदीप, माया, मनीष, अनामिका निवासी मथुरा और स्वतंत्र कुमार और मंजू देवी निवासी मसगवां के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### कथित बाबा ने बच्ची को ले जाने का किया प्रयास

मौदहा हमीरपुर। कस्बे में काफी दिनों से बच्चा चोर गैंग की अफवाह फैली थी लेकिन बुधवार दोपहर एक बच्ची को पकड़कर ले जाने के आरोप में एक कथित बाबा को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया गया है। कस्बे के मोहल्ला क्योटरा निवासी रामपाल ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बुधवार दोपहर उसकी नातिन स्कूल से पढ़कर आ रही थी। तभी कथित बाबा उसे पकड़ कर ले जाने का प्रयास करने लगा। इस बीच पीछे से आ रहे उसके नाती ने अपनी बहन को पकड़कर खींचा और शोर मचाया, जिसके बाद मोहल्ले के लोगों ने कथित बाबा को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामला संज्ञान में है लेकिन अभी तहरीर नहीं मिली है।

### युवक ने लगाई फांसी

राठ हमीरपुर। कंदरपुरा मोहल्ला निवासी सुनील (32) पुत्र रामरतन अपने परिवार के साथ रहता था। बुधवार रात संदिग्ध अवस्था में सुनील ने फांसी लगा ली। जब परिजनों ने देखा तो उनके होश उड़ गए। परिजनों ने बताया कि सुनील गुरसरांय में मजदूरी करता था। बताया 14 फरवरी को अपनी पत्नी से मिलने मऊरानीपुर में ससुराल गया था और उसी दिन राठ अपने घर लौट आया था। परिजनों ने बताया कि सुनील शराब पीने का आदी था। वह अपने पीछे पत्नी शारदा और इकलौते पुत्र शिवांश को छोड़ गया है।

# पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से पानी को तरस रहे लोग

## अमन शहीद व पठकाना मुहाल के लोग एक सप्ताह से पेयजल संकट से जूझ रहे

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर






पाइप लाइन की खुदाई करते मजदूर। टैंकर से पानी भरते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गर्मी की शुरुआत होते जल संकट गहराने लगा है। शहर के दो मोहल्लों के लगभग 50-60 घरों के लोग पिछले एक सप्ताह से पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। पेयजल बाजार से तो नहाने-धोने और अन्य कार्य के लिए हैंडपंप और सबमर्सिबल से पानी लेने को मजबूर हैं। दशकों पहले पड़ी पेयजल जलापूर्ति पाइप लाइन ध्वस्त हो गई। इससे दोनों मोहल्ले में जलापूर्ति ठप हो गई। शिकायत के बाद विभाग ने मरम्मत का कार्य शुरू तो करा दिया है, लेकिन बुधवार शाम तक लीकेज न मिल पाने से लोग पानी के लिए त्राहि त्राहि करते रहे।

शहर के अमन शहीद और पठकाना मुहाल के लोग लगभग एक सप्ताह से पेयजल संकट से जूझ रहे है। यहां दशकों पहले पड़ी पाइप लाइन जगह जगह से ध्वस्त है। स्थानीय लोग पेयजल बाजार से तो नहाने-धोने और अन्य कार्य के लिए हैंडपंप और सबमर्सिबल से पानी लेने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार लगभग एक सप्ताह से पेयजल आपूर्ति के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लंबी प्रतीक्षा के बाद तमाम घरों में लोगों ने मोटर से जलापूर्ति की व्यवस्था कर ली। वहीं जहां जलापूर्ति पाइप दुरुस्त है और आपूर्ति बहाल है वहां भी पानी में प्रेशर नहीं है। पानी छत पर स्थित टंकियों में चढ़ नहीं पा रहा है। इससे कार्य प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद जल संस्थान के कर्मचारी मौके पर पहुंचे, लेकिन बुधवार की शाम तक पाइप ठीक नहीं हो सका। इसके चलते लोग पानी के लिये त्राहि त्राहि करते रहे। हालांकि जलसंस्थान ने मोहल्ले वासियों के लिए दो टैंकर पानी उपलब्ध करा दिया है। इस दौरान मोहल्ले वासी टैंकर से पानी ढो ढोकर काम चलाते नजर आए। वहीं जलसंस्थान के अधिशासी अभियंता राहुल सिंह ने बताया कि पाइप लाइन लीकेज की शिकायत मिलने पर मरम्मत का कार्य शुरू कराया है। लीकेज खोजने में समय लग रहा है लीकेज मिलते ही पाइप दुरुस्त कराकर पानी की सप्लाई चालू करा दी जाएगी।

## अब जल संरक्षण की दिशा में होगा प्रोजेक्ट अमृत

**हमीरपुर।** संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में संत निरंकारी मंडल शाखा की ओर से 'प्रोजेक्ट अमृत' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' अभियान के चौथे चरण का भव्य शुभारंभ रविवार को होगा।

जिला संयोजक महात्मा क्रांति कुमार निरंकारी ने बताया कि यह अभियान देशभर में किया जाएगा। यहां जिला मुख्यालय, सुमेरपुर, मौदहा, बिवांर इत्यादि स्थानों में आयोजित किया जाएगा। जल संरक्षण तथा स्वच्छता के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक प्रभावशाली रूप से पहुंचाएगा। इसका मूल उद्देश्य समाज को यह अनुभूति कराना है कि जल केवल संसाधन नहीं, जीवन का आधार और ईश्वर की अमूल्य देन है। संत निरंकारी मिशन ने बाबा हरदेव सिंह की प्रेरणास्पद शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से 'प्रोजेक्ट अमृत' का सूत्रपात किया था। यह पुनीत पहल जल संरक्षण को किसी एक दिवस या अभियान तक सीमित न रखकर उसे जीवनशैली, संस्कार और सेवा-भाव के रूप में अभिव्यक्त करने की प्रेरणा देती है। 22 फरवरी को कार्यक्रम के तहत यमुना तटबंध किनारे रविवार को सुबह आठ से 11 बजे तक होगा।



अवैध अतिक्रमण को हटाती जेसीबी। अमृत विचार

# एक दर्जन अवैध अतिक्रमण पर जमकर गरजा बुलडोजर

संवाददाता, कुरारा हमीरपुर

- विकास खंड के झलोखर गांव में की गई कार्रवाई

**अमृत विचार।** विकास खंड के झलोखर गांव में अवैध रूप से अतिक्रमण करने वालों को नोटिस देने के बावजूद अतिक्रमण न हटाने पर राजस्व व पुलिस विभाग की टीम ने बुलडोजर से करीब एक दर्जन निर्माणों को ध्वस्त करवा दिया। जिससे अतिक्रमणकारियों में खलबली मच गई है।

झलोखर गांव में वार्ड 15 में करीब एक दर्जन लोग कुमहर गड्ढे में अवैध रूप से अतिक्रमण कर भवन निर्माण करा रहे थे। जिसमें राजस्व विभाग व ग्राम पंचायत द्वारा नोटिस दी गई। इसके बावजूद अतिक्रमणकारी हटाने को तैयार नहीं हुए। बुधवार को लेखपाल ने पुलिस के सहयोग से अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को जेसीबी से ध्वस्त करवा दिया।

जिससे अतिक्रमण करने वालों में खलबली मची हुई है। ग्राम प्रधान गायत्री शिवहरे ने बताया कि अगर दोबारा आक्रमण करते हैं तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई कराई जाएगी।

# महिला सशक्तीकरण पर किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता हमीरपुर




जागरूकता रैली निकालते एनएसएस के छात्र। अमृत विचार

- एनएसएस शिविर के दूसरे दिन चलाया अभियान

**अमृत विचार।** बुधवार को ॐ हरिहर स्नातक महाविद्यालय कुंडौरा में एनएसएस शिविर के दूसरे दिन शिविरार्थियों ने शिव मंदिर प्रांगण दरियापुर में महिला सशक्तीकरण पर लोगों को जागरूक किया।

प्रथम व द्वितीय इकाइयों के छात्रों ने ग्राम दरियापुर व कुंडौरा का भ्रमण कर रैली निकाली। गांव की गालियों में घर घर जाकर लोगों को जागरूक किया। रैली के पश्चात सभी शिविर स्थल पर वापस आए और जलपान ग्रहण किया। इसके बाद विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं के साथ समस्त स्टाफ व प्राचार्य डा स्वामी प्रसाद उपस्थिति रहे। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रक्षादीन व रफीक मोहम्मद के अलावा अजीत सिंह, सीमा गुप्ता, मैडम सरिता दुबे, संदीप, मनोज कुमार, अजय कुमार, त्रिभुवन देव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी रक्षादीन ने छात्रों से नारी के प्रति भेदभाव को समाप्त करने की अपील की। इसके बाद डा. सरिता दुबे ने पुरुषवादी समाज पर प्रहार करते हुए कहा कि पुरुष स्त्री को गुलाम बनाना चाहता है। इसीलिए प्रगति नहीं हो पा रही है। इसके बाद प्रीती, अंकित, सुधा व रागिनी ने की अपने अपने विचार व्यक्त किए।

## छेड़छाड़ पर युवक की हुई पिटाई

**बिवांर (हमीरपुर)।** खेत में अकेला पाकर बुरी नीयत से युवक ने हाथ पकड़कर छेड़खानी की। इसको लेकर मोहाल के लोगों के साथ परिजनों ने युवक की जमकर पिटाई कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

18 वर्षीय युवती दोपहर को खेत में अकेली थी। तभी श्याम सिंह अपने खेत में खड़ी फसल की सिंचाई करने गया था। युवती को अकेला पाकर छेड़खानी शुरू कर दी। जानकारी पर युवती के परिजन मोहाल वासियों के साथ खेत पहुंचे और मनचले की जमकर पिटाई कर पुलिस को बुलाया। पुलिस युवक को हिरासत में लेकर थाना ले आई है। युवक ने बताया कि केवल उसका हाथ पकड़ा है। प्रेम प्रकाश ओझा ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है तहरीर के मिलने पर कार्रवाई होगी।

# ट्रक की टक्कर से गई युवक की जान

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** कोतवाली नगर में कानपुर सागर हाईवे पर लक्ष्मीबाई तिराहा के निकट एक ट्रक ने सड़क किनारे साइकिल से जा रहे मेरापुर मोहल्ले के युवक को कुचल दिया। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर भाग निकला। पुलिस युवक को जिला अस्पताल ले गई जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बुधवार दोपहर करीब एक बजे मेरापुर मोहल्ला निवासी अरविंद निषाद (35) पुत्र रघुराज साइकिल से जा रहा था। तभी हाईवे पर कानपुर की ओर से आ रहे ट्रक चालक ने वाहन को तेजगति एवं लापरवाही से चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची कोतवाली नगर पुलिस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल अरविंद निषाद को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गई। जहां चिकित्सकों द्वारा परीक्षण उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। राहगीरों व मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को बताया कि चालक ने लापरवाही से ट्रक चलाकर पीछे से टक्कर मारी है। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर भाग निकला।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा गया है।

### बाइक-स्कूटी की भिड़ंत में चार घायल

राठ हमीरपुर। पनवाड़ी मार्ग पर नौहाई गांव के पास एक स्कूटी और बाइक की आमने सामने भिड़ंत होने से चार लोग घायल हो गए। जिसमें दो भाई बहन हैं। घायलों को इलाज के बाद सीएचसी ले जाया गया। कस्बे के डुमरियापुरा मोहल्ला निवासी सत्यम (19) अपने भाई हेमेंद्र और बहन अनामिका के साथ स्कूटी से पनवाड़ी में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने रात करीब 8 बजे में जा रहा था। बताया जाता है कि नौहाई गेट के पास रॉन्ग साइड से आ रहे कैथा गांव निवासी रामजीवन की तेज रफ्तार बाइक की स्कूटी से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी सवार तीनों भाई बहन और बाइक चालक रामजीवन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी ले जाया गया। जहां से घायलों की हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया है।



वर वधू को आशीर्वाद देते जनप्रतिनिधि। अमृत विचार

# 155 जोड़ों ने थामा एक- दूजे का हाथ

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** राजकीय डिग्री कॉलेज कुछेछा में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया।इस आयोजन में विकास खंड मौदहा, सुमेरपुर, कुरारा एवं नगर पालिका हमीरपुर, मौदहा, नगर पंचायत सुमेरपुर व कुरारा के कुल 180 के सापेक्ष 155 जोड़ों का विवाह सकुशल संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सांसद राज्य सभा बाबूराम निषाद, जिलाधिकारी घनश्याम मीना, नगर पालिका परिषद हमीरपुर अध्यक्ष कुलदीप निषाद, खंड विकास कुरारा प्रमुख आशीष पालीवाल, श्रम एवं रोजगार राघवेंद्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल, बीडीओ सुमेरपुर आशीष कटियार ने आशीर्वाद प्रदान किया।

## लक्ष्मीनारायन यज्ञ की हुई शुरूआत



राठ हमीरपुर। कस्बे के चौपरेश्वर धाम मंदिर में लक्ष्मीनारायन यज्ञ एवं राम कथा का आयोजन शुरू हो गया। पहले दिन कस्बे में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। चौपरा मंदिर परिसर से शुरू हुई कलश यात्रा रामलीला मैदान, पड़ाव, कोटबाजार, उरई बस स्टैंड से होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंची। शोभा यात्रा का जगह जगह जोरदार स्वागत हुआ। शोभा यात्रा में सबसे आगे डीजे पर बज रहे भजनों पर भक्त थिरकते हुए चल रहे थे। इसके बाद पीले वस्त्र धारण किए सिर पर कलश रख मंगल गीत गाते हुए सैकड़ों की तादाद में महिलाएं चल रहीं थी। शोभा यात्रा में बच्चों की सजी नयनाभिराम झांकियां भी चल रही थी। इसके अलावा रथ पर स्वामी वासुदेवाचार्य विद्या भास्कर महाराज समेत अनेक संत चल रहे थे। यात्रा के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया, मनोज बुधौलिया बउआ महाराज, अवधेश पाठक, जयनारायन पचौरी समेत अनेक लोग रहे।

# शिक्षकों की एकता व सक्रियता पर की चर्चा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- शिक्षकों की एकता व सक्रियता पर की चर्चा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय नेतृत्व के निर्देश पर जनपद के विभिन्न ब्लाकों के संघ की कार्य समिति एवं संघर्ष समिति की समीक्षा बैठक में सुमेरपुर कस्बे के धर्मेश्वर बाबा मुहाल में संपन्न हुई। जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह चंदेल की देखरेख में संपन्न हुई समीक्षा बैठक में टीईटी प्रकरण पर शिक्षकों की एकता, सक्रियता एवं आगामी आंदोलन की रणनीति पर व्यापक चर्चा की गयी। संघ की कार्यवाही रजिस्टर का अवलोकन किया गया तथा सभी शिक्षकों एवं पदाधिकारियों को सोशल मीडिया एक्स हैंडल, फेसबुक आदि पर अपनी सक्रियता बनाए रखने को कहा गया।

समीक्षा बैठक को जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चंदेल, जिला उपाध्यक्ष पंकज यादव , जिला उपाध्यक्ष रावेन्द्र सिंह गौर, कुरारा ब्लाक अध्यक्ष रघुराज कुटार, सुमेरपुर ब्लाक अध्यक्ष लक्ष्मी शंकर, वरिष्ठ शिक्षक अम्बरीश कुमार, शिवमंगल त्रिपाठी, नीतिराज सिंह आदि ने संबोधित किया। इस बैठक में ब्लॉक कोषाध्यक्ष मुकेश सिंह, संघर्ष समिति के चन्द्रकिशोर प्रजापति, कुरारा ब्लाक अध्यक्ष रघुराज कुटार, विजय गुप्ता, सुरेश यादव, विनीत द्विवेदी, राघवेंद्र सिंह ,राजेश कुमार, पुरुषोत्तम, अमर सिंह, अनिल कुमार, रणजीत सिंह, हरीनारायण, प्रदीप तोमर आदि रहे।



चेयरमैन को ज्ञापन देते क्रिकेट खिलाड़ी। अमृत विचार

# क्रिकेट मैदान की सफाई के लिये दिया ज्ञापन

संवाददाता, कुरारा हमीरपुर

**अमृत विचार।** नगर पंचायत अध्यक्ष आशारानी कबीर व अधिशासी अधिकारी को नगर के युवा खिलाड़ियों ने ज्ञापन दिया है।

कस्बा निवासी सुधीर, आकाश, जतिन गुप्ता, राहुल, शुभम, समीर आदि ने बताया कि प्रत्येक वर्ष कि भांति ब्लाक के पीछे झुमरी तलैया में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होता है। जिसमें पानी भरा होने के कारण क्रिकेट टूर्नामेंट को मौन बगार ग्रांउड में कराना चाहते हैं।

इस मैदान की साफ सफाई के साथ आदेशित करने की आवश्यकता है। बताया टूर्नामेंट 22 से तीन मार्च तक होगा। जिसमें बाहरी टीमें हिस्सा लेंगी।

परेशानी

10 माह गुजरने के बाद डाली गई गिट्टी, अभी भी काम अधूरा

# पांच किमी मुख्य बाईपास चलने लायक नहीं

संवाददाता, मौदहा हमीरपुर

**अमृत विचार।** नेशनल कॉलेज चौराहे को एनएच 34 से जोड़ने वाला करीब पांच किमी मुख्य बाईपास मार्ग पिछले 10 महीने से बदहाली के आंसू बहा रहा है। कस्बे के वार्ड नंबर 13 और 25 रामनगर के लोगों के लिए विकास अब मुसीबत बन चुका है। ठेकेदार ने डामरीकरण के नाम पर सड़क खोदकर गिट्टियां डाल काम को अधूरा छोड़ दिया है।

वार्ड 13 निवासी छोटेलाल प्रजापति, पंकज द्विवेदी और मनीष गुप्ता ने बताया कि सड़क पर बिछी नुकीली गिट्टियां आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बन रही हैं। दुपहिया वाहन चालक फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। बरसात में तो स्थिति और भी भयावह हो जाती है। यह मार्ग केवल एक रास्ता नहीं, बल्कि हजारों छात्रों के भविष्य की धुरी है। दो इंटर कॉलेज और एक डिग्री कॉलेज इसी रास्ते में हैं। प्रतिदिन दो हजार से अधिक छात्र इसी उबड़-खाबड़ रास्ते से गुजरते हैं। बुधवार से बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं, जिससे इंगोहटा और बिदोखर जैसे गांवों से आने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक समय पर पहुंचने में भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। वार्ड 25 के सभासद वैभव सोनी का कहना है कि सड़क की जर्जर हालत ने स्थानीय बाजार की कमर तोड़ दी है। शादी-विवाह और त्योहारों के सीजन में इंगोहटा और तिंदुही के ग्रामीण खराब रास्ते के कारण बाजार आने से कतरा रहे हैं। इसके अतिरिक्त कस्बे का प्रमुख मंदिर और दो गेस्ट हाउस भी इसी मार्ग पर हैं। जहां होने वाले आयोजनों में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड निवासी जेपी व्यास, नवलकिशोर सैनी, उमाशंकर और रामसनेही विश्वकर्मा ने आक्रोश जताया कि कई बार शिकायतों के बावजूद अधिकारी और संबंधित विभाग नींद में सोया है। ठेकेदार की मनमानी से स्थित नारकीय है। पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता अरुण कुमार सिंह ने बताया कि ईटीए कार्य प्रगति पर है। लगभग 15 मार्च तक कार्य पूर्ण हो जाएगा।



गिट्टी डालकर डामरीकरण के इंतजार में सड़क। अमृत विचार

### युवक के साथ रहने पर अड़ी गर्भवती युवती

बिवांर। छह माह पूर्व थाना कुरारा के झलोखर गांव निवासी रिश्तेदार युवक रोहित के साथ गाजियाबाद गई युवती का मामला थाने तक आ गया है। युवती ने कहा उसके गर्भ में तीन माह का बच्चा पल रहा है। इसी फरवरी में युवक के बहन की शादी होने पर रिश्तेदार उसे छोड़ने का दबाव बना रहे थे लेकिन न छोड़ने पर वह शादी के लिए तैयार नहीं थे, बहन की शादी में पड़ रहे व्यवधान को देखते वह उसे गांव छोड़कर चला गया। बहन की शादी होने पर युवती उसके साथ रहने की जिद पर अड़ी है। युवती ने बताया कि उसके गर्भ में तीन माह का बच्चा पल रहा है। जबकि युवक रखने से इनकार कर रहा है। पीड़िता ने युवक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। युवक को हिरासत में ले लिया गया है।

**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, इटावा।**

पत्रांकः एस0एस0ए0/गुण0वि0/9315/2025–26 दिनांकः 16.02.2026

**निविदा सूचना**

महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, लखनऊ के पत्रांकः प्री0–प्राइमरी/ई0सी0सी0ई0/4834/2024–25 दिनांक 24.08.2024 एवं पत्रांक सामु0 सह0/एल0बी0डी0 इन्सट्रेक्टर–2/5313/2024–25 दिनांक 09.09.2024 के कम में जनपद में 100 ई0सी0सी0एजूकेटर तथा 24 तकनीकी अनुदेशक चयन तथा उनके मानदेय भुगतान हेतु ऑन लाइन जैम पोर्टल के माध्यम से सेवा प्रदाता का चयन किया जाना है। जिसके लिये ऑन लाइन जैम पोर्टल पर बिड संख्या GEM/2026/B/7237163 DATED 13.02.2026 प्रकाशित की गयी है। निविदा की अंतिम तिथि 24.02.2026 की सायः 6:00 बजे है। सेवा प्रदाता के चयन हेतु नियम व शर्ते ऑन लाइन जैम पोर्टल पर उपलब्ध है। इच्छुक निविदा फर्म ऑन लाइन जैम पोर्टल की निविदा संख्या में उल्लखित शर्तो के अनुसार दिनांक 13.02.2026 से दिनांक 24.02.2026 की सायः 6:00 के मध्य प्रतिभाग कर सकती है।

(डा0 राजेश कुमार)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
इटावा

न्यूज ब्रीफ

### स्वास्थ्य शिविर में 75 मरीजों की जांची सेहत

**बेलाताल।** मुख्य चिकित्साधिकारी महोबा डॉ. आशाराम के निर्देश पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. अम्बुज गुप्ता व सीएचसी जैतपुर अधीक्षक डॉ. पवन राजपूत की देखरेख में जैतपुर की राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम ने टिकरिया गांव और उच्च प्राथमिक विद्यालय टिकरिया में शिविर लगाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य टीम गांव में 40 और प्राथमिक विद्यालय के 35 बच्चों का चेकअप किया। स्वास्थ्य टीम में शामिल महिला चिकित्सक डॉ. आकांक्षा सोनी ने बच्चों को खून की कमी से होने वाली बीमारी एनीमिया के लक्षणों और उसके बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. पीएन शर्मा, डॉ. आकांक्षा सोनी, डॉ. अमित गंगेले, प्रधानाचार्य महेश्वर प्रसाद, चंद्रशेखर सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

### बिजली बिल राहत योजना का लाभ उठायें

**चित्रकूट।** विद्युत वितरण मंडल चित्रकूट के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि बिजली चोरी के मामलों में राजस्व में छूट के लिए बिजली बिल राहत योजना लागू की गई है। इसके तहत 20 फरवरी को प्रत्येक उपकेंद्र और खंड कार्यालय में अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि वे छूट प्राप्त करने के बाद बकाया बिल जमा करें।

### पैदल गश्त कर दिया सुरभा का भरोसा

**चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह की अगुवाई में पुलिसकर्मियों ने ट्रैफिक चौराहा, एलआईसी तिराहा एवं पटेल तिराहे पर पैदल गश्त की। और लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया।

यूपी बोर्ड परीक्षाः जिले में पहले दिन नहीं पकड़ा गया एक भी नकलची

# हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा में 929 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, महोबा



परीक्षा केंद्र से निकलते परीक्षार्थी और पुलिस हिरासत में पेपर देने जाता बंदी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बुधवार से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बोर्ड परीक्षा सम्पन्न हुई। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षार्थियों ने दोनों पालियों में हिन्दी विषय की परीक्षा दी। कड़ाई के चलते जिले में एक भी नकलची नहीं पकड़ा गया। कड़ाई के चलते हाईस्कूल के 12018 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 567 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी, जबकि इंटरमीडिएट के पंजीकृत 9920 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 362 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

हाईस्कूल और इंटर की चल रही बोर्ड परीक्षा में पहले दिन भारी संख्या में छात्र छात्राओं ने परीक्षा छोड़ी। पहली पाली में सुबह 8:30 बजे से 11:45 बजे तक संपन्न हुई हाईस्कूल की हिन्दी विषय की परीक्षा में परीक्षार्थियों ने हिन्दी का पेपर हल किया। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की 2 बजे से 5:15 बजे तक हिन्दी विषय के परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान कक्षों में कक्ष निरीक्षकों के घूमने से कोई भी परीक्षार्थी नकल करने का साहस नहीं जुटा सका। दोनों पाली में गेट पर और कक्ष के दरवाजे पर कड़ी चेकिंग के चलते कोई भी छात्र नकल करने का साहस नहीं जुटा सका। पहले दिन की परीक्षाओं में 929 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

परीक्षा शुरू होने के बाद जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट अपनी अपनी गाड़ियों से एक के बाद एक केंद्र में चेकिंग करने के लिए निकल पड़े। वहीं जिला विद्यालय निरीक्षक प्रेमचंद्र, वित्त एवं लेखा अधिकारी ब्रजेश शुक्ला, राजकीय इंटर कालेज कनकुआ प्रधानाचार्य भानु प्रताप ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर जायजा लिया। सारा दिन अधिकारियों की गाड़ियां दौड़ने और सघन चेकिंग चलने और कक्ष केंद्र व्यवस्थापकों की सख्ती के चलते कोई भी परीक्षार्थी नकल करते नहीं पकड़ा गया। परीक्षा केंद्रों के बाहर भारी पुलिस फोर्स लगा रहा। परीक्षा केंद्रों के अंदर किसी को भी आने की अनुमति नहीं थी। मीडिया के लोगों को भी कक्ष के अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई। पहले दिन हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा नकलविहीन तरीके से संपन्न कराई कई।

### जेल से परीक्षा देने पहुंचा छात्र

- महोबा में यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा के दौरान एक छात्र पुलिस कस्टडी में परीक्षा केंद्र पहुंचा। छेड़खानी के आरोप में पांच दिन पहले जेल गए धीरेंद्र कुमार गौर ने श्रीनगर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में अपना पेपर दिया। सिंघपुर बघारी गांव का निवासी धीरेंद्र कुमार गौर मुकुंदलाल इंटर कॉलेज का छात्र है। उस पर छेड़खानी का आरोप है और वह वर्तमान में जिला जेल में बंद है। धीरेंद्र ने बताया कि जब वह अपना प्रवेश पत्र लेने गया, तो एक युवती ने उसके साथ जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल कर गाली-गलौज की। आवेश में आकर उसने युवती को थप्पड़ मार दिया, जिसके बाद उस पर छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कराया गया।

### परीक्षा को लेकर व्यवस्थाएं निर्धारित

- **महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षायं 18 फरवरी से प्रारम्भ हो गई हैं और 12 मार्च तक जारी रहेगी। इन परीक्षाओं को नकलविहीन गुणवत्ता और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराए जाने के लिए व्यावस्थाएं निर्धारित की गई है, जिनका कठोरता के पालन किया जाए।

### बोर्ड परीक्षा में बनाए गए 9 जोनल, 29 सेक्टर मजिस्ट्रेट

- यूपी बोर्ड की संचालित हाईस्कूल, इंटरमीडिएट परीक्षा को नकलविहीन और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने कड़े इंतजाम किए हैं। तीनों तहसीलों में तीन उपजिलाधिकारियों को 9 जोनल मजिस्ट्रेट और 29 सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाए गए। 29 परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए 29 स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए। जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों के परीक्षा केंद्रों पर भ्रमण किए जाने से परीक्षार्थी नकल करना तो दूर इधर उधर भी नहीं देख सके। इसके अलावा चार सचल दल भी बनाए गए, जो एक के बाद एक परीक्षा केंद्रों में जाकर नकलचियों को पकड़े की फिराक में लगे रहे, लेकिन उन्हें कोई भी नकलची नहीं मिला।

### स्ट्रांग रूम में प्रश्नपत्रों को रखकर की जा रही निगरानी

- यूपी बोर्ड परीक्षा में एक तरफ शासन स्तर से कड़ी सख्ती की जा रही है, वहीं दूसरी तरफ प्रश्नपत्र डबल लॉक अलमारी में रखे गए हैं और उन अलमारियों को स्ट्रांग रुम के अंदर रखा गया है। इतना ही नहीं स्ट्रांग रूम और अलमारियों के चारो तरफ सीसी टीवी कैमरों के जरिए निगरानी की जा रही है। उधर शासन स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किए गए, जहां से सारी मानीटरिंग आनलाइन की जा रही है, जिससे परीक्षा निष्पक्ष और नकलविहीन तरीके से संपन्न हो सके।


प्रशिक्षण दौरान मौजूद भाजपाई। अमृत विचार

# संगठन विस्तार है अभियान का मूल आधार : जिला प्रभारी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- भाजपा जिला कार्यालय में प्रशिक्षण महाअभियान के तहत कार्यशाला संपन्न

**अमृत विचार।** भाजपा जिला कार्यालय में प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला प्रभारी संजीव श्रंगऋषि ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित व दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने अपने उद्घाटन उद्बोधन में कहा कि प्रशिक्षण महाअभियान का उद्देश्य संगठन को वैचारिक, संगठनात्मक एवं तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने पांच परिवर्तन एवं नवाचार के विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं की गुणवत्ता, अनुशासन, सेवा भाव, राष्ट्र सर्वोपरि की भावना तथा संगठन विस्तार को अभियान का मूल आधार बताया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं में वैचारिक स्पष्टता और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ किया जाएगा। द्वितीय सत्र में मंडल प्रशिक्षण अभियान की विस्तृत योजना पर चर्चा की गई, जिसमें प्रत्येक 11 मंडलों में मंडल प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया। समापन सत्र में जिला प्रभारी ने कहा कि यह महाअभियान केवल प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि संगठन को नई ऊर्जा एवं दिशा देने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी मंडलों से निर्धारित समयावधि में प्रशिक्षण वर्ग पूर्ण करने एवं अधिकाधिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की गुणवत्ता में वृद्धि, राष्ट्र निर्माण के कार्यों के प्रति समर्पण एवं संगठन की मजबूती ही इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा ने की, जबकि कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री अमित ने किया। इस अवसर पर जिला संयोजक पंकज तिवारी, दीपाली तिवारी, सुनील सेंगर, जनप्रतिनिधि, क्षेत्र एवं प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नन्हें-मुन्ने बच्चों ने नृत्य से किया मंत्रमुग्ध

कार्यालय संवाददाता, महोबा


डांस करते नन्हें-मुन्ने बच्चे। अमृत विचार

- ज्ञान पब्लिक स्कूल का वार्षिकोतसव कार्यक्रम धूमधाम के साथ संपन्न

**अमृत विचार।** ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल (बचपन) कबरई का वार्षिकोत्सव धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वर्षिक उत्सव के मौके पर नन्ने मुन्ने स्कूली बच्चों ने अपनी डांस, गीत के अलावा अन्य सांस्कृति एवं समाजिक विषयों पर आधारित प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में अतिथियों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाणपत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष कबरई सत्वेंद्र सिंह भदौरिया सहित अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जलित कर किया। इसके बाद स्कूली छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद स्कूली बच्चों ने सोशल मीडिया के प्रभाव, हिन्दू मुस्लिम एकता आदि पर आधारित नाटक प्रस्तुत किये। वहीं नन्ने मुन्ने बच्चों ने फिल्मी गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की तालियां बटोरीं। कार्यक्रम के मौके पर विद्यार्थियों के परिजनों की खासी भीड़ जुटी, जिन्होंने बच्चों के हुनर को देखकर तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यालय में इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों की छिपी प्रतिभा निखर कर सामने आती है और उनकी झिझक दूर होती है, जिससे उनकी कला में और अधिक निखार आता है और भविष्य में यही बच्चे अपने माता पिता, गुरुओं के साथ क्षेत्र का नाम रोशन करते हैं। प्रबंधक डॉ. दिलीप सिंह परमार ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कारों का विकास ही विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है। इसलिए बोर्ड के अनुरुप बच्चों को शिक्षा दी जाती है। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी, हिमांश परमार, प्रधानाचार्य विक्रम विश्वकर्मा कल्याण सिंह, रघुराज सिंह, विजयपाल विश्वकर्मा, अंकित सिंह, प्रमोद विश्वकर्माएवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के कुशल निर्देशन में किया गया।


डॉ.एएस.सेंगर और अनुराग सेंगर।

### डॉ.एएस.सेंगर को फाल्स हर्निया की फेलोशिप

**कानपुर।** मुंबई में इंडियन एसोसिएशन ऑफ गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल एंडो-सर्जन्स (आईएजीईएस) का दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ, जिसमे शहर के वरिष्ठ सर्जन डॉ.ए.एस.सेंगर शामिल हुए। यहां पर उन्हें फेलोशिप ऑफ एडवांस लेप्रोस्कोपिक सर्जरी इन हार्निया की फेलोशिप भेटकर सम्मानित किया गया। यह फेलोशिप लेप्रोस्कोपिक सर्जनों को दूरबीन विधि द्वारा की जाने वाली जटिल शल्य चिकित्सा के लिए दिया जाता है। इस मौके पर अनुराग हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. अनुराग सिंह रहे।

# छात्राओं ने सफाई अभियान चला दिया स्वच्छता का संदेश

कार्यालय संवाददाता, महोबा


सफाई अभियान में श्रमदान करती छात्राएं व शिविर में बोलते वक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** साईं डिग्री कालेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर रैली निकाली और इसके बाद महाविद्यालय में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया साथ ही पौधों को पानी भी दिया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. एलसी अनुरागी ने संविधान के मौलिक कर्तव्य 7 के बावत जानकारी दी।

साईं कालेज की एनएसएस छात्राओं ने बुधवार को कालेज से पर्यावरण संरक्षण रैली निकाली, जो मुख्य मार्ग से होते हुए हाईवे तक पहुंची, जहां से वापस पुनः महाविद्यालय आकर संपन्न हुई। रैली के दौरान छात्राएं लाइन बनाकर कदम से कदम मिलाकर चल रही थीं। रैली के बाद छात्राओं ने एनएसएस प्रभारियों के नेतृत्व में महाविद्यालय में सफाई अभियान चलाया। छात्राओं ने हाथों में झाड़ू लेकर मैदान व अन्य स्थानों की सफाई की और इसके बाद एकत्र कूड़े को उठाकर कूड़ेदान में डाला।

एनएसएस छात्राओं ने मैदान में पड़े पत्थर, कांटे व कूड़े को उठाकर सफाई अभियान के प्रति अपना योगदान दिया। मध्यान्ह के उपरांत बौद्धिक सत्र में प्राचार्य ने संविधान के मौलिक कर्तव्य सात का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि सभी नागरिक वन्य प्राणियों, नदी, झील, जल पर्यावरण आदि की रक्षा का कर्तव्य निभाएंगे। इस मौके पर एनएसएस प्रभारी प्रवीण वाजपेयी, शशिकांत अग्रवाल, प्रदीप सिंह, आशीष चौरसिया, रविंद्र कुमार, लोकेश चौरसिया, मारुतिनंदन तिवारी, सुरेंद्र कुमार, रामशरण कुशवाहा, रजनी पटैरिया, अर्चना, शहनावाज खान आदि मौजूद रहे।

### मलिन बस्ती में चलाया गया स्वच्छता अभियान

- **कुलपहाड़।** श्री किशोर गोस्वामी महाविद्यालय में एनएसएस का सात दिवसीय शिविर के प्रथम दिन तहत नगर के मलिन बस्ती टोरियापुरा में आयोजित किया गया। स्वच्छता जागरूकता अभियान का भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. कमलेश सक्सेना ने उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि स्वच्छता अपनाकर कई बीमारियों से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में डीएलएड प्राचार्य राजेश यादव ने कहा कि जीवन में अनुशासन स्वच्छता बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में एनएसएस की प्रथम इकाई के अध्यक्ष दिनेश कुमार व द्वितीय इकाई के अरविंद कुमार के नेतृत्व में हरिजन बस्ती में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर रवि तिवारी, प्रिंस खान, शिवम विश्वकर्मा, हेतराम, सुरेश नारायण, ईशा चक्रवर्ती सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### नारी सशक्तिकरण के प्रति किया जागरूक

- जय बुन्देलखण्ड महाविद्यालय के एनएसएस स्वयं सेवकों ने ग्राम बमहौरी खुर्द में विशेष शिविर लगाया। कार्यक्रम के प्रथम दिन नारी सशक्तिकरण को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनीता सिंह ने कहा कि आजकल नारी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है खेलकूद, शिक्षण संस्थान, एवं पायलट जैसे अहम पदों पर रहकर सेवाय दे रही है। इस मौके पर संगीता, नीरज कुशवाहा, सहित विद्यार्थी मौजूद रहे।

# लिंक रोड बनवाने की जिलाधिकारी से लगाई गुहार

कार्यालय संवाददाता, महोबा


कलेक्ट्रेट में समस्या को लेकर खड़े ग्रामीण। अमृत विचार

- सड़क का निर्माण न कराए जाने पर ग्रामीण देंगे धरना

**अमृत विचार।** तहसील चरखारी के अतरौली गांव की लिंक रोड की लंबे समय से स्थिति खराब बनी हुई है। मार्ग की जर्जर हालत को देखते हुए ग्रामीणों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर लिंक रोड के निर्माण की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि बीस दिन के अंदर सड़क का निर्माण कार्य नहीं कराया जाता तो आंदोलन कर धरने पर बैठने के लिए मजबूर हो जाएंगे।

जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि अतरौली गांव के लोग आज भी पक्की सड़क जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित है। गांव को काकून और कीरतपुरा मार्ग से जोड़ने वाला लिंक रोड लंबे समय से खराब स्थिति में है। गांव से तीन किमी. तक सड़क बनी हुई है, लेकिन बीच का लगभग 350 मीटर का हिस्से का निर्माण न होने से रोड दलदल में बदल गई है। बताया कि इस रास्ते के कारण बच्चे स्कूल नहीं जा पाते और मजदूर समय पर काम पर नहीं पहुंच पाते हैं। इतना ही नहीं सबसे ज्यादा स्थिति तब खराब होती है जब कोई ग्रामीण बीमार पड़ता है और उसे अस्पताल तक ले जाना बेहद मुश्किल हो जाता है।

ग्रामीणों का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने बीस दिन के अंदर समस्या का निस्तारण कराए जाने का आश्वासन दिया है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि उनका धैर्य अब जवाब दे चुका है और उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि इस बार भी वादा पूरा नहीं हुआ और दिए गए समय पर सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जाता तो मजबूरन सड़कों पर उतरकर आंदोलन करते हुए धरने पर बैठ जाएंगे। ज्ञापन देने वालों में लखचंद्र, रामकुमार, संतोष कुमार, विनोद कुमार सहित तमाम ग्रामीण शामिल हैं।

# प्रधानों और सचिवों को दी जानकारी

संवाददाता बेलाताल महोबा


प्रशिक्षण लेते प्रधान व सचिव। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत ब्लाक सभागार जैतपुर में चल रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिन ग्राम प्रधानों, ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों और रोजगार सेवकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक पूजा अरजरिया ने पोर्टल एसएनए और स्पर्श पोर्टल के बारे में जानकारी दी साथ ही पोर्टल में कार्य करने के गुर भी सिखाए।

प्रशिक्षक नितिन ने बताया कि एसएनए स्पर्श क्या है यह कैसे काम करता है, पीएफएमएस के मुख्य कार्य मेकर चेकर का प्रोफाइल पंजीयन एवं डीएससी पंजीयन, पीएफएमएस पर रिपोटिंग और एसएनए स्पर्श पर भुगतान की प्रक्रिया का ज्ञान कराया गया साथ ही उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करना है, जिसके तहत 2022-2026 तक जमीनी स्तर पर सतत विकास लक्ष्यों एसडीजीएस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एडीओ पंचायत कमलेश अनुरागी ने प्रतिभागियों को आनलाइन भुगतान प्रक्रिया सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि तकनीकी रूप से वित्तीय साक्षारता होना प्रतिभागियों को आवश्यक है तथा प्रशिक्षण से सभी को वित्तीय साक्षरता की जानकारी मिलती है। इस मौके पर सचिव अरविंद पाठक, दयाशंकर जायसवाल, हर्षिक नगायच, पुष्पेंद्र बहादुर सिंह, अर्चना गुत्ता, कामता प्रसाद, ग्राम प्रधान विमलेश मिश्रा, साधना, रोशनी, अनामिका, नन्हेराम ग्राम प्रधान अजनर, गीतांजलि ग्राम प्रधान धवर्रा, उमादेवी मौजूद रहीं।

दिये निर्देश

पुलिस ने मासिक सैनिक सम्मेलन में पुलिस कर्मियों की सुनीं समस्याएं

# त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराएं : एसपी

कार्यालय संवाददाता, महोबा


बैठक में निर्देश देते एसपी प्रबल प्रताप सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मासिक सैनिक सम्मेलन एवं अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी होली व रमजान को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित संपन्न कराने और कानून व्यवस्था और बेहतर बनाए जाने के जिला पुलिस को निर्देश दिए। मासिक सैनिक सम्मेलन में एसपी ने पुलिस कर्मियों की समस्याओं का गंभीरतापूर्वक अनुश्रवण कर उनके त्वरित एवं न्यायसंगत निस्तारण के निर्देश दिए गए साथ ही पुलिस बल के मनोबल, अनुशासन एवं कार्यदक्षता को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर आवश्यक सूचनाएं संकलित करें और त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन करते हुए बीट बुक तैयार की जाए साथ ही पूर्व में घटित घटनाओं की समीक्षा की जाए। संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी, सतत गश्त एवं प्रभावी रणनीति अपनाई जाए। मस्जिद, मजार एवं ईदगाहों का भ्रमण कर इमामों व गणमान्य नागरिकों से संवाद बनाए रखे। एसपी ने कहा कि होली पर्व के दृष्टिगत अवैध शराब बिक्री, नशाखोरी एवं हुड़दंग पर प्रभावी रोक लगाई जाए। जुआ अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम, शस्त्र अधिनियम, गैंगस्टर एक्ट एवं गुंडा एक्ट के तहत कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

एसपी ने पंजीकृत अभियोगों की प्राथमिक जांच 24 घंटे में पूर्ण कर पीड़ित से संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए। एसपी नेहोलिका दहन के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि सभी स्थानों पर कमेटी गठन कर सदस्यों को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया जाए साथ ही शासन की गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित कराया जाए। सभी होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं भी बिजली के तारों के नीचे होलिका दहन न हो रहा है। इस अवसर पर सीओ नगर अरुण कुमार सिंह, सीओ चरखारी दीपक दुबे, सीओ कुलपहाड़ रविकांत गोंड, क्षेत्राधिकारी अपराध व साइबर गौरव उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी कार्यालय तेज प्रकाश सिंह, आरआई शिवकुमार सहित जिले के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष और शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### शुरू हो सकती है रोडवेज बस सेवा

चित्रकूट। ग्रामीण क्षेत्र भैंसोंधा को रोडवेज की यातायात सुविधा से जुड़ने की उम्मीद है। इस संबंध में महावीर फाउंडेशन ट्रस्ट लखनऊ ने परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को पत्र भेजकर भैंसोंधा में बस स्टैंड स्थापना और चित्रकूट से भैंसोंधा से बबेरू बस सेवा शुरू करने का प्रस्ताव रखा है। ट्रस्ट के चेयरमैन डा. बीएल सिंह ने बताया कि भैंसोंधा– बबेरू क्षेत्र काफी समय से परिवहन सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। भैंसोंधा में बस स्टैंड स्थापित कर बस संचालन शुरू किया जाता है, तो इससे क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने परिवहन मंत्री से मुलाकात के दौरान प्रस्ताव पर जल्द कार्रवाई का अनुरोध किया। बताया कि मंत्री ने प्रस्ताव पर सकारात्मक आश्वासन दिया।

### जलवायु परिवर्तन की दी जानकारी

चित्रकूट। अकबरपुर में बुधवार को विकास पथ सेवा संस्थान के तत्वावधान में कृषि आधारित जलवायु परिवर्तन एवं पृथ्वी रक्षा यात्रा के तहत जागरूकता कार्यक्रम किया गया। डॉ. प्रभाकर सिंह ने कहा कि जलवायु परिवर्तन आज कृषि क्षेत्र के सामने गंभीर चुनौती है। समय रहते प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण नहीं किया गया तो आने वाली पीढ़ियों को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष शंभू सिंह चंदेल ने कहा कि जलवायु परिवर्तन केवल सरकार या किसी एक संस्था का विषय नहीं है बल्कि यह हम सभी की जिम्मेदारी है। वंशगोपाल ने वर्षा जल संचयन, पौधरोपण, गोआधारित कृषि पद्धति तथा रासायनिक उर्वरकों के सीमित उपयोग जैसे व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी। इस मौके पर लवलेश सिंह, रामदुलारी, महेश यादव, समीर खान, उमेश आदि मौजूद रहे।

### शिकायत निवारण तंत्र पर किया जागरूक

चित्रकूट। भारतीय रिजर्व बैंक के तत्वावधान में बुधवार को ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में शिकायत निवारण तंत्र के बारे में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। सहायक प्रबंधक अरविंद्र कुमार ने वित्तीय फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट एवं शिकायत निवारण से संबंधित जानकारी दी। जिला स्तरीय मुद्रा प्रबंधन समिति की बैठक में चित्रकूट, बांदा, महोबा एवं हमीरपुर के अग्रणी जिला प्रबंधक मौजूद रहे।। सहायक प्रबंधक आनंद कबीर ने बैंकर्स को पेमेंट के डिजिटल तरीके और डिजिटल फ्रॉड से बचाव की जानकारी दी। आरसेटी निदेशक ओमप्रकाश कुरील ने सभी का आभार जताया।

### शराब समेत गिरफ्तार

मऊ (चित्रकूट)। एसआई अभिषेक कुमार वर्मा ने आरोपी प्रीतम यादव पुत्र मटरू निवासी ग्राम नीबी को 18 अदद देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध थाने में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### एसओ ने छात्र को परीक्षा केंद्र पहुंचाया

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा के पहले दिन एक छात्र गलती से केएलपी मेमोरियल इंटर कालेज कलवलिया रोड टेरा बुजुर्ग में परीक्षा देने पहुंच गया। जब उसने प्रवेश पत्र देखा तो पाया कि परीक्षा केंद्र हरिमोहन सिंह इंटर कालेज बछरन है। इसपर एसओ राजापुर लाखन सिंह ने अपने वाहन में बैठाकर समय से परीक्षा केंद्र पहुंचाया।

# 16 में से 11 प्रोफेसर परीक्षा ड्यूटी पर, कक्षाएं बंद

## महाविद्यालय के विद्यार्थी बोले, कैसे होगी पढ़ाई, अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की परीक्षा में प्रवक्ताओं की ड्यूटी लगाए जाने से गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेड़ी पुलिया के छात्र-छात्राएं परेशान हैं। इनका कहना है कि 16 में से 11 शिक्षकों की तो ड्यूटी लगा दी गई है और ऐसे में पढ़ाई हो नहीं पा रही। संबंधित विषयों में उनके फेल होने की आशंका है। विद्यार्थी बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी के न मिल पाने पर एक अन्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

विद्यार्थियों का कहना था कि डिग्री कालेज के प्रोफेसरों की लगातार बोर्ड परीक्षा ड्यूटी लगाए जाने से शिक्षण कार्य बाधित हो रहा है। पिछले दो वर्षों से महाविद्यालय के शिक्षकों की ड्यूटी माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं में लगाई जा रही हैं और इससे नियमित कक्षाएं नहीं चल पा रही हैं। पढ़ाई प्रभावित हो रही है और परिणामों में बैक पेपर आने की आशंका बढ़ रही है। जिलाधिकारी को भेजे पत्र में निहारिका त्रिपाठी, गीतांजली, रुची, पिंटू, साधना, अंशिका, पूजा, सीमा, रोहित कुमार, संजय आदि छात्रों ने आरोप लगाया कि इससे बीए, बीएससी, बीकॉम और एमए समेत कई पाठ्यक्रमों की पढ़ाई लगभग ठप हो गई है। उनका कहना है कि अन्य विभागों के अधिकारियों को परीक्षा ड्यूटी से छूट दी गई है, जबकि कॉलेज के शिक्षकों पर ही अधिक भार डाल दिया गया है, जिससे शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है। जिलाधिकारी से विद्यार्थियों ने अनुरोध किया कि प्रोफेसरों की ड्यूटी हटवाएं, जिससे पठनपाठन सुचारु हो सके।



जिलाधिकारी से गुहार लगाने पहुंचे गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं। अमृत विचार

### पढ़ाई न होने से आ रहे बैक पेपर

- जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन में अनुराधा देवी, शिखा पांडेय, रोशनी पांडेय, दीपक विश्वकर्मा, अनुराग सोनी, संजय कुमार प्रजापति, वीरेंद्र सिंह आदि ने बताया है कि महाविद्यालय के प्रोफेसरों की ड्यूटी माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं में लगाने से सेमेस्टर की पढ़ाई और शिक्षण कार्य पूरी तरह बाधित हो रहा है। इससे रिजल्ट में बैक पेपर आ रहे हैं।

**चार अप्रैल तक पूरा होना है पठनपाठन:** विद्यार्थियों ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार, सेमेस्टर के 90 दिवसीय शिक्षण कार्य को अनिवार्यतः चार अप्रैल तक पूरा किया जाना है। प्रायोगिक परीक्षाएं 10 अप्रैल तक होनी हैं। इसके बाद 11 अप्रैल से 10 मई तक सेमेस्टर परीक्षा होनी हैं। अगर शिक्षक बोर्ड परीक्षा की ड्यूटी में लगे रहे तो उनका कोर्स कैसे पूरा होगा और अगर कोर्स पूरा न होगा तो परीक्षा कैसे देंगे।

**ड्यूटी लगाने पर भी उठाए सवाल:** महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रोफेसरों की बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी लगाने के औचित्य पर भी सवालिया निशान लगाए हैं। इनका कहना है कि सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के पत्रांक 31 जनवरी 26 में जिले के 56 विभागों के अधिकारियों को कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त करने को कहा गया है। इसमें उच्च शिक्षा के अधिकारियों और प्रोफेसरों को शामिल नहीं किया गया है। जबकि कई विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी नहीं लगाई गई और लगाई है तो बहुत कम।

### हर साल बैक आने की आशंका: रघुनंदन सिंह



- कलेक्ट्रेट और पीडब्लूडी के ज्यादातर कर्मचारियों की ड्यूटी नहीं लगाई गई और हमारे यहां के प्रोफेसरों की ड्यूटी लगा दी गई। सात–आठ क्लास ही लग पाए हैं। ऐसे में बैक आने की आशंका हर साल रहती है।

### कहा जा रहा है कि सेल्फ स्टडी करो: रजनी अवस्थी



- हमें आश्वासन दिया जा रहा है। कहा जा रहा है कि सेल्फ स्टडी करें। अगर सेल्फ स्टडी करना है तो फिर कालेज क्यों हैं। फिर हम लोगों का बैक पेपर आएगा तो फिर इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# ब्रेकर पर उछला ट्रैक्टर गिरकर मां-बेटी की मौत

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** भरतकूप थाना क्षेत्र में बुधवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में मां-बेटी की मौत हो गई। गोबरिया गांव के पास ट्रैक्टर के अचानक उछलने से दोनों नीचे गिर गईं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। इनको जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कमासिन (बांदा) निवासी समीना (22) अपनी दो वर्षीया पुत्री सना के साथ बुधवार को गोबरिया से अपने ससुराल कमासिन लौट रही थी। दोनों एक ट्रैक्टर पर सवार थीं। बताया जाता है कि गांव के बाहर बने ब्रेकर पर ट्रैक्टर अचानक उछल गया, जिससे मां-बेटी का संतुलन बिगड़ गया और वे नीचे गिर गईं। गिरने से दोनों को गंभीर चोटें आईं।

स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवरामपुर पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए डाक्टरों ने जिला अस्पताल रिफर कर दिया। इलाज के दौरान मां-बेटी दोनों ने दम तोड़ दिया। भरतकूप थाना प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों को दुर्घटना की सूचना दे दी गई है और पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

## कैंप लगाकर जांची जाएगी सेहत

चित्रकूट। जनपद न्यायाधीश और अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शेषमणि शुक्ला के मार्गदर्शन में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर से संबंधित प्री कैंप का आयोजन किया गया। बताया गया कि शिविर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किया जाएगा। अपर जिला जज/नोडल अधिकारी अनुराग कुरील ने बताया कि लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए 22 फरवरी को राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में प्रशासन और न्यायपालिका के समन्वित प्रयास से यह शिविर लगेगा। समस्याओं का त्वरित निदान किया जाएगा। सिविल जज (सी.डि.)/ सहायक नोडल अधिकारी सचिन कुमार दीक्षित ने बताया कि शिविर के माध्यम से विधिक जानकारी एवं सहायता प्रदान की जाएगी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इला चौधरी ने बताया कि शिविर में आवेदक अपने साथ पहचान पत्र एवं संबंधित योजना से जुड़े आवश्यक दस्तावेज अवश्य लाएं।



परीक्षार्थी के प्रवेश पत्र की जांच करती शिक्षिका। अमृत विचार

# कड़ी सुरक्षा और निगरानी के बीच शुरू हुईं परीक्षाएं

**यूपी बोर्ड परीक्षा**

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- पहली पाली में 656 और दूसरी पाली में 299 परीक्षार्थी गैरहाजिर

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो गईं। पहले दिन हिंदी विषय की परीक्षा में कुल 24,775 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया।

परीक्षा को नकलविहीन बनाने के लिए पूरे जिले के 40 परीक्षा केंद्रों के 503 कमरों में 1250 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। दस शिक्षकों की टीम लगातार स्क्रीन पर नजर बनाए रहे। प्रशासन ने चार जोनल, 16 सेक्टर एवं 40 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए थे। कड़ी निगरानी के बीच पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। हाईस्कूल की प्रथम पाली में आयोजित हिंदी की परीक्षा में 13,497 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 12,841 उपस्थित रहे, जबकि 656 अनुपस्थित पाए गए। वहीं इंटरमीडिएट की दूसरी पाली में हिन्दी विषय की परीक्षा में 10,958 पंजीकृत छात्रों में से 10,659 उपस्थित रहे, जबकि 299 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में सात परीक्षा केन्द्रों को संवेदनशील घोषित किया गया है, जिनमें बजरंग इंटर कालेज सपहा, राजकीय इंटर कालेज घुरेटनपुर, रतननाथ इंटर कालेज रसिन, लाला भाई इंटर कालेज कपना इटौरा, महर्षि बाल्मीकि इंटर कालेज खंडेहा, बाबा प्राणनाथ इंटर कालेज पूरबपताई मऊ तथा सिया सिंह इंटर कॉलेज खोपा भदेहदू शामिल हैं। इन केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल और मजिस्ट्रेटों की विशेष तैनाती की गई थी।

**रोल नंबर खोजने में छात्रों को परेशानी:** मुख्यालय स्थित चित्रकूट इंटर कालेज में परीक्षार्थियों की मानें तो उनको अपना रोल नंबर खोजने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# शराब की दुकान से पार किये रुपये और बोतलें

कार्यालय, संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में चोरी की घटनाओं ने लोगों की नींद उड़ा दी है। मंगलवार रात स्टेशन रोड स्थित अंग्रेजी शराब के ठेके को निशाना बनाते हुए चोरों ने करीब तीन लाख रुपये की बोतलें समेत नकदी पार कर दी। वहीं एक अन्य घटना में गेस्ट हाउस परिसर से एक बाइक चोरी चली गई।

चोरों ने देर रात ठेके का ताला तोड़कर करीब तीन लाख रुपये की बोतलें समेत नकदी पार कर दी। सीसीटीवी कैमरे भी उखाड़कर ले गए। जानकारी मिलते ही ठेका संचालक राजेश तिवारी निवासी सतना ने पुलिस को सूचना दी। रेहुटिया स्थित किंकर कुंज गेस्ट हाउस से बीते दिनों एक बाइक चोरी हो गई। शैलेंद्र ने बताया कि उसके परिजन धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे और दोपहर में बाइक खड़ी की गई थी। जब अपराह्न लगभग तीन बजे बाहर आए तो बाइक गायब थी। गेस्ट हाउस के सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध युवक नजर आया है, जो गले में गमछा बांधे परिसर में प्रवेश करता है और बाइक लेकर मानिकपुर की दिशा में जाते हुए दिखाई देता है।

# इंटरलॉकिंग सड़क में अनियमितता

संवाददाता, रामनगर चित्रकूट

- लोगों ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप, की जांच की मांग

**अमृत विचार।** आकांक्षी विकास खंड रामनगर की ग्राम पंचायत सिरावलमाफी में ग्राम पंचायत द्वारा बनाई जा रही इंटरलॉकिंग सड़क की गुणवत्ता पर सवालिया निशान लगने लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा मानकों को ताक पर रखकर निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है और बेस तैयार करने में निर्धारित मानकों का पालन भी नहीं किया जा रहा है। इनका यह भी कहना है कि इसके साथ स्वीकृति दूरी से लगभग 100 मी की सड़क का निर्माण भी छोड़ दिया गया है। इससे बड़ी दिक्कत होगी लेकिन इस मामले में कोई बोल भी नहीं रहा है। उधर, ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि इस इंटरलाकिंग सड़क में बनाई जा रही साइड वाल में भी नियमों की अनदेखी की गई है, जो गलत है। दावा किया कि नियमानुसार हर साइड वाल के निर्माण में तीन ईंट तक की ऊंचाई देने का मानक है लेकिन यहां दो ईंटें, वह भी घटिया ईंट का प्रयोग कर सिर्फ औपचारिकता की गई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। इस संबंध में सिरावल प्रधान प्रतिनिधि सत्य नारायण सिंह से फोन पर बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने घर में भागवत कथा होने के कारण बाद में बात करने के लिए कहकर फोन काट दिया। सचिव अनुराग पांडेय का फोन नेटवर्क क्षेत्र के बाहर बताता रहा।

# काम पूरा करने पर बीएलओ सम्मानित

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत तार्किक विसंगति (लाजिकल डिस्क्रेपेंसी) का काम शतप्रतिशत पूरा करने पर बीएलओ को सम्मानित किया गया। इनमें शिक्षक और शिक्षामित्र शामिल हैं।

अपर जिलाधिकारी और उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नो मैपिंग एवं लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी श्रेणी के मतदाताओं को नोटिसों पर अधिकारियों द्वारा सुनवाई की जा रही है। कई जगहों पर बीएलओ ने शतप्रतिशत काम पूरा कर लिया है। इनमें हेमराज सिंह, विपिन शुक्ला, शत्रुहन प्रसाद, रामसजीवन, सत्यप्रकाश, विपिन कुमार, क्षितिज कुमार, सूर्यकांत सिंह, अजीत सिंह, अरुण कुमार सिंह, देशराज सिंह, जयप्रताप, हरिओम पांडेय, जयराम शामिल हैं। इनको उप जिलाधिकारी कर्वी एवं मऊ ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।




बीएलओ को सम्मानित करतीं एसडीएम पूजा साहू। अमृत विचार

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी D.Ed. (Diploma in Education) (V.I.) फाइनल की मार्कशीट, जिसका रोल नं0– 16181035 है, वास्तव में खो गयी है। **रतनेश कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम माधौनगर पोस्ट मिघौली थाना विशुनगढ़ जनपद कन्नौज।**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र समीर व पुत्रवधू चानिया पठान को गलत आचरण के चलते संबंध विच्छेद कर चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है अब मुझे व मेरे परिवार के सदस्यों को उनके द्वारा किए गए अच्छे अथवा बुरे कृत्य से मेरा वह मेरे परिवार का कोई लेना देना नहीं है। इनके द्वारा किए गए कोई भी प्रकार के लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **इरफान पुत्र शमशाद हाल निवास– सैनिक कॉलोनी, रजानगर, औरैया।**

**सूचना**
सूचित हो कि मोहम्मद लतीफ पुत्र गनी ने पासपोर्ट में नाम की स्पेलिंग त्रुटि सुधार हेतु शपथपत्र प्रस्तुत किया है। आधार कार्ड के अनुसार उनका सही नाम "Mohammad Lateef" है, जबकि पासपोर्ट में गलती से "Mohammad Latif" अंकित हो गया। शपथी ने संबंधित अधिकारी से नाम की वर्तनी संशोधित कर शुद्ध करने का अनुरोध किया है। **मोहम्मद लतीफ पुत्र गनी निवासी दिगितपुरुवा, पोस्ट गंगवल बाज़ार, थाना विशेश्वरगंज, बहराइच।**

**सूचना**
सूचित करना है कि शपथी के पासपोर्ट संख्या– N7912799 में नाम रईश अंकित है। शपथी पासपोर्ट में अपने नाम के आगे सरनेम अंसारी दर्ज कर नाम रईश अंसारी पुत्र हामिद अली कराना चाहता है। **रईश अंसारी पुत्र हामिद अली (शपथी) निवासी ग्राम जनकपुर, पोस्ट भगवानपुर, थाना कोतवाली जरवा, परगना व तहसील तुलसीपुर, जनपद बलरामपुर।**

**सूचना**
मैं अपने बड़े लड़के कमालुद्दीन तथा उसकी पत्नी तरन्नुम को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल– अचल संपत्ति व संबंधों से बेदखल करता हूं। भविष्य में इन दोनों का मेरी चल अचल – संपत्ति में कोई अधिकार और दावा नहीं होगा। **गामा पुत्र हनीफ निवासी वार्ड नंबर 13 गैंसड़ी नगर पंचायत, परगना व तहसील तुलसीपुर, जिला बलरामपुर**

**सूचना**
मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2018 अनुक्रमांक 1605182 का प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **जहांगीर पुत्र शमशाद बेला बस्ती, बेला जनपद – औरैया**

**सूचना**
मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2023, अनुक्रमांक 1231412766 का प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **जीवन पुत्र कैलाश कुमार हरचंदापुर वढिन जनपद – औरैया**

**सूचना**
मेरे पासपोर्ट संख्या– M6390569 वैद्यता (10.02.2015 से 09.02.2025) में मेरा नाम MHHAMMAD TOOFEEQ, पिता का नाम ABDUL HAFEEZ, माता का नाम SHAHNAZ BEGUM एवं पता 193, MAKSUDAPURA 2 ETAWAH गलत अंकित हो गया है। जबकि मेरा सही नाम मोहम्मद तौफीक (MOHAMMAD TAUFEEQ), माता का सही नाम अल्ला: रक्खी (ALA RAKHI) व पिता का सही नाम अब्दुल हफीज़ अंसारी (ABDUL HAFEEZ ANSARI) एवं सही पता 193, MAQSOODPURA, ETAWAH है। मुझे व मेरे पिता व माता को इसी नाम व पते से जाना व पहचाना जाये। **मोहम्मद तौफीक पुत्र अब्दुल हफीज अंसारी निवासी 193 मकसूदपुरा इटावा**

**सूचना**
मेरे पुत्र MOHAMMAD FAHEEM के पासपोर्ट संख्या– पी 8619200 में त्रुटि वश मेरा नाम HAFIZ MOHAMMAD KALEEM अंकित हो गया है। इसे संशोधित कर मेरा सही नाम MOHAMMAD KALEEM लिखा व पढ़ा जाए। **MOHAMMAD KALEEM पुत्र ABDUL KAREEM निवासी 401/80, अब्दुल अजीज रोड, लखनऊ।**

**सूचना**
मैं शिव शंकर सिंह पुत्र रामकुमार सिंह, निवासी ग्राम/पोस्ट तुलसीपुर माझा, थाना नवाबगंज, तहसील तरबगंज, जिला गोंडा, का निवासी हूँ। मेरा हाईस्कूल (वर्ष 2002) अंकपत्र अनुक्रमांक 1385447 एवं इंटरमीडिएट (वर्ष 2004) अंकपत्र अनुक्रमांक 0649306 दिनांक 15 फरवरी 2026 को घर से बाजार जाते समय कहीं गिरकर खो गया है। बहुत ढूढ़ने पर भी नहीं मिला। उक्त प्रमाणपत्रों के दुरुपयोग के लिए मैं उत्तरदायी नहीं रहूँगा। मो.:7007194724

**सलाह**

## एंटीबायोटिक दवाएं हो रहीं बेअसर, चिकित्सक चिंतित

# बिना चिकित्सकीय सलाह टेबलेट खाना नुकसानदेह

संवाददाता, मऊ चित्रकूट

**अमृत विचार।** एंटीबायोटिक दवाओं के घटते असर को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ रही है, जिनमें सामान्य एंटीबायोटिक दवाएं अपेक्षित असर नहीं दिखा रहीं। विशेषज्ञ इसे एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस की बढ़ती समस्या मान रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन पहले ही चेतावनी दे चुका है कि यदि एंटीबायोटिक प्रतिरोधकता पर लगाम नहीं लगाई गई, तो सामान्य संक्रमण भी जानलेवा हो सकते हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, सर्दी-जुकाम, बुखार या गले के दर्द में भी कई लोग सीधे मेडिकल स्टोर से एंटीबायोटिक खरीद लेते हैं। जबकि ऐसे अधिकांश मामले वायरल संक्रमण के होते हैं, जिनमें एंटीबायोटिक की जरूरत नहीं होती। चिकित्सको ने बताया कि मरीज अक्सर दो-तीन दिन में आराम मिलते ही दवा बंद कर देते हैं। इससे बैक्टीरिया पूरी तरह खत्म नहीं होते और आगे चलकर दवा के प्रति प्रतिरोधक बन जाते हैं।

**बढ़ रहा इलाज का खर्च:** डाक्टरों का कहना है कि जब सामान्य दवाएं असर नहीं करतीं तो अधिक शक्तिशाली और महंगी एंटीबायोटिक देनी पड़ती हैं। इससे मरीजों पर आर्थिक बोझ बढ़ता है और अस्पताल में भर्ती रहने की अवधि भी लंबी हो जाती है। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि यही स्थिति रही तो भविष्य में सामान्य सर्जरी और प्रसव जैसी प्रक्रियाएं भी जोखिम भरी हो सकती हैं।

**ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की कमी:** ग्रामीण इलाकों में प्रशिक्षित डाक्टरों की कमी के कारण झोलाछाप चिकित्सकों का बोलबाला है। ये बिना किसी वैज्ञानिक आधार के एंटीबायोटिक दवाएं धड़ल्ले से लिखते हैं। कई बार तो सामान्य वायरल संक्रमण में भी शक्तिशाली एंटीबायोटिक दे दी जाती है, जिससे मरीज को तात्कालिक राहत तो मिलती है, लेकिन दीर्घकालिक नुकसान होता है।

### क्या कहते हैं डाक्टर



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर के चिकित्साधीक्षक डा. शेखर वैश्य ने लोगों से अपील की है कि वे स्वयं दवा लेने से बचें और किसी भी संक्रमण की स्थिति में सरकारी अस्पताल या अधिकृत चिकित्सक से ही परामर्श लें। ठीक होने के बाद भी दवा का पूरा कोर्स करें। डाक्टर के परामर्श के बगैर एंटीबॉयोटिक लेने से बचें।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ के डा. प्रखर निगम बताते हैं कि अधिकांश एंटीबायोटिक दवाएं बिना डॉक्टर की पर्ची के मेडिकल स्टोर्स से आसानी से मिल जाती हैं। लोग ज़रा–सी खांसी, बुखार या गले में खराश होने पर खुद ही दवा खरीद लेते हैं। इससे न केवल गलत दवा का सेवन होता है, बल्कि अधूरी डोज़ लेने से भी मरीज को दिक्कत होती है।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर के चिकित्साधीक्षक डॉ. देवमणि त्रिपाठी ने बताया कि आजकल मरीज सामान्य खांसी आने पर भी मेडिकल स्टोर से एंटीबायोटिक ले लेते हैं, जो कि गलत है। इससे लोगों में शुरुआत में तो आराम मिलता हैं लेकिन संक्रमण और बढ़ जाता है। मरीजों को और दिक्कत होती है। लोगों से अपील है कि चिकित्सक से परामर्श लेने के बाद ही दवा का सेवन करें।

### क्या नहीं करना चाहिए

- बिना डॉक्टर की सलाह के एंटीबायोटिक न लें।
- सर्दी–जुकाम या वायरल बुखार में एंटीबायोटिक न लें।
- दवा का कोर्स बीच में बंद न करें।
- बची हुई पुरानी एंटीबायोटिक दोबारा न लें।
- किसी और की दवा खुद न लें और अपनी दवा दूसरों को न दें।
- मेडिकल स्टोर से बिना पर्ची एंटीबायोटिक लेने की आदत न डालें।
- साफ–सफाई और हाथ धोने में लापरवाही न करें।

### क्या है एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस और सुपरबग

- जब गलत तरीके से एंटीबायोटिक लेते हैं तो कुछ बैक्टीरिया बच जाते हैं और समय के साथ वे दवा के खिलाफ मजबूत हो जाते हैं। फिर वही दवा भविष्य में संक्रमण को ठीक नहीं कर पाती। साथ ही जब कोई जीवाणु (बैक्टीरिया) इतना ताकतवर हो जाए कि सामान्य एंटीबायोटिक दवाएं उस पर असर न करें, तो उसे सुपरबग कहा जाता है।



सपने सच होने की संभावना ही जीवन को रोचक बनाती है।
-पाउलो कोएल्हो, ब्राजीलियन लेखक

## समझौता और संभावनाएं

भारत और फ्रांस के बीच रक्षा, शिक्षा, संस्कृति, नागरिक उड्डयन, तकनीक और आर्थिक सहयोग को व्यापक रूप से आगे बढ़ाने के लिए हुए उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय वार्तालाप और समझौतों ने दोनों देशों के पारंपरिक, सतत और रणनीतिक रिश्तों को नई ऊर्जा दी है। रक्षा सहयोग के तहत राफेल युद्धक विमान सौदा सर्वाधिक महत्व का है, जो भारतीय वायु सेना की टोही, नियंत्रण और संयुक्त ऑपरेशनल क्षमता को बढ़ाएगा। बड़ी बात है कि उन्नत हथियार एकीकरण, स्पेयर पार्ट्स लॉजिस्टिक्स और उत्पादन के तौर पर साझेदारी को और विस्तार देने की भी बात है।

शैक्षिक और मानव संसाधन सहयोग इस समझौते का दूसरा महत्वपूर्ण आयाम है। 3,000 भारतीय छात्रों को वीज़ा-मुक्त ट्रांजिट की सुविधा मिलेगी, तो वे यूरोप में यात्रा, सीखने और इंटर्नशिप के अवसर लाभ उठा सकेंगे। यह कदम युवा प्रतिभा के वैकल्पिक स्थलों तक पहुंच का द्वार खोलेगा, जिससे वैश्विक कौशल प्रतिस्पर्धा में भारतीय छात्रों की भागीदारी बढ़ेगी, परंतु इसके लिए आवश्यक है कि भारत में इस प्रवाह की गुणवत्ता सुनिश्चित हो। यानी गुणवत्तापूर्ण, रोजगार-उन्मुख शिक्षा उपलब्ध कराना जरूरी है। फ्रांस और भारत की जलवायु परिवर्तन, साइबर सुरक्षा, एआई और हाई-टेक विनिर्माण तक फैली व्यापक साझेदारी को 'स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' कहा गया है, यह साझा सोच भारत की बहुपक्षीय कूटनीति की पुष्टि करती है। फ्रांस, यूरोपीय संघ का एक मजबूत अंश होने के नाते, भारत को संयुक्त राष्ट्र, जी20 जैसे तमाम वैश्विक मंच पर अपनी आवाज मजबूत करने में मदद कर सकता है। कुछ चुनौतियां और सवाल भी हैं। रक्षा तकनीक स्थानांतरण में भारत अपनी मांगों को स्पष्ट रूप से रखते हुए यह सुनिश्चित करना होगा कि कलपुर्जों का उत्पादन और उसमें स्थानीय भागीदारी बहुत सीमित न रहे। रक्षा संबंधित अधोसंरचना को स्वदेशी उद्योग के साथ मिलाकर इस साझेदारी को दीर्घकालिक, आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से व्यावहारिक बनाए रखने की चुनौती होगी। वर्तमान वैश्विक आर्थिक अस्थिरता, मुद्रास्फीति और रक्षा बजट का दबाव दोनों देशों के बीच लागत लाभ का सामान्य समीकरण प्रभावित कर सकता है। भविष्य में, शिक्षा-प्लेटफ़ॉर्म के विस्तार के साथ, तकनीकी अनुसंधान और उद्यमशीलता कार्यक्रमों में साझेदारी को बढ़ावा देना होगा। द्विपक्षीय रिश्तों को गहराई देने के लिए भारत और फ्रांस के स्टार्टअप इकोसिस्टम के बीच (आदान-प्रदान, सांस्कृतिक और भाषा आधारित प्रशिक्षण, अनुसंधान-अनुकूलित कोलैबोरेशन आवश्यक होगा। आर्थिक मोर्चे पर, दोनों देशों ने निवेश और व्यापार के लिए क्षेत्रीय साझेदारी को बढ़ाने की भी सहमति व्यक्त की है, जिससे औद्योगिक खंडों, नवाचार केंद्रों और हरित प्रौद्योगिकी को विकसित करने में मदद मिलेगी।

कुल मिलाकर ये समझौते भारत-फ्रांस संबंधों की परिपक्वता का प्रतीक हैं। इसकी खासियत अगर रणनीतिक साझेदारी, वैश्विक मंचों पर समर्थन, शिक्षा में अवसर हैं, तो तकनीकी हस्तांतरण पर आगे की चुनौतियां तथा लागत-लाभ की संरचना के दबाव संबंधी सवाल भी। उम्मीद है भविष्य में यह साझेदारी फलदायी होगी और दोनों देश अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों को समझदारी से संतुलित करते हुए सहयोग, संवाद और कार्यान्वयन सुनिश्चित करेंगे।

### प्रसंगवश

## डिजिटल इंडियाः महिलाएं सशक्त या शोषण की शिकार

एक क्लिक में पहचान, एक पोस्ट में आवाज। डिजिटल इंडिया ने महिलाओं को मंच दिया है, लेकिन सवाल यह है, यह मंच उन्हें सशक्त बना रहा है या नए तरह के शोषण की ओर धकेल रहा है? डिजिटल इंडिया को जब भविष्य की तस्वीर के रूप में पेश किया गया था, तब उम्मीद थी कि तकनीक समाज की असमानताओं को कम करेगी। महिलाओं के संदर्भ में यह उम्मीद और भी बड़ी थी। घर की चारदीवारी से बाहर निकले बिना शिक्षा, रोजगार, बैंकिंग और अभिव्यक्ति का अवसर। बीते कुछ वर्षों में यह तस्वीर आंशिक रूप से सच भी साबित हुई है। आज भारत में करोड़ों महिलाएं स्मार्टफोन, इंटरनेट और डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़ी हैं। वे ऑनलाइन पढ़ रही हैं, कमा रही हैं, बोल रही हैं, लेकिन इसी डिजिटल स्पेस में एक स्याह सच भी छिपा है, जहां सशक्तिकरण के साथ-साथ नया शोषण भी जन्म ले रहा है।



डॉ. सुनिधि मिश्रा
शिक्षाविद्

आज भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या 80 करोड़ से अधिक है, जिनमें लगभग 35–40 प्रतिशत महिलाएं हैं। राष्ट्रीय सैंपल सर्वे और एनएफएचएस-5 जैसे सर्वे बताते हैं कि शहरी क्षेत्रों में महिलाओं की डिजिटल पहुंच तेजी से बढ़ी है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह अभी भी सीमित है। फिर भी स्वयं सहायता समूहों, जन-धन खातों, यूपीआई और डिजिटल भुगतान ने ग्रामीण महिलाओं को भी धीरे-धीरे डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ा है। बैंक जाने की मजबूरी कम हुई है, बिचौलियों पर निर्भरता घटी है और कई महिलाओं ने पहली बार अपने नाम से वित्तीय लेन-देन किया है। यह निःसंदेह सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम है।

डिजिटल प्लेटफॉर्म ने महिलाओं को अभिव्यक्ति की आज़ादी भी दी है। सोशल मीडिया पर वे अपने अनुभव साझा कर रही हैं, सामाजिक मुद्दों पर बोल रही हैं और अपने हुनर को दुनिया के सामने रख रही हैं। ऑनलाइन शिक्षा और स्किलिंग प्लेटफॉर्म ने उन महिलाओं के लिए नए रास्ते खोले हैं, जो किसी कारणवश औपचारिक संस्थानों तक नहीं पहुंच पाईं। ई-कॉमर्स और सोशल मीडिया आधारित छोटे व्यवसायों के जरिये हजारों महिलाएं घर बैठे आय अर्जित कर रही हैं। डिजिटल इंडिया की यह तस्वीर उम्मीद जगाती है कि तकनीक महिलाओं के लिए बराबरी का औज़ार बन सकती है।

इसी चमकदार तस्वीर के पीछे एक कड़वी सच्चाई भी है। जैसे-जैसे महिलाएं ऑनलाइन स्पेस में दिखने लगी हैं, वैसे-वैसे वे नए तरह के उत्पीड़न का शिकार भी हो रही हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि साइबर अपराधों में महिलाओं को निशाना बनाए जाने के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। ऑनलाइन ट्रोलिंग, साइबर स्टॉकिंग, अश्लील संदेश, डीपफेक वीडियो और फोटो मॉर्फिंग अब आम समस्या बनती जा रही है। कई मामलों में महिलाओं की निजी तस्वीरों का इस्तेमाल उन्हें डराने, बदनाम करने या ब्लैकमेल करने के लिए किया जाता है।

डिजिटल शोषण की सबसे खतरनाक बात यह है कि यह अदृश्य होता है। पीड़िता घर में बैठी होती है, लेकिन हमला उसकी मानसिक शांति पर होता है। कई युवा लड़कियां सोशल मीडिया पर अपनी पहचान बनाने से पहले सौ बार सोचती हैं। कुछ महिलाएं ऑनलाइन उत्पीड़न के डर से अपनी प्रोफाइल बंद कर देती हैं, अपनी आवाज दबा देती हैं। यह सशक्तिकरण नहीं, बल्कि एक नई तरह की चुप्पी है, जो तकनीक के नाम पर थोपी जा रही है। डिजिटल धोखाधड़ी और साइबर फ्रॉड में भी महिलाएं तेजी से शिकार बन रही हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# पर्यावरण रक्षक सरकारों पर लगाम के खतरे





कुमार सिद्धार्थ
वरिष्ठ पत्रकार

आज की दुनिया ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां जलवायु संकट मानव सभ्यता के भविष्य को तय करने वाला बड़ा प्रश्न बन चुका है। वैज्ञानिक लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि यदि कोयला, तेल और गैस पर हमारी निर्भरता जल्द कम नहीं हुई, तो धरती का तापमान ऐसे स्तर तक पहुंच जाएगा, जहां जीवन की वर्तमान संरचनाएं टिक नहीं पाएंगी। इसके बावजूद वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा आज भी जीवाश्म ईंधनों के इर्द-गिर्द घूम रहा है। इस पूरी व्यवस्था की भयावह बात यह है कि जब कोई सरकार पर्यावरण और जनता के हित में कदम उठाने की कोशिश करती है, तो उसे 'न्याय' के नाम पर दंडित किया जाता है।

पिछले कुछ दशकों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और निवेश समझौतों के जरिये एक ऐसा कानूनी ढांचा खड़ा किया गया है, जिसमें बहुराष्ट्रीय कंपनियां सरकारों पर मुकदमा कर सकती हैं। इसे 'निवेशक–राज्य विवाद निपटान प्रणाली' (आईएसडीएस) कहा जाता है। इसके तहत यदि कोई सरकार पर्यावरण, स्वास्थ्य या सामाजिक हित में ऐसा निर्णय लेती है, जिससे किसी कंपनी के मुनाफे पर असर पड़ता है, तो वह कंपनी सरकार से न केवल अपने निवेश की भरपाई, बल्कि 'संभावित भविष्य के मुनाफे' का भी दावा कर सकती है। ये मुकदमे सामान्य अदालतों में नहीं, बल्कि गुप्त ट्रिब्यूनलों में चलते हैं, जहां न पारदर्शिता होती है, न जनता की भागीदारी और न ही लोकतांत्रिक जवाबदेही।

पिछले कुछ दशकों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और निवेश समझौतों के जरिए एक ऐसा कानूनी ढांचा खड़ा किया गया है, जिसमें बहुराष्ट्रीय कंपनियां सरकारों पर मुकदमा कर सकती हैं।

यह व्यवस्था अपने आप में लोकतंत्र के लिए एक गहरा खतरा है। सरकारें जनता द्वारा चुनी जाती हैं, ताकि वे जनता और पर्यावरण के हित में फैसले लें। लेकिन आईएसडीएस जैसे प्रावधानों के कारण वही सरकारें कंपनियों के डर से पीछे हटने लगती हैं। आईएसडीएस की मार सबसे पहले उन देशों पर पड़ी है, जिन्होंने पर्यावरण और जनता के हित में साहसिक फैसले लिए। जर्मनी ने जब परमाणु ऊर्जा से बाहर निकलने का निर्णय किया तो ऊर्जा कंपनी वाटनफॉल ने उस पर अरबों यूरो का दावा ठोक दिया। पाकिस्तान ने एक खनन परियोजना को पर्यावरणीय कारणों से रोका तो उस पर छह अरब डॉलर से अधिक का जुर्माना लगाया गया, जो उसके पूरे शिक्षा और स्वास्थ्य बजट से भी ज़्यादा था। स्लोवेनिया में एक ब्रिटिश कंपनी को केवल यह कहने पर कि फ्रैकिंग से पहले पर्यावरणीय प्रभाव का आकलन जरूरी है, सरकार पर 120 मिलियन यूरो का मुकदमा कर दिया गया और अंततः सरकार को झुकना पड़ा। कोलंबिया में आदिवासी समुदायों के संघर्ष से एक कोयला खदान परियोजना रुकी, लेकिन कंपनियों ने ब्रिटेन–कोलंबिया संधि के तहत सरकार से मुआवज़ा वसूल लिया।

इन उदाहरणों का खतरनाक असर यह है कि सरकारें पर्यावरण बचाने से पहले अब यह सोचने लगती हैं कि कहीं उन्हें अंतर्राष्ट्रीय अदालतों में अरबों डॉलर का हर्जाना न भरना पड़ जाए। इसे 'रेगुलेटरी चिल' कहा जाता है, यानी कानून बनाने की हिम्मत तो रहती है, मगर उन्हें लागू करने का साहस नहीं बचता। नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री जोसेफ स्टिग्लिट्ज़ ने इस व्यवस्था को 'कानूनी आतंकवाद' निरूपित किया है, क्योंकि यह सरकारों को डराकर लोकतांत्रिक फैसलों को पलटने का हथियार बन चुकी है।

यह प्रक्रिया केवल कानूनी तंत्र तक सीमित नहीं है। इसका एक और, उससे भी अधिक क्रूर रूप वेनेज़ुएला में देखने को मिलता है। वेनेज़ुएला के पास दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडार हैं। लंबे समय से यह देश अमेरिकी साम्राज्यवाद और वैश्विक तेल कंपनियों की नज़र में खटकता रहा है, क्योंकि उसने अपने तेल संसाधनों पर राष्ट्रीय नियंत्रण स्थापित करने की कोशिश की। अमेरिका ने वहां की निर्वाचित सरकार को अस्थिर करने के लिए आर्थिक प्रतिबंध लगाए, उसकी अर्थव्यवस्था को पंगु बनाने की कोशिश की और खुले तौर पर सत्ता परिवर्तन की राजनीति चलाई। तेल के लिए एक संप्रभु देश के लोकतंत्र को कुचल देना और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों की धज्जियां उड़ाना यह दिखाता है कि जब संसाधनों का सवाल आता है, तो लोकतंत्र और मानवाधिकार कितने बौने साबित हो जाते हैं।

अब सवाल यह है कि भारत इस पूरी तस्वीर में कहां खड़ा है? क्या हम खुद को इस खतरे से सुरक्षित मान सकते हैं? शायद नहीं। भारत आज तेजी से वैश्विक पूंजी और निवेश के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। कोयला खनन, तटीय औद्योगिक परियोजनाएं, परमाणु संयंत्र, बड़े बांध, तेल और गैस की खोज ये सभी क्षेत्र पहले से ही पर्यावरण और स्थानीय समुदायों के अधिकारों को लेकर विवादों में घिरे हुए हैं। यदि भविष्य में भारत ऐसे निवेश समझौतों का हिस्सा बनता है, जिनमें आईएसडीएस जैसे प्रावधान होंगे, तो हमारी सरकारों पर भी वही दबाव आएगा, जो आज कई अन्य देशों पर है।

भारत में पर्यावरणीय मंजूरी की प्रक्रियाओं को 'विकास में बाधा' बताकर कमजोर किया जा रहा है। कई बार परियोजनाओं को तेजी से मंजूरी देने के लिए नियमों में ढील दी जाती है, जनसुनवाई को औपचारिकता बना दिया जाता है और स्थानीय लोगों की आपत्तियों को अनदेखा कर दिया जाता है। यदि इसके ऊपर अंतर्राष्ट्रीय मुकदमों का डर भी जुड़ गया, तो पर्यावरण संरक्षण लगभग असंभव हो जाएगा। तब सरकारें जनता और प्रकृति के नहीं, बल्कि निवेशकों और कंपनियों के प्रति जवाबदेह होंगी।

भारत जैसे देश के लिए यह विशेष रूप से खतरनाक है, क्योंकि यहां विकास की कीमत पहले गरीब, आदिवासी और हाशिए पर पड़े समुदाय चुकाते हैं। जंगलों से विस्थापन, खनन से प्रदूषण, नदियों के सूखने और जमीन के बंजर होने से उनकी आजीविका छिन जाती है। यदि सरकारें अंतरराष्ट्रीय दबाव में आकर पर्यावरणीय फैसलों से पीछे हटने लगेंगी, तो इन समुदायों के अधिकार पूरी तरह कुचल दिए जाएंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



चोटी नहीं खींचना चाहिए था, ये महापाप है। जिन लोगों ने चोटी को छुआ है, उन्हें पाप लगेगा। कई बरस बाद भी बहुत पाप पड़ेगा। सब खाता वहीं में लिखा जा रहा है। इस पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।
-ब्रजेश पाठक
डिप्टी सीएम
उत्तर प्रदेश सरकार



वे उसी का पार्टी का हिस्सा हैं, मंत्रिमंडल में भी हैं। अगर उन्हें इतना ही बुरा लगा है, तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। पाप तो उन्हें भी लगेगा, क्योंकि वे उसी मंत्रिमंडल के सदस्य हैं और अपमान तो वहीं से हुआ है।
-शिवपाल यादव
समाजवादी पार्टी के नेता

# अब एआई कंटेंट की होगी बेहतर निगरानी



रोहित माहेश्वरी
स्वतंत्र पत्रकार

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने जहां दुनिया को तेज और स्मार्ट बनाया है, वहीं इसके दुरुपयोग ने भी गंभीर चिंता पैदा कर रखी है। डीपफेक वीडियो, फर्जी तस्वीरें और एआई जनित भ्रामक सामग्री न केवल लोगों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा रही हैं, बल्कि साइबर ठगी और सामाजिक भ्रम का कारण भी बन रही हैं। इन खतरों को मध्य में रखकर केंद्र सरकार की ओर से सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 में किए गए हालिया संशोधन को डिजिटल दुनिया में बढ़ती चुनौतियों के बीच एक महत्वपूर्ण कदम कहा जा सकता है।

आगामी 20 फरवरी से लागू होने जा रहे इन नियमों के तहत अब एआई से तैयार किए गए फोटो और वीडियो पर लेबल लगाना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही फेक कंटेंट को हटाने की समय सीमा 36 घंटे से घटाकर तीन घंटे कर दी गई है। नए प्रावधानों के तहत एआई कंटेंट में स्थायी मेटाडेटा और डिजिटल पहचान चिह्न जोड़ने की अनिवार्यता भी तय की गई है, ताकि ऐसे कंटेंट की पहचान आसानी से की जा सके। यह बदलाव डिजिटल पारदर्शिता और नागरिक सुरक्षा के लिहाज से बेहद अहम है।

साइबर सुरक्षा अब सबसे बड़ी चुनौती है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल की मदद से नकली आधार और पैन कार्ड तक बनाए जा सकते हैं।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारतीय कंपनियों के लिए साइबर सुरक्षा अब सबसे बड़ी चुनौती है। हाल ही में आई एक रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल, जैसे कि चैट जीपीटी की मदद से नकली आधार और पैन कार्ड बनाए जा सकते हैं। इस रिपोर्ट ने एआई के संभावित दुरुपयोग की क्षमता के बारे में नई चिंताएं पैदा कर दी हैं।

एक नए सर्वे में 51 फीसदी बिजनेस लीडर्स ने इसे प्राथमिक जोखिम माना। 'फिक्की-ईवाय रिस्क सर्वे 2026' की रिपोर्ट से यह खुलासा हुआ है। इसमें डिजिटल युग के बढ़ते खतरों पर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि तकनीकी जोखिम अब सीधे कंपनी के कामकाज से जुड़ गए हैं।

61 फीसदी लोग साइबर हमलों से डरे हुए हैं। डेटा चोरी और धोखाधड़ी को 57 फीसदी ने बड़ा जोखिम माना। लगभग 47 फीसदी कंपनियां इन आधुनिक खतरों से निपटने में नाकाम हैं। साइबर हमलों से कंपनियों की प्रतिष्ठा और वित्त पर असर पड़ता है। डिजिटल बदलाव कंपनियों की प्रतिस्पर्धी स्थिति को प्रभावित कर रहे हैं। यह सर्वे 137 सीईओ और सीनियर डिसीजन-मेकर्स पर आधारित है। इसमें 21 फीसदी प्रतिभागी टेक्नोलॉजी सेक्टर से थे। प्रोफेशनल सर्विसेज दूसरे नंबर पर।

साइबर अटैक अब सिर्फ आईटी मुद्दा नहीं। यह ऑपरेशनल कंटिन्यूटी से जुड़ा है। 61 फीसदी लीडर्स मानते हैं कि साइबर हमले वित्तीय और रेपुटेशनल खतरा हैं। तेज टेक्नोलॉजिकल बदलावों को 61 फीसदी कंपनियां प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करने वाला मान रहे हैं। सर्वे के अनुसार, आज के दौर में एआई एक 'दोधारी तलवार' बन गया है। करीब 60 फीसदी विशेषज्ञों का मानना है कि तकनीकी पिछड़ापन घातक है। सही समय पर नई तकनीक न अपनाना नुकसानदेह हो सकता है। वहीं, 54 प्रतिशत लोग एआई के एथिकल और गवर्नेंस संबंधी जोखिमों से चिंतित हैं। इन जोखिमों का प्रबंधन अभी भी प्रभावी ढंग से नहीं हो रहा है।

ग्लोबल साइबरपीस समिट 2026 में भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के अनुसार 2024–2025 के दौरान दर्ज साइबर हमलों में एआई और ऑटोमेशन का व्यापक इस्तेमाल देखने को मिला है। अब साइबर अपराधी किसी छोटे गैंग की तरह नहीं, बल्कि कंपनियों की तरह काम कर रहे हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका, मध्य-पूर्व और भारत के कुछ हिस्सों से संचालित ये नेटवर्क अलग-अलग विभागों में बंटे हुए हैं। इन गिरोहों के पास भर्ती करने वाली टीम, वेतन और प्रमोशन देखने वाले लोग और यहां तक कि रिसर्च एंड डेवलपमेंट यूनिट भी होती है। ये टीमें टेक्नोलॉजी की कमियों और इंसानी व्यवहार की कमजोरियों को खोजकर उनका फायदा उठाती हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में साइबर अपराध से दुनिया को लगभग 10.8 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान होने का अनुमान था, जो इस साल करीब 12 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। कई अंतर्राष्ट्रीय थिंक टैंकों का दावा है कि अब लगभग 80 प्रतिशत साइबर हमलों में किसी न किसी रूप में एआई की भूमिका है। एआई का इस्तेमाल अब डीपफेक तकनीक में भी हो रहा है। डिजिटल अरेस्ट जैसे मामलों में अपराधी किसी प्रसिद्ध पुलिस अधिकारी का चेहरा और आवाज नकली तरीके से दिखाकर पीड़ित को डराते हैं।

साइबर अपराध में अब ट्रिपल एक्सटॉर्शन मॉडल भी सामने आया है। इसमें पहले रैनसमवेयर से डेटा लॉक किया जाता है फिर उसे लीक करने की धमकी देकर पैसे वसूले जाते हैं। इसके अलावा क्राइम-एस-ए-सर्विस का ट्रेंड भी तेजी से बढ़ रहा है। इसमें संगठित गिरोह उन लोगों को भी अपराध की सुविधा देते हैं, जिनके पास तकनीकी जानकारी नहीं होती। यानी पैसे दो और तैयार साइबर क्राइम सेवा लो।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## अपूर्णता से जन्मता है प्रेम

हम अक्सर प्रेम को बहुत ऊंचे आसन पर बैठा देते हैं, मानो वह किसी तपस्या का परिणाम हो, लेकिन सच यह है कि प्रेम मनुष्य की अपूर्णता से जन्म लेता है। हमें किसी की आवश्यकता होती है, कोई हमारे होने की पुष्टि करे, हमारे सुख में शामिल हो और हमारे दुःख को बांट ले। यह आवश्यकता ही प्रेम का बीज है। आवश्यकता को हीन समझना भूल है। जो कहता है कि उसे किसी की जरूरत नहीं, वह अक्सर भीतर से बहुत टूटा हुआ होता है।



मनोज अभिज्ञान
ब्लॉगर

साथ रहने का मन न हो, जरूरत न हो, तो साथ रहना प्रेम नहीं, जड़ता है। प्रेम में स्वेच्छा होती है। रोज़ का चुनाव होता है। सुबह उठकर यह महसूस करना कि मैं इस व्यक्ति के साथ रहना चाहता/चाहती हूं, क्योंकि यह मेरे जीवन को अर्थ देता है। अगर यह इच्छा मर जाए, तो संबंध ढांचा मात्र रह जाता है और ऐसे ढांचे में लोग रहते तो हैं, पर जीते नहीं।

और जहां सुख-दुःख में साथ न हो, वहां प्रेम का दावा खोखला है। जब सब ठीक चल रहा हो, तब साथ देना आसान है। पर जब बीमारी हो, असफलता हो, आर्थिक संकट हो, या मन का अंधेरा हो, तब जो साथ खड़ा रहता है, वही प्रेम को सार्थक करता है। जो व्यक्ति आपके आंसू से असहज होकर दूर चला जाए, वह आपकी मुस्कान का भी सच्चा भागीदार नहीं हो सकता।

प्रेम में जरूरत होना और निर्भरता में डूब जाना, दोनों अलग बातें हैं। जरूरत का अर्थ है कि आप किसी को अपने जीवन में चाहते हैं, पर उसके बिना आप शून्य नहीं हो जाते। निर्भरता का अर्थ है कि आप अपनी संपूर्णता किसी और पर टिका देते हैं। पहला प्रेम है, दूसरा भय। प्रेम दो पूर्ण होते व्यक्तियों के बीच भी हो सकता है। निर्भरता में दो अपूर्णताएं एक-दूसरे को ढंकने की कोशिश करती हैं।

कभी-कभी लोग साथ इसलिए रहते हैं, क्योंकि वे अकेले होने से डरते हैं। यह प्रेम नहीं, डर है। और कभी लोग अलग हो जाते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि अब उनकी जरूरत, उनका मन, उनका सम्मान उस रिश्ते में नहीं बचा। यह अलग होना भी ईमानदारी हो सकता है। कई बार सही समय पर अलग हो जाना दोनों के लिए बेहतर होता है। अगर कोई व्यक्ति आपके संघर्ष में अनुपस्थित है, तो उसके प्रेम के दावे पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। प्रेम का अर्थ है उपस्थिति। केवल शारीरिक नहीं, भावनात्मक उपस्थिति। आपकी बात सुनना, आपकी थकान को समझना, आपकी विफलताओं में आपको छोटा न करना। जो इन क्षणों में साथ नहीं देता, उसका प्रेम शायद सुविधा का प्रेम है।

-फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## जिंदगी की पाठशाला के बीच मौत चुनते छात्र

हाल ही में छात्रों में सुसाइड के मामलों में तेजी से वृद्धि देखने को मिल रही है। ऐसा देश सहित पूरी दुनिया में हो रहा है। कुछ समय पहले जयपुर में एक बीटेक छात्र और बारां में दसवीं क्लास की छात्रा के आत्महत्या का मामला सामने आया है। इन घटनाओं ने छात्रों में आत्महत्या जैसे मसले पर चिंता की स्थिति को और बढ़ा दिया है। देखा जा रहा है 15 से 24 साल के नौजवान छात्रों में सुसाइड यानी आत्महत्या का चलन तेजी से बढ़ रहा है। आंकड़े बताते हैं कि सुसाइड दुनिया में मृत्यु का तीसरा बड़ा कारण है। ऐसे अनगिनत मामले रोजाना परिवार और समाज के लिए एक सवाल बन रहे हैं कि आखिर जीवन की कक्षा के बीच छात्र ज़िंदगी छोड़ मौत को क्यों चुन रहे हैं?

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में छात्रों की आत्महत्याएं चिंताजनक स्तर पर पहुंच गई हैं। देश में आत्महत्या करने वाले कुल लोगों में छात्रों की संख्या 7.6 फीसदी है। 2022 के आंकड़ों पर आधारित इस ताजा रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत में हर साल अनुमानित तौर पर करीब 13,000 छात्र आत्महत्या करते हैं। हालांकि 2023 और 2024 में आत्महत्या के आधिकारिक आंकड़े अभी जारी नहीं हुए हैं, लेकिन लगातार बढ़ते मामलों से स्थिति चिंताजनक बनती जा रही है।



डॉ. मोनिका शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

छात्रों की आत्महत्याओं के पीछे मुख्य कारण तनाव बताया जा रहा है। शैक्षणिक और सामाजिक तनाव के साथ-साथ कॉलेजों या संस्थाओं से मदद न मिलना और जागरूकता का अभाव भी है। सुसाइड (आत्महत्या) का मतलब है जानबूझकर और स्वेच्छा से अपना जीवन समाप्त कर लेना। यह एक गंभीर मानसिक स्वास्थ्य मुद्दा है, जो अक्सर असहनीय दर्द, हताशा या मानसिक पीड़ा के कारण होता है। आत्महत्या एक रोकी जा सकने वाली घटना है और यह अक्सर मानसिक विकारों या अचानक आए तनावपूर्ण बदलावों का परिणाम होती है।

मनोरोग विशेषज्ञों का कहना है कि आज की प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में छात्रों पर लगातार बेहतर प्रदर्शन करने का दबाव है। यह तनाव जब असहनीय हो जाता है, तो कई छात्र आत्महत्या जैसा आत्मघाती कदम उठा लेते हैं। यह न केवल एक परिवार को बर्बाद करता है, बल्कि पूरे समाज के लिए एक बड़ा प्रश्नचिह्न है। इसके कारणों में अत्यधिक शैक्षणिक दबाव के बीच बेहतर अंक लाने की दौड़ और प्रतियोगी परीक्षाओं का डर, पारिवारिक अपेक्षाएं, जिसमें माता-पिता द्वारा बच्चों पर अपनी इच्छाएं थोपना, अकेलापन और अवसाद जिसमें घर से दूर रहकर पढ़ाई करने वाले छात्रों में अकेलापन, भेदभाव और शोषण जिसमें यौन, शारीरिक या भावनात्मक शोषण, असफलता का डर, कॅरियर या परीक्षाओं में असफल होने का डर जैसे कारक शामिल हैं।

स्टूडेंट आत्महत्या एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जो मुख्य रूप से अकादमिक दबाव, परीक्षा का डर, भविष्य की चिंता, अकेलापन और पारिवारिक अपेक्षाओं के कारण बढ़ रही है। इसे रोकने के लिए छात्रों को भावनात्मक समर्थन, परामर्श और तनावमुक्त माहौल प्रदान करना आवश्यक है, जिसमें माता-पिता और शिक्षकों की भूमिका अहम है। बढ़ते मामलों की चिंता जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जुलाई, 2025 में छात्रों की आत्महत्याओं को रोकने के लिए ऐतिहासिक निर्देश जारी किए, जिसमें शैक्षणिक संस्थानों के लिए मानसिक स्वास्थ्य नीति, अनिवार्य परामर्शदाता और हेल्पलाइन की व्यवस्था अनिवार्य की गई है। कोर्ट ने इसे एक संरचनात्मक अस्वस्थता माना और परीक्षा-केंद्रित दबाव को कम करने, भेदभाव मुक्त माहौल सुनिश्चित करने तथा आत्महत्या की घटनाओं की अनिवार्य रिपोर्टिंग के आदेश दिए हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा।)

## वर्ड स्मिथ

### ऐसे बना बॉयकाट शब्द




आज 'बॉयकाट' शब्द विरोध, असहमति और सामाजिक बहिष्कार का पर्याय बन चुका है। इस शब्द की उत्पत्ति 19 वीं सदी के आयरलैंड से जुड़ी है। उस समय आयरलैंड ब्रिटिश शासन के अधीन था और वहां किसानों की हालत बेहद दयनीय थी। बड़े जमींदारों की जमीन पर खेती करने वाले किसानों से अत्यधिक किराया वसूला जाता था। ऐसे ही एक जमींदार की जमीन का प्रबंधन ब्रिटिश अधिकारी चार्ल्स बॉयकाट (Charles Boycott) के हाथ में था। वे कठोर और असंवेदनशील माने जाते थे। साल 1880 में जब किसानों ने फसल खराब होने के कारण किराया कम करने की मांग की, तो चार्ल्स बॉयकाट ने इसे सिरे से खारिज कर दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने कई किसानों को जमीन से बेदखल करने की कार्रवाई भी शुरू कर दी। इससे किसानों में जबरदस्त आक्रोश फैल गया, लेकिन उन्होंने हिंसा का रास्ता नहीं चुना। इसके बजाय आयरिश राष्ट्रवादी संगठन लैंड लीग के नेतृत्व में एक नया, शांतिपूर्ण तरीका अपनाया गया- सामाजिक बहिष्कार। इस बहिष्कार के तहत कोई भी व्यक्ति चार्ल्स बॉयकाट से बात नहीं करता था। मजदूर उनके खेतों में काम करने से मना कर देते थे, दुकानदार उन्हें सामान नहीं बेचते थे, डाकिया तक उनकी चिट्ठियां नहीं पहुंचाता था। वे समाज में पूरी तरह अलग-थलग पड़ गए।

यह अहिंसक विरोध इतना प्रभावी सिद्ध हुआ कि अंततः उन्हें उस क्षेत्र को छोड़ना पड़ा। इस अनोखे विरोध की खबरें ब्रिटिश अखबारों में प्रमुखता से छपीं। पत्रकारों ने इस सामाजिक बहिष्कार को उसी व्यक्ति के नाम पर "Boycott" कहना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे यह शब्द अंग्रेजी भाषा में स्थापित हो गया और बाद में दुनिया की अनेक भाषाओं में फैल गया। आज 'बॉयकाट' का अर्थ किसी व्यक्ति, संस्था, देश या उत्पाद का संगठित और शांतिपूर्ण तरीके से बहिष्कार करना है। इस प्रकार 'बॉयकाट' केवल एक शब्द नहीं, बल्कि इतिहास की वह सीख है, जो बताती है कि संगठित सामाजिक चेतना बिना हिंसा के भी बड़े बदलाव ला सकती है।

## नोटिस बोर्ड

- 24 फरवरी को मुरादाबाद में एक विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जहां साक्षात्कार के आधार पर युवाओं को नौकरी दी जाएगी। खास बात यह है कि इस मेले में बड़ी संख्या में स्थानीय कंपनियां भाग ले रही हैं, जिससे युवाओं को अपने ही जिले में रोजगार मिलने की संभावना बढ़ गई है। सहायक निदेशक सेवायोजन रत्नेश चंद्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत यह रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। मेला राजकीय पॉलिटेक्निक के मैदान में लगाया जाएगा, जो कांठ रोड पर विवेकानंद हॉस्पिटल के सामने स्थित है। इस मेले में लगभग 50 कंपनियां प्रतिभाग करेंगी।



- बरेली कॉलेज में प्रथम सेमेस्टर के वे विद्यार्थी, जिन्होंने वोकेशनल विषय के अंतर्गत रिसर्च सर्वे किया है, अपने असाइनमेंट 19 फरवरी को जमा कर सकते हैं। यह प्रक्रिया कॉलेज के नए परीक्षा भवन में दोपहर 1:45 बजे से 2:45 बजे तक आयोजित की जाएगी। मीडिया सेल प्रभारी प्रो. ए.सी. त्रिपाठी ने बताया कि इसी दिन राजनीति विज्ञान विभाग के एमए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा भी आयोजित होगी। यह परीक्षा दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होगी। संबंधित विद्यार्थियों को समय से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।



# बनना है इंजीनियर, जेईई मेन्स के बाद आगे का सफर

देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन्स छात्र-छात्राओं के लिए देश के शीर्ष तकनीकी कॉलेजों में प्रवेश दिलाने का रास्ता खोलती है। हर साल लाखों छात्र इसे क्वालिफाई करने की तैयारी करते हैं। जेईई मेन-2026 के सत्र-1 का रिजल्ट आने के बाद छात्र-छात्राओं के मन में सबसे बड़ा सवाल यही है कि अब आगे क्या करना है? इसका जवाब यही है कि अगर आप अपने सत्र-1 के स्कोर से संतुष्ट नहीं हैं या इसे और सुधारना चाहते हैं, तो जल्दी से सत्र-2 के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 25 फरवरी है। परीक्षा 1 अप्रैल से 10 अप्रैल के बीच आयोजित की जाएगी। दोनों सत्रों में से सर्वश्रेष्ठ स्कोर ही फाइनल रैंक के लिए मान्य होगा।



डॉ. क्षमा त्रिपाठी
प्रोफेसर डीजी पीजी कॉलेज

एक्सपर्ट की मानें, तो इस बार जेईई मेन का प्रश्नपत्र मीडियम स्तर का था। ऐसे में अनुमान है कि सामान्य वर्ग के लिए जेईई एडवांस्ड में बैठने की पात्रता कटऑफ लगभग 91 से 93 परसेंटाइल के बीच हो सकती है। हालांकि वास्तविक और अंतिम कटऑफ की घोषणा दूसरे सत्र का परिणाम जारी होने के बाद ही की जाएगी। अब यदि आपका स्कोर कट ऑफ ढाई लाख उम्मीदवारों के भीतर है, तो आईआईटी में प्रवेश के लिए पात्र हैं और आईआईटी में प्रवेश के लिए जेईई एडवांस्ड की तैयारी शुरू कर सकते हैं। इसके लिए पंजीकरण 23 अप्रैल से शुरू होगा और परीक्षा 17 मई को आयोजित की जाएगी।

### जेईई मेन के बाद काउंसिलिंग

जेईई मेन के स्कोर के आधार पर देश के अनेक प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों में प्रवेश मिलता है। छात्र-छात्राएं इस परीक्षा के माध्यम से B.E./B.Tech और वास्तुकला (B.Arch) पाठ्यक्रमों में दाखिला ले सकते हैं। देश के सभी 31 राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT) जेईई मेन का स्कोर स्वीकार करते हैं। इसी तरह देश में स्थित 26 भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (IIITs) भी इस परीक्षा के आधार पर प्रवेश देते हैं। 28 केंद्रीय वित्त पोषित तकनीकी संस्थान (GFTIs) भी जेईई मेन के स्कोर को दाखिले के लिए पात्रता प्रदान करते हैं। इनके अलावा कई राज्यों के सरकारी कॉलेज जैसे बिहार का MIT, दिल्ली स्थित DTU, जामिया मिलिया इस्लामिया और धीरूभाई अंबानी संस्थान भी जेईई मेन स्कोर को मान्यता देते हैं। हाल ही में IIM लखनऊ जैसे कुछ प्रबंधन संस्थानों ने भी जेईई स्कोर के आधार पर नए AI और डेटा साइंस पाठ्यक्रमों में प्रवेश देना शुरू किया है।

### जेईई मेन बढ़िया विकल्प पर एकमात्र रास्ता नहीं

ऐसे छात्र जिनका जनवरी जेईई मेन में परसेंटाइल 99 से अधिक है, उनको जेईई एडवांस्ड की परीक्षा की तैयारी पूरे फोकस के साथ करनी चाहिए। क्योंकि इस परसेंटाइल पर उन्हें अच्छे एनआईटी में कोर ब्रांच मिलने का विकल्प लगभग सुरक्षित हो गया है, जबकि 99 से 98 परसेंटाइल स्कोर के बीच वाले उम्मीदवार जेईई मेन के अप्रैल सेशन में भाग ले सकते हैं। ऐसे विद्यार्थी जिनका परसेंटाइल 98 से कम है, उन्हें भी अप्रैल माह में जेईई-मेन के साथ एडवांस्ड की तैयारी पर भी पूरा ध्यान देना चाहिए, लेकिन वे छात्र जो जेईई मेन परीक्षा पास नहीं कर पाए हैं। उनके लिए ऐसा नहीं है कि इंजीनियरिंग में प्रवेश के रास्ते बंद हो गए हैं। आप अन्य इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होने की तैयारी कर सकते हैं। इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करने के लिए जेईई मेन बढ़िया प्रवेश विकल्प है, लेकिन यह एकमात्र रास्ता नहीं है। कुछ विश्वविद्यालय और कॉलेज अपनी स्वयं की प्रवेश परीक्षा आयोजित करते हैं, जबकि अन्य राज्य स्तरीय अंकों को स्वीकार करते हैं। आप इस ओर ध्यान दे सकते हैं।



### कितने परसेंटाइल पर कहां मिलेगा प्रवेश लेने का मौका

एनआईटी त्रिची, वारंगल, सूरतकल, इलाहाबाद, राउरकेला, कालीकट, जयपुर और कुरूक्षेत्र में 99 परसेंटाइल से ज्यादा होने पर मनचाही ब्रांच मिलने का पूरा मौका रहता है। इसके अलावा ट्रिपलआईटी इलाहाबाद में भी दाखिला मिल सकता है। 98 से अधिक परसेंटाइल पर भी शीर्ष के टॉप 15 एनआईटी में कोर ब्रांच के अलावा ट्रिपल आईटी जबलपुर, ग्वालियर, गुवाहाटी, कोटा में कोर ब्रांच मिल सकती है। 98 से 96 परसेंटाइल पर टॉप 20 एनआईटी में कोर के अलावा अन्य ब्रांच और नॉर्थ ईस्ट की एनआईटी के साथ पटना, रायपुर, अगरतला, श्रीनगर, सिल्चर, उत्तराखंड, पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज चंडीगढ़, जेएनयू, हैदराबाद यूनिवर्सिटी में प्रवेश मिल सकता है। नए ट्रिपलआईटी डोदरा, पुणे, सोनीपत, सूरत, नागपुर, भोपाल, त्रिची, रायचूर, कांचीपुरम, रांची, धारवाड़, अगरतला, कल्याणी में भी कोर ब्रांच मिलने की संभावना रहती है। 96 से 94 परसेंटाइल पर सभी 1 एनआईटी के अलावा जीएफटीआई में प्रवेश मिलने की संभावनाएं बनती हैं।



### क्या है जेईई मेन और एडवांस्ड

जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम (JEE) में दो मुख्य परीक्षाएं होती हैं, जेईई मेन और एडवांस्ड। जेईई मेन परीक्षा का पहला चरण है, जिसका संचालन राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) द्वारा किया जाता है। जेईई एडवांस्ड परीक्षा का दूसरा चरण है, जिसका संचालन संयुक्त प्रवेश बोर्ड (JAB) की ओर से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (IIT) में से किसी एक द्वारा किया जाता है। जेईई एडवांस्ड में बैठने के लिए, छात्र को जेईई मेन उत्तीर्ण होना आवश्यक है। जेईई मेन और एडवांस्ड दोनों ही अत्यधिक प्रतिस्पर्धी परीक्षाएं हैं। इन परीक्षाओं में अच्छा स्कोर करने से प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के द्वार खुलते हैं और उज्ज्वल करियर का मार्ग प्रशस्त होता है।


## कैंपस में पहला दिन - सीखने का उद्देश्य और सपनों को नई दिशा

कॉलेज का पहला दिन जीवन के उन यादगार क्षणों में से एक होता है, जो समय बीतने के साथ और भी मूल्यवान हो जाता है। मेरे जीवन में यह दिन तब आया, जब मैंने क्राइस्ट चर्च कॉलेज में बीएससी बायोलॉजी स्ट्रीम में प्रवेश लिया। यह केवल एक नए संस्थान में दाखिला नहीं था, बल्कि जीवन की दिशा तय करने वाला एक महत्वपूर्ण पड़ाव था। उस सुबह मन में उत्साह और संकोच दोनों भाव मौजूद थे। नई पोशाक, हाथ में जरूरी कागजात और मन में भविष्य को लेकर कई सपने- सब कुछ नया-सा लग रहा था। जैसे ही कॉलेज परिसर में प्रवेश किया, वहां का ऐतिहासिक वातावरण, विशाल भवन और अनुशासित चहल-पहल ने गहरा प्रभाव डाला। चारों ओर अलग-अलग स्थानों से आए छात्र थे, जिनकी आंखों में भी मेरे ही जैसे सपने और उम्मीदें झलक रही थीं।



राहुल चंद्रा
पूर्व महामंत्री, इनकम टैक्स बार एसोसिएशन कानपुर

बीएससी बायोलॉजी स्ट्रीम में प्रवेश लेने का निर्णय मेरे लिए विशेष महत्व रखता था। विज्ञान के प्रति रुचि और जीवन की जैविक प्रक्रियाओं को समझने की जिज्ञासा मुझे इस विषय तक ले आई थी। पहली कक्षा में बैठते समय मन में यह एहसास गहराता जा रहा था कि अब पढ़ाई का स्तर और दृष्टिकोण दोनों बदलने वाले हैं। जब शिक्षक कक्षा में आए, तो उनके अनुभवपूर्ण शब्दों और विषय के प्रति समर्पण ने हमें तुरंत प्रभावित किया।



उन्होंने स्पष्ट किया कि बायोलॉजी केवल पाठ्यपुस्तकों का विषय नहीं, बल्कि जीवन को समझने की कुंजी है। धीरे-धीरे सहपाठियों से परिचय हुआ। नाम पूछने से शुरू हुई बातचीत कब मित्रता में बदल गई, यह पता ही नहीं चला। प्रयोगशाला, विभागीय गलियारे और कैंटीन, हर जगह नई बातचीत, नई सीख और नए रिश्ते आकार लेने लगे। उस दिन यह अनुभव हुआ कि कॉलेज केवल शैक्षणिक ज्ञान का केंद्र नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त मंच है।

आज जब उस पहले दिन को याद करता हूं, तो क्राइस्ट चर्च कॉलेज में बीएससी बायोलॉजी स्ट्रीम में लिया गया प्रवेश गर्व और आत्मविश्वास से भर देता है। कॉलेज का पहला दिन वास्तव में जीवन की उस यात्रा की शुरुआत था, जिसने सोचने की दृष्टि, सीखने का उद्देश्य और भविष्य के सपनों को एक नई दिशा दी।

## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में नई दिल्ली में भारत की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना को वर्ष 2025 की बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्स वुमेन ऑफ द ईयर चुना गया। मंधाना ने भारत की 2025 महिला विश्व कप में ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इसके साथ ही शतरंज की भारतीय स्टार दिव्या देशमुख को सिर्फ 20 साल की उम्र में ऐतिहासिक फिडे महिला विश्व कप जीतने के लिए इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया गया।
- अफगानिस्तान टीम के क्रिकेटर राशिद खान ने T20 क्रिकेट में एक ऐसा मुकाम हासिल कर लिया है, जो आज तक दुनिया का कोई भी गेंदबाज नहीं कर पाया। हाल ही में खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप मैच में उन्होंने यह रिकॉर्ड बनाया। UAE के खिलाफ खेलते हुए राशिद खान T-20 फॉर्मेट में 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए हैं।
- बीती 16 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में ओल चिकी लिपि के शताब्दी समारोह का उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें 1925 में संताली भाषा के लिए विकसित ओल चिकी लिपि के 100 वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाया गया। राष्ट्रपति ने संताली भाषा के संरक्षण और युवा पीढ़ी के बीच ओल चिकी लिपि के प्रसार के महत्व पर बल दिया। इस ऐतिहासिक अवसर पर उन्होंने संताल समुदाय की सांस्कृतिक विरासत को सम्मानित करते हुए एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया।
- हाल ही में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने सर्वेश रंजन को चीफ जनरल मैनेजर (CGM) के पद पर पदोन्नत किया गया है। यह नियुक्ति भास्कर राव कारे के सेवानिवृत्त (सुपरएनुएशन) होने के बाद की गई है।

## जॉब अलर्ट

### रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया (RBI)




- पद का नाम- असिस्टेंट
- पदों की संख्या -650
- सैलरी- बेसिक पे 29,000/-, 29,000-78,640 (प्लस अलाउंस) के स्केल पर। ग्रॉस सैलरी लगभग 58,514/- (बिना HRA के)
- योग्यता- कम से कम 50% मार्क्स के साथ बैचलर डिग्री (SC/ST/PwBD के लिए पास क्लास)
- आयु- 20 से 28 साल
- आवेदन की अंतिम तिथि-08 मार्च2026
- वेबसाइट- www.rbi.org.in

### स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI)

- पद का नाम -सर्किल बेस्ड ऑफिसर
- पदों की संख्या-2273 (2050 रेगुलर + 223 बैकलॉग)
- सैलरी- Rs. 48,480 - 85,920 प्रति महीना
- योग्यता- किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से किसी भी सब्जेक्ट में ग्रेजुएशन
- आयु- 21 से 30 साल
- आवेदन की अंतिम तिथि- 25 फरवरी 2026
- वेबसाइट-https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings

### यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन

- सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन (CSE) 2026
- पद- टाइप ग्रुप A और ग्रुप B सर्विसेज़, टोटल वैकेंसी काउंट लगभग 933 पोस्ट
- सर्विसेज IAS, IPS, IFS, IRS, इंडियन ऑडिट एंड अकाउंट्स, DANICS, DANIPS, और दूसरी सेंट्रल सर्विसेज
- योग्यता- ग्रेजुएट डिग्री (कोई भी डिसिप्लिन)
- आयु-21-32 साल
- आवेदन की अंतिम तिथि- 24 फरवरी 2026
- वेबसाइट- www.upsc.gov.in

# करियर की नई राह: डिजिटल मार्केटिंग या बीबीए



12 वीं बोर्ड की परीक्षाएं समाप्त होते ही छात्रों के सामने करियर को लेकर सबसे बड़ा सवाल खड़ा हो जाता है कि अब आगे क्या पढ़ें? आज के प्रतिस्पर्धी और तेजी से बदलते जॉब मार्केट में सिर्फ डिग्री ही नहीं, बल्कि स्किल और अवसर भी मायने रखते हैं। ऐसे समय में दो कोर्स सबसे ज्यादा चर्चा में हैं, डिजिटल मार्केटिंग और बीबीए (BBA)। दोनों के अपने फायदे, अवसर और करियर पाथ हैं, लेकिन कौन सा कोर्स आपके लिए बेहतर रहेगा, यह आपके लक्ष्य, रुचि और भविष्य की योजना पर निर्भर करता है। आइए आज आपको बताते हैं कि इन दोनों में कौन सा कोर्स आपके लिए बेहतर रहेगा।



ज्ञानेंद्र कुमार दीक्षित
असिस्टेंट प्रोफेसर, बीबीडी यूनिवर्सिटी, लखनऊ



### क्या है डिजिटल मार्केटिंग

डिजिटल मार्केटिंग का मतलब है इंटरनेट और डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए किसी प्रोडक्ट, सर्विस या ब्रांड का प्रचार करना। जब आप सोशल मीडिया पर किसी कंपनी का विज्ञापन देखते हैं, यूट्यूब पर वीडियो से पहले ऐड आता है या गूगल सर्च में कोई वेबसाइट सबसे ऊपर दिखाई देती है, यह सब डिजिटल मार्केटिंग का हिस्सा है। यह कोर्स स्किल-बेस्ड होता है और कम समय में पूरा किया जा सकता है।

### करियर के विकल्प

- डिजिटल मॉर्केटिंग एग्जीक्यूटिव
- सोशल मीडिया मैनेजर
- एसईओ एग्जीक्यूटिव
- कंटेंट राइटर
- गूगल एड्स एग्जीक्यूटिव
- फ्रीलांस डिजिटल मार्केटर
- ऑनलाइन ब्रांड मैनेजर
- इस फील्ड में फ्रीलांस और वर्क फ्रॉम होम के अवसर भी भरपूर हैं।

### क्या है बीबीए

Bachelor of Business Administration अर्थात बीबीए एक 3 साल का ग्रेजुएशन डिग्री कोर्स है, जो बिजनेस और मैनेजमेंट की बुनियादी समझ देता है। इसमें मार्केटिंग, ह्यूमन रिसोर्स, फाइनेंस, ऑपरेशंस और कॉर्पोरेट वर्क कल्चर के बारे में पढ़ाया जाता है। यह कोर्स उन छात्रों के लिए बेहतर है, जो आगे चलकर कॉर्पोरेट सेक्टर में मैनेजर बनना चाहते हैं या MBA करने की योजना रखते हैं।

### BBA के बाद जॉब ऑप्शन

- सेल्स एग्जीक्यूटिव
- मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव
- एचआर असिस्टेंट
- ऑफिस मैनेजर
- बिजनेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव
- ऑपरेशन एग्जीक्यूटिव

### सैलरी और जॉब की तुलना

डिजिटल मार्केटिंग में कोर्स छोटा होता है और नौकरी जल्दी मिलने की संभावना रहती है। शुरुआत में सैलरी सामान्य होती है, लेकिन अनुभव और स्किल बढ़ने के साथ आय तेजी से बढ़ती है। वहीं BBA में पढ़ाई लंबी है और जॉब थोड़ा समय लेकर मिलती है, लेकिन अगर इसके बाद MBA कर लिया जाए, तो सैलरी और पद दोनों ही काफी बेहतर हो सकते हैं।

# एआई को विनियमित करना संयुक्त राष्ट्र का काम नहीं : संरा प्रमुख

- गुतारेस बोले-वार्षिक वैश्विक वार्ता की बनाई जा रही योजना

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने इस बात पर जोर दिया कि कृत्रिम मेधा (एआई) को विनियमित करना संयुक्त राष्ट्र का काम नहीं है। गुतारेस ने बताया कि एआई पर एक वार्षिक वैश्विक वार्ता की योजना बनाई जा रही है जिसमें सभी देशों, सरकारों, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज की भागीदारी होगी।

गुतारेस जल्द भारत पहुंचेंगे और वहां वह इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेंगे, जो ग्लोबल साउथ के किसी देश में आयोजित होने वाला कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर पहला शिखर सम्मेलन है। ग्लोबल साउथ से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है और ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं। भारत की यात्रा से पहले गुतारेस ने एआई पर वैश्विक सहयोग के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय संगठन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की रूपरेखा प्रस्तुत की और जोर दिया कि ये एआई शिखर सम्मेलन में प्रदर्शित उसकी रणनीति के पूरी तरह से अनुरूप हैं।


### वैश्विक समिति में भारत भी शामिल

गुतारेस ने वैश्विक एआई ढांचे में योगदान देने के लिए संयुक्त राष्ट्र में शुरू किए गए ग्लोबल डिजिटल कॉम्पैक्ट के तहत तीन प्रमुख क्षेत्रों पर प्रकाश डाला। कृत्रिम मेधा पर एक नए उच्च स्तरीय स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक समिति का गठन होना है, जिसमें दुनिया भर के 40 विशेषज्ञ शामिल होंगे। इसमें आईआईटी मद्रास में डेटा साइंस एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विभाग के प्रमुख बालारमन रविंद्रन भी हैं, जिनकी सिफारिश गुतारेस ने की है।

## क्या एआई खा रहा रोजगार

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आज केवल एक तकनीकी शब्द नहीं, बल्कि एक वैश्विक क्रांति बन चुका है जो हमारे काम करने के तरीकों को बुनियादी तौर पर बदल रहा है। यह एक ऐसा मोड़ है जहां डर और उम्मीद दोनों साथ-साथ चल रहे हैं। जहां एक ओर एआई को 'नौकरी खाने वाली मशीन' के रूप में देखा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर इसे उत्पादकता का नया इंजन माना जा रहा है। ऐतिहासिक रूप से, हर नई तकनीक जैसे इंटरनेट या औद्योगिक क्रांति ने शुरुआती दौर में विस्थापन का डर पैदा किया था, लेकिन अंतत: उन्होंने नए और बेहतर रोजगार के अवसर सृजित किए। वर्तमान में एआई के साथ भी कुछ ऐसा ही हो रहा है। विभिन्न शोध संस्थाओं और बैंकों की रिपोर्ट्स एआई के प्रभाव को लेकर अलग-अलग लेकिन महत्वपूर्ण संकेत दे रही हैं।

## आशंका और उम्मीदें




### कहां पर अधिक प्रभाव

- सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र : डेटा एंट्री, सॉफ्टवेयर टेस्टिंग, एचआर एडमिनिस्ट्रेशन और कस्टमर सर्विस जैसे क्षेत्रों में मांग कम हो रही है क्योंकि ये कार्य एआई टूल्स द्वारा आसानी से किए जा सकते हैं।
- नए अवसरों का उदय : एआई विशेषज्ञों, मशीन लर्निंग इंजीनियरों, डेटा एनालिस्ट, एआई एथिक्स अधिकारियों की मांग में भारी वृद्धि देखी जा रही है।
- भारत पर प्रभाव : नीति आयोग के अनुसार, भारत के आईटी क्षेत्र में लगभग 20 लाख नौकरियां प्रभावित हो सकती हैं, लेकिन अगले पांच वर्षों में 40 लाख नई नौकरियों के सृजन की भी संभावना है।

### क्या कह रहीं रिपोर्ट

- गोल्डमैन सैक्स : इनकी रिपोर्ट के अनुसार, एआई दुनिया भर में 30 करोड़ पूर्णकालिक नौकरियों को प्रभावित कर सकता है। अमेरिका और यूरोप में करीब एक चौथाई काम पूरी तरह से एआई द्वारा किए जा सकते हैं।
- वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम : फ्यूचर ऑफ जॉब्स रिपोर्ट 2025 के अनुसार, 2030 तक लगभग 9 .2 करोड़ नौकरियां खत्म हो सकती हैं, लेकिन अच्छी खबर यह है कि इसी दौरान 17 करोड़ नई नौकरियां पैदा होने की भी उम्मीद है।
- गार्टनर : एक चौंकाने वाला तथ्य यह है कि 2026 के अंत तक, लगभग 20% बड़े संगठन मध्य-प्रबंधन के आधे से ज्यादा पदों को एआई के जरिए खत्म करने की योजना बना रहे हैं।
- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष : उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में 60% नौकरियां एआई के खतरे के दायरे में हैं, जबकि विकासशील देशों में यह जोखिम कम (करीब 26%) है।

नई दिल्ली एआई इम्पैक्ट समिट 2026में विशेषज्ञों ने कहा कि एआई नौकरियों को खत्म नहीं करेगा, बल्कि उन्हें अनबंडल करेगा।

### तो क्या करें

- री और अप-स्किलिंग : यह सबसे प्रभावी समाधान है। कर्मचारियों को एआई टूल्स का उपयोग करना सीखना होगा। रिपोर्ट कहती है कि एआई कौशल वाले पेशेवरों को औसत से 28% से 56% अधिक वेतन मिल रहा है।
- यूनिवर्सल बेसिक इनकम : विस्थापित श्रमिकों को आर्थिक सुरक्षा देने के लिए सरकारें यूबीआई जैसे पायलट प्रोजेक्ट शुरू कर सकती हैं।
- शिक्षा प्रणाली में सुधार : शिक्षा को रटने के बजाय समस्या समाधान और डिजिटल माइंडसेट पर केंद्रित करना होगा।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### खुद की गाड़ी में ही चलेंगे पीएम रहमान

**ढाका।** बांग्लादेश के नवनियुक्त प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने सादगी और जन-सुविधा की मिसाल पेश करते हुए सरकारी वाहन के बजाय अपने निजी वाहन का उपयोग करने का अनोखा फैसला लिया है। उनकी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की मीडिया सेल के सदस्य अतीकुर रहमान रुमोन ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री अपनी निजी टोयोटा कार, निजी ड्राइवर और अपने खर्च पर खरीदे गए ईंधन का उपयोग करेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री के लिए आवंटित किसी भी सरकारी वाहन का उपयोग न करने का फैसला किया है।

### सलीम खान की तबीयत में सुधार

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज पटकथा लेखक एवं अभिनेता सलमान खान के पिता सलीम खान की तबीयत में सुधार हो रहा है। सलीम खान को तबीयत बिगड़ने पर मंगलवार को उनके पारिवारिक चिकित्सक डॉ. संदीप चोपड़ा उन्हें लीलावती अस्पताल लेकर पहुंचे थे। नब्बे वर्षीय सलीम खान को मंगलवार को सुबह करीब साढ़े आठ बजे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉ. जलील पारकर ने बताया कि खान को थोड़ा सा ब्रेन हेमरेज हुआ था। सर्जरी की जरूरत नहीं है। आज सुबह उनका एक प्रोजीसर न्यूरोसर्जन डॉ. नितिन डांगे ने किया है।

### बुल्गारिया में 19 अप्रैल को मध्यावधि चुनाव

**सोफिया।** बुल्गारिया की राष्ट्रपति इलियाना इओतोवा ने बुधवार को घोषणा की कि देश में 19 अप्रैल को मध्यावधि संसदीय चुनाव आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मनोनीत कार्यवाहक प्रधानमंत्री आंद्रेई गुरोव ने कार्यवाहक सरकार की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव दिया है, जिसके पर वह एक आधिकारिक आदेश जारी करेंगी। उन्होंने यह बयान तब दिया, जब टेलीविजन पर सीधे प्रसारित एक बैठक के दौरान गुरोव ने उन्हें कार्यवाहक सरकार की सूची सौंपी।

### वाहन दुर्घटनाग्रस्त शिक्षिका की मौत

**सवाना।** अमेरिका के जॉर्जिया में संघीय आव्रजन अधिकारियों द्वारा रोके जाने के बाद भागने की कोशिश कर रहे ग्वाटेमाला के चालक ने एक अन्य वाहन में टक्कर मार दी जिससे एक शिक्षिका की मौत हो गई। आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन विभाग (आईसीई) के अनुसार, हादसा सवाना के बाहरी इलाके में हुआ, आरोपी चालक ऑस्कर वास्केज लोपेज पर लापरवाही से गाड़ी चलाने और बिना वैध लाइसेंस के गाड़ी चलाने सहित कई आरोप हैं।

# दोनों पक्षों के बीच बनी आम सहमति अब तैयार होगा समझौते का मसौदा

## परमाणु मुद्दे पर अमेरिका से दूसरे दौर की वार्ता के बाद बोले ईरानी विदेशमंत्री अराघची

- अराघची बोले-ज्यादा सकारात्मक रही दूसरे दौर की बातचीत

काहिरा, एजेंसी

अमेरिका के साथ हुई दूसरे दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता के बाद ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए कहा कि यह बातचीत ओमान की राजधानी मस्कट में हुई पहले दौर की वार्ता से बेहतर और ज्यादा रचनात्मक थी। अराघची ने मंगलवार को सरकारी प्रसारक इरिब (इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टर) के साथ विशेष बातचीत में कहा कि दिशा देने वाले सिद्धांतों पर दोनों पक्षों के बीच आम सहमति बन गई है और जल्द ही एक संभावित समझौते का मसौदा तैयार करने की दिशा में बढ़ेंगे।

ओमान की मध्यस्थता में स्विट्ज़रलैंड की राजधानी जिनेवा में ओमानी दूतावास में हुई इस बैठक के बाद उन्होंने कहा कि एक बार मसौदा तैयार होने पर दोनों पक्ष तीसरे दौर की बातचीत के लिए तारीख निर्धारित करेंगे। अराघची ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच की खाई पाटने में समय लगेगा। अराघची ने बैठक के बाद संयुक्त राष्ट्र के एक निरस्त्रीकरण सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बातचीत से एक टिकाऊ समाधान के लिए एक नया रास्ता खुल गया है जो ईरान के अधिकारों का सम्मान करते हुए पूरे क्षेत्र और सभी पक्षों के हितों की रक्षा करेगे।

बैठक की मध्यस्थता करने वाले ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हम्माद बिन हमूद अलबुसैदी ने कहा कि बातचीत रचनात्मक थी और दोनों पक्षों ने तकनीकी मुद्दों एवं सामान्य उद्देश्य पहचानने में अच्छी प्रगति की है। साथ ही अंतिम समझौते के मार्गदर्शक सिद्धांतों को शक्ल देने के लिए महत्वपूर्ण कोशिशें की गईं। इससे पहले जैसे ही वार्ताकार जिनेवा में मिले, ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड ने होर्मुज की खाड़ी में स्मार्ट कंट्रोल ऑफ़ द स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज नाम का अभ्यास शुरू कर दिया था।



### राष्ट्रपति ट्रंप की कुछ बातों को मानना होगा

इस बीच, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैन्स ने मीडिया को बताया कि मंगलवार की बातचीत के कुछ पहलू सकारात्मक थे, लेकिन ईरान ने अभी तक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कुछ बातों को नहीं माना है, और इनसे पीछे नहीं हटा जा सकता। उन्होंने कहा कि सब कुछ अभी भी टेबल पर है। ट्रंप अपने पहले कार्यकाल में ईरान के साथ हुए पहले के परमाणु समझौते से हट गए थे। लेकिन दूसरे कार्यकाल में उन्होंने ईरान पर अधिकतम दबाव बनाया है और बार-बार चेतावनी दी है कि वह ईरान की परमाणु कार्रवाई रोकने के लिए सैन्य बल का इस्तेमाल कर सकते हैं। ईरान ने भी इसके जवाब में कहा है कि वह किसी भी हमले का उसी तरह जवाब देगा।

### शांतिपूर्ण परमाणु तकनीक नहीं छोड़ेंगे

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियन ने कहा कि ईरान अपनी शांतिपूर्ण परमाणु तकनीक नहीं छोड़ेगा, लेकिन यह साबित करने के लिए किसी भी तरह के सत्यापन के लिए तैयार है कि उसका कार्यक्रम हथियार बनाने के मकसद से नहीं है। उम्मीद जताई कि अमेरिका और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय उन अफवाहों को खारिज कर देगा जिनमें यह दावा किया जाता है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर रहा है। सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने ट्रंप की सैन्य हमलों की हालिया धमकियों का जवाब देते हुए कहा कि पूर्व के अमेरिकी राष्ट्रपतियों की तरह ट्रंप भी ईरान के इस्लामिक गणराज्य को हराने में नाकाम रहेंगे।

## कनाडा ने घोषित की पहली रक्षा औद्योगिक नीति

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने देश की पहली रक्षा औद्योगिक रणनीति की घोषणा कर दी है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करना, उच्च वेतन वाली नौकरियों का सृजन करना और तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में कनाडा की रणनीतिक स्वायत्तता को सुदृढ़ करना है।श्री कार्नी ने मंगलवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय नियम-आधारित व्यवस्था के कमजोर पड़ने और प्रौद्योगिकी के कारण संघर्षों के विस्तार ने कनाडा की रक्षा नीति में बदलाव को आवश्यक बना दिया है। उन्होंने कहा, कनाडा की नयी सरकार कनाडाई सशस्त्र बलों (सीएएफ) के पुनर्निर्माण, पुनःसज्जा और पुनर्निवेश पर केंद्रित है। कनाडा इस वित्त वर्ष में नाटो के दो प्रतिशत रक्षा व्यय लक्ष्य को हासिल करने की राह पर है और सीएएफ में शामिल होने के लिए आवेदनों में लगभग 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह घोषणा ऐसे समय में की गयी है, जब कनाडाई सरकार सीएएफ के आधुनिकीकरण, खरीद प्रक्रियाओं को सरल बनाने और घरेलू आपूर्तिकर्ताओं को प्राथमिकता देने पर जोर दे रही है, ताकि सैनिकों को कनाडा और उसके सहयोगियों की रक्षा के लिए आवश्यक उपकरण समय पर उपलब्ध कराए जा सकें।

# विविध क्षेत्रों में संबंध और प्रगाढ़ करेंगे भारत-सर्बिया



नई दिल्ली में सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुचिच के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

- मोदी-वुचिच में रक्षा सहित कई मुद्दों पर सहयोग पर वार्ता

नई दिल्ली, एजेंसी

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में हिस्सा लेने आए सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुचिच ने बुधवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को प्रगाढ बनाने के उपायों पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने विशेष रूप से रक्षा, विनिर्माण, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, उर्वरक और अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत बनाने के बारे में विस्तार से बात की।

मुलाकात के बाद मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के अवसर पर राष्ट्रपति अलेक्ज़ेंडर वुचिच से मुलाकात हुई। हमने रक्षा, विनिर्माण, डीपीआई, उर्वरक और अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और सुदृढ़ करने पर चर्चा की। कई वर्षों से भारत-सर्बिया ने मिलकर कार्य किया है और मुझे विश्वास है कि भविष्य में हमारे संबंध और अधिक गति प्राप्त करेंगे।

### कई अन्य देशों के प्रमुख मोदी से मिले

**नई दिल्ली।** एस्टोनिया के राष्ट्रपति अलार करिस और क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज़ प्लेंकोविक ने बुधवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढाने के बारे में बातचीत की। मोदी और करिस ने भविष्य की प्रौद्योगिकियों, ऊर्जा प्रबंधन, कौशल विकास और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज़ प्लेंकोविक से सार्थक चर्चा हुई।

## अभिनेता जयसूर्या की 39 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क

**कोच्चि।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन मामले की जांच के तहत मलयालम अभिनेता जयसूर्या की 39 लाख रुपये मूल्य की अचल संपत्ति को कुर्क कर लिया है। संघीय जांच एजेंसी ने अभिनेता और उनकी पत्नी से सेव बॉक्स नामक एक ऑनलाइन बोली ऐप्लीकेशन के जरिए ठगी के मामले में दिसंबर 2025 में पूछताछ की थी। बताया जा रहा है कि स्वाति रहीम नामक एक व्यक्ति ने यह कथित निवेश योजना चलाई। सूत्रों ने बताया कि ईडी की जांच त्रिशूर ईस्ट पुलिस द्वारा दर्ज चार प्राथमिकी से जुड़ी है। केरल में जयसूर्या को दी गई 39.01 लाख की अचल संपत्ति को जब्त करने के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत मंगलवार को अंतरिम आदेश जारी किया गया।

# कूनो राष्ट्रीय उद्यान में तीन चीता शावकों का जन्म

- अब भारत में कुल चीतों की संख्या बढ़कर 38 हुई

श्योपुर (मप्र), एजेंसी

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को कहा कि मध्यप्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान (केएमपी) में चीता 'गामिनी' ने तीन शावकों को जन्म दिया है, जिससे भारत में चीतों की संख्या बढ़कर 38 हो गई है। यादव ने इसे चीतों को भारत में फिर से बसाने के सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम की शानदार सफलता करार देते हुए कहा कि यह देश के दृढ़ और ऐतिहासिक संरक्षण प्रयासों का शक्तिशाली प्रतीक है।

भारत में चीतों को पुनः बसाने के लिए 2022 में आरंभ महत्वाकांक्षी परियोजना के हिस्से के रूप में गामिनी को दक्षिण अफ्रीका से भारत स्थानांतरित किया गया था। चीते दशकों पहले भारत में विलुप्त हो गए थे। यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, कूनो तीन नए शावकों का स्वागत करता है। दक्षिण अफ्रीका से चीतों के आगमन के 3 साल पूरे होने के अवसर पर कूनो में एक नया अध्याय। कूनो राष्ट्रीय उद्यान में जश्न का माहौल है क्योंकि दक्षिण अफ्रीकी चीता और दूसरी बार मां बनने वाली गामिनी ने 3 शावकों को जन्म दिया है।

उन्होंने कहा कि भारत की धरती पर यह नौवें शावक का जन्म है और इसके साथ ही भारत में जन्मे शावकों की संख्या बढ़कर 27 हो गई है।

## अमेरिका में 30 से अधिक वाहन भिड़े, चार की मौत

**पुएब्लो।** अमेरिका के कोलोराडो में धूल भरी आंधी के कारण मंगलवार को 30 से अधिक वाहन आपस में टकरा गए जिससे चार लोगों की मौत हो गई। कोलोराडो स्टेट पेट्रोल' ने बताया कि यह हादसा तेज हवाओं के कारण धूल उड़ने से पूर्वाह्न करीब 10 बजे पुएब्लो के दक्षिण में इंटरस्टेट 25 पर हुआ। उन्होंने बताया कि वाहन चालकों को बहुत कम या बिल्कुल भी दिखाई नहीं दे रहा था। पुलिस ने बताया कि चार लोगों की मौत हो गई है और 29 घायलों को अस्पताल ले जाया गया है लेकिन यह जानकारी नहीं है कि उनकी हालत कैसी है। दुर्घटना के कारणों की जांच जारी है। गश्ती दल ने बताया कि कम दृश्यता को दुर्घटना का एक कारण माना जा रहा है।

# तकाइची फिर से संभालेंगी जापानी प्रधानमंत्री का पद

- पिछले सप्ताह हुए चुनावों में भारी बहुमत से दर्ज की थी जीत

तोक्यो, एजेंसी

जापान की प्रधानमंत्री सनाए तकाइची के पिछले सप्ताह चुनाव में भारी बहुमत से जीत दर्ज करने के बाद बुधवार को देश की संसद उन्हें फिर से प्रधानमंत्री नियुक्त करेगी और वह अपने दूसरे कार्यकाल के लिए मंत्रिमंडल का गठन करेंगी। तकाइची जापान की सैन्य क्षमता और हथियारों की बिक्री को मजबूत करना चाहती हैं और आव्रजन नीतियों को सख्त करना चाहती हैं।

तकाइची ने घरेलू जीवन यापन की लागत को कम करने के लिए खाद्य उत्पादों पर दो साल के लिए बिक्री कर में कटौती का प्रस्ताव रखा है। विशेषज्ञों का मानना है कि उनकी उदार राजकोषीय नीति से कीमतों को बढ़ोत्तरी हो सकती है और जापान के भारी राष्ट्रीय ऋण को कम करने की दिशा में प्रगति में देरी हो सकती है। तकाइची अगले महीने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ होने वाले एक महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन की तैयारी में जुटी हैं। ट्रंप अप्रैल में चीन का दौरा करेंगे।




## रूस ने कीव पर दागीं 29 मिसाइलें और 400 ड्रोन

**कीव।** स्विटजरलैंड की राजधानी जिनेवा में नये सिरे से शुरू हुई शांति वार्ता के पहले ही दिन रूस ने ताकत का प्रदर्शन करते हुए यूक्रेन के 12 क्षेत्रों में 29 मिसाइलें और लगभग 400 ड्रोन दागे, जिससे कई नागरिक घायल हुए और ऊर्जा एवं नागरिक अवसंरचना को भारी नुकसान पहुंचा। यूक्रेन ने इसे ऊर्जा तथा नागरिक ढांचे पर किया गया समन्वित हमला बताया है, जिससे कूटनीतिक प्रयासों की नाजुक स्थिति उजागर होती है। बातचीत के पहले दिन के बाद, रूसी मीडिया ने मंगलवार को एक अनजान सूत्र के हवाले से बताया कि बातचीत तनावपूर्ण थी और छह घंटे तक चली। यूक्रेन के मुख्य वार्ताकार रुस्तेम उमेरोव ने कहा कि बातचीत व्यावहारिक मुद्दों पर केंद्रित रही।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 19 फरवरी, गुरुवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, द्वितीया 15 .58 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- वसंत।

**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।

**ताराबल**- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**- पूर्व भाद्रपद 20 .52 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

**मेष** — आज इंटरव्यू आदि में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। विवाह योग्य संतान का विवाह तय हो सकता है। आप अत्यधिक लोकप्रिय रहेंगे। ललित कलाओं का आनंद ले सकते हैं। परिवार में तालमेल शानदार रहने वाला है।

**वृष** — आज आपकी आर्थिक स्थिति सबल रहेगी। किसी बड़ी समस्या से आपको छुटकारा मिल सकता है। अधीनस्थ कर्मचारी आप से अत्यंत प्रसन्न रहेंगे। विदेश से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आपके साहस और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — आज आध्यात्मिक विषयों में आप रुचि लेंगे। दूर के रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। नई परियोजनाओं को लेकर आप अत्यधिक सक्रिय रहने वाले हैं। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ा पद दिया जा सकता है। वैवाहिक जीवन में संवादहीनता हो सकती है।

**कर्क** — आज भाग्य का साथ न मिलने से आपके काम प्रभावित हो सकते हैं। यात्रा के दौरान बड़ी परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। अकारण लोगों से विवाद होने की आशंका है। लेन-देन में त्रुटि होने के कारण आर्थिक नुकसान हो सकता है।

**सिंह** — आज व्यवसाय में बड़े अनुबंध हो सकते हैं। धन कमाने के नए स्रोत निर्मित कर सकते अपनी कार्यप्रणाली में अपेक्षित सुधार कर लेंगे। हैं। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिल सकता है। अविवाहित लड़कियों का विवाह तय हो सकता है।

**कन्या** — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रेमीजन के साथ पर्यटन की योजना बना सकते हैं। सुबह काम का तनाव रहेगा, लेकिन शाम तक आप काफी शांत मूड में आ जाएंगे। पारिवारिक कार्यों को लेकर भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

**तुला** — आज दिन काफी अच्छा रहेगा। शेयर मार्केट से होने वाले नुकसान की भरपाई करने के लिए दिन अच्छा है। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के ऊपर से काम का दबाव कम होगा। व्यापार को लेकर आपके मन में पूरे दिन आइडियाज आते रहेंगे।

**वृश्चिक** — आज नए ज्ञान को सीखने का प्रयास करेंगे, लेकिन धन की कमी के कारण आपके काम रुक सकते हैं। विद्वान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। वाहन में खराबी आ सकती है। कानूनी मामलों में उलझन की आशंका है।

**धनु** — आज नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अत्यंत शुभ है। कारोबार को लेकर यात्रा कर सकते हैं। आपकी कोई इच्छा पूरी हो सकती है। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे। आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। दिखावे की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए।

**मकर** — आज आप लोगों की सहायता करने के लिए उधार दे सकते हैं। गुप्त शत्रु आपका अहित करने का प्रयास करेंगे। आपके कार्यों से परिजन नाराज होंगे। किंतु आपको उनसे झगड़ने के बजाय उन्हें अपनी बातें मनानी चाहिए।

**कुंभ** — आज आपको नौकरी में उच्च पद मिल सकता है। आपके सपने साकार हो सकते हैं। जीवनसाथी आपकी निष्ठा से बहुत प्रभावित होगी। किसी मांगलिक समारोह में सम्मिलित होने की संभावना है। छात्रों का पढ़ाई में प्रदर्शन बहुत शानदार रहेगा।

**मीन** — आज व्यापार को लेकर बड़ी मीटिंग कर सकते हैं। अनुशासनहीनता पूर्ण व्यवहार से आपको बचना चाहिए। बढ़ते खर्चों को नियंत्रित करने के लिए आप काम करेंगे। कारोबारियों को बड़ा निवेश करने से बचना चाहिए। घर में उत्साह का वातावरण रहेगा।

## सुडोकू -66

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 9 | | | 7 | | |
| | | 8 | | | | | | 9 |
| | 7 | | 4 | | 2 | | 6 | |
| | 9 | | | | 8 | | 4 | |
| | | 2 | 7 | | | 8 | | |
| | 8 | | 5 | | | | 3 | |
| | 1 | | | 3 | 5 | | 7 | |
| 7 | | | | | | 1 | | 5 |
| | | 6 | | | 4 | | | 3 |

### सुडोकू - 65 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 6 | 8 | 3 | 2 |
| 3 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 | 1 | 5 | 9 |
| 9 | 8 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 6 | 4 |
| 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 | 2 | 8 |
| 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 | 1 | 6 |
| 8 | 9 | 1 | 6 | 3 | 2 | 5 | 4 | 7 |
| 7 | 6 | 8 | 2 | 5 | 1 | 4 | 9 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 1 |
| 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 5 |





स्टेडियम
कानपुर, गुरुवार, 19 फरवरी 2026
अमृत विचार
www.amritvichar.com

## आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| इटली-वेस्टइंडीज | पूर्वाह्न 11 बजे |
| श्रीलंका-जिम्बाब्वे | दोपहर 3 बजे |
| अफगानिस्तान | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### इटली पर बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा वेस्टइंडीज

**कोलकाता।** दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज की टीम गुरुवार को यहां इटली के खिलाफ टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के अपने अंतिम मैच में अपने टीम संयोजन को और बेहतर बनाने की कोशिश करेगी। वेस्टइंडीज ने एक दशक पहले इसी मैदान पर अपना दूसरा टी20 विश्व कप जीतने के बाद अच्छा प्रदर्शन नहीं किया लेकिन वर्तमान टूर्नामेंट में उसने शुरू से लय पकड़ ली थी और वह इसे जारी रखने में किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेगा। टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ वेस्टइंडीज का प्रदर्शन भी बेहतर होता जा रहा है। सुपर आठ में वेस्टइंडीज 23 फरवरी को मुंबई में जिम्बाब्वे और 26 फरवरी को अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगा।

### ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल करना चाहेंगे श्रीलंका और जिम्बाब्वे

**कोलंबो।** पहले ही सुपर आठ में जगह बना चुकी श्रीलंका और जिम्बाब्वे की टीम गुरुवार को यहां जब टी20 विश्व कप के मैच में आमने-सामने होगी तो उनका लक्ष्य ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल करना होगा। श्रीलंका ने स्थानीय परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए ओमान और आयरलैंड को हराया और फिर ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर खुद को खिताब के एक मजबूत दावेदार के रूप में पेश किया है। दूसरी ओर जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया पर अपनी अप्रत्याशित जीत और खराब मौसम की बदौलत पहली बार सुपर आठ में जगह पक्की कर ली। आयरलैंड के खिलाफ उसका मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था जिससे उसे एक अंक मिला। इससे ऑस्ट्रेलिया की आगे बढ़ने की उम्मीद पर पानी फिर गया। दासुन शनाका की अगुवाई वाली श्रीलंका की टीम सुपर आठ के लिए क्वालीफाई करने के बावजूद किसी तरह की ढिलाई नहीं बरतना चाहेगी। वह अपनी जीत की लय को बनाए रखने और ग्रुप में शीर्ष पर रहने का लक्ष्य रखेगी।

### औपचारिक मुकाबले में कनाडा से भिड़ेगा अफगानिस्तान

**चेन्नई।** दर्शकों को अपने जज्बे और जोश भरे खेल से रोमांचित करने के बावजूद टूर्नामेंट से बाहर हो चुके अफगानिस्तान और कनाडा बृहस्पतिवार को यहां टी20 विश्व कप के अपने अंतिम मुकाबले में आमने-सामने होंगे तो दोनों टीम जीत के साथ टूर्नामेंट का अंत कर एक मजबूत छाप छोड़ना चाहेंगी। अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए यादगार ''डबल सुपर ओवर'' मुकाबले में अफगानिस्तान ने शानदार प्रदर्शन से प्रशंसकों का दिल जीत लिया था। हालांकि उन्हें अंततः दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा। कनाडा के किशोर बल्लेबाज युवराज सामरा ने चेन्नई में अपने शानदार प्रदर्शन से क्रिकेट जगत का ध्यान आकर्षित किया और टी20 शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने।

# शिवम की तूफानी पारी से भारत ने नीदरलैंड्स को 17 रनों से हराया

## टी-20 विश्व कप : फिर नहीं चला अभिषेक का बल्ला, शून्य पर आउट




अहमदाबाद, एजेंसी

शिवम दुबे के तूफानी अर्धशतक से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में बुधवार को यहां नीदरलैंड्स को 17 रनों से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम धीमी शुरुआत से उबरते हुए छह विकेट पर 193 रन बनाए। दुबे ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान 31 गेंद में छह छक्कों और चार चौकों से 66 रन की पारी खेलने के अलावा हार्दिक पंड्या (21 गेंद में 30 रन, तीन छक्के) के साथ पांचवें विकेट के लिए 35 गेंद में 76 रन की साझेदारी की जिससे भारत अंतिम पांच ओवर में 75 रन जोड़ने में सफल रहा।

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव (34) और तिलक वर्मा (31) ने भी उपयोगी पारियां खेली। नीदरलैंड की ओर से तेज गेंदबाज लोगान वान बीक सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 56 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

ऑफ स्पिनर आर्यन दत्त ने 19 रन देकर दो विकेट हासिल किए। सूर्यकुमार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। अभिषेक शर्मा का मौजूदा विश्व कप में खाता खुलने का इंतजार जारी रहा और वह लगातार तीसरे मैच में बिना रन बनाए पवेलियन लौट गए। वह आर्यन की सीधी गेंद को पूरी तरह से चूककर बोल्ड हुए। तिलक ने वान बीक पर छक्का मारा जबकि बेहतरीन फॉर्म में चल रहे इशान किशन (18) ने भी इस तेज गेंदबाज पर चौका जड़ा।



विकेट का जश्न मनाते वरुण चक्रवर्ती, विकेटकीपर ईशान किशन और कप्तान सूर्यकुमार यादव।

**भारत**

**193/6 (20 ओवर)**

| | |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा बो दत्त | 00 |
| ईशान किशन बो दत्त | 18 |
| तिलक वर्मा का वान डेर मर्व बो वान बीक | 31 |
| सूर्यकुमार का स्थानापन्न बो क्लेन | 34 |
| शिवम का स्थानापन्न बो वान बीक | 66 |
| हार्दिक का वान डेर मर्व बो वान बीक | 30 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 06 |

गेंदबाजी : दत्त 4-0-19-2, वान बीक 4-0-56-3, एकरमैन 3-0-36-0, क्लेन 4-0-38-1, डि लीडे 4-0-28-0, वान डेर मर्व 1-0-15-0

इशान ने कोलिन एकरमैन का स्वागत छक्के के साथ किया जबकि अगले ओवर में दत्त पर भी चौका जड़ा लेकिन इस ऑफ स्पिनर की अगली गेंद उनकी जांघ और फिर कोहनी से टकराकर विकेटों में समा गई। भारत ने पावर प्ले में दो विकेट पर 50 रन बनाए। सूर्यकुमार 13 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब वान बीक की गेंद पर माइकल लेविट ने उनका कैच टपका दिया। वान बीक के इसी ओवर में हालांकि रोलोफ वान डेर मर्व ने लॉन्ग ऑफ पर शानदार कैच लपककर तिलक की पारी का अंत किया। सूर्यकुमार ने 12वें ओवर में बास डि लीडे पर छक्के के साथ बाउंड्री के सूखे को खत्म किया जबकि शिवम ने अगले ओवर में एकरमैन पर दो छक्के और एक चौके के साथ टीम के रनों का शतक पूरा किया।

सूर्यकुमार हालांकि तेज गेंदबाज काइल क्लेन के अगले ओवर में बाउंड्री पर कैच थमाकर पवेलियन लौट गए। उन्होंने 28 गेंद की अपनी पारी में दो चौके और एक छक्का मारा। भारत ने 15 ओवर में चार विकेट पर 118 रन बनाए।

दुबे ने बाएं हाथ के स्पिनर वान डेर मर्व की फुलटॉस को दर्शकों के बीच पहुंचाया जबकि हार्दिक ने इस शॉट को दोहराया। दुबे ने 17वें ओवर में वान बीक पर दो छक्कों और एक चौके से 25 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। हार्दिक ने19वें ओवर में क्लेन पर दो छक्के मारे। दुबे ने भी वान बीक की पहली गेंद पर छक्का जड़ा।



विकेट लेने के बाद जश्न मनाते दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी कोर्बिन बॉश। एजेंसी

# गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका विजयी

नई दिल्ली, एजेंसी

- यूएई को छह विकेट से हराया कोर्बिन बॉश ने किए तीन शिकार

कोर्बिन बॉश की अगुवाई में अपने गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने टी20 विश्व कप के अपने आखिरी ग्रुप लीग मैच में बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात को छह विकेट से हराकर सुपर आठ की तैयारी पुख्ता कर ली। पिछली उपविजेता दक्षिण अफ्रीका को सुपर आठ चरण के पहले मैच में 22 फरवरी को अहमदाबाद में मौजूदा चैम्पियन और मेजबान भारतीय टीम से खेलना है। वहीं यूएई की टीम ने इस हार के साथ टूर्नामेंट से विदा ली।

हल्की बूंदाबांदी और ठंडे मौसम के बीच भारतीय टीम का मैच नहीं होने के बावजूद अरुण जेटली स्टेडियम पर 12000 से अधिक दर्शक यह मैच देखने मौजूद थे। पहले गेंदबाजी करते हुए बॉश के तीन विकेट की मदद से यूएई को छह विकेट पर 122 रन पर रोकने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने 13.2 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। उसके लिये सबसे बड़ी राहत की बात 'जूनियर एबी डिविलियर्स' कहे जाने वाले डेवाल्ड ब्रेविस का फॉर्म में लौटना रहा जिन्होंने 36 रन बनाए।

यूएई ने गेंदबाजी की शुरुआत अच्छी की और पहले ओवर में ध्रुव पाराशर ने सिर्फ एक रन दिया। कप्तान एडेन माक्ररम ने हालांकि दूसरे ओवर में जुनैद सिद्दीकी को दो चौके जड़कर दबाव हटाया। तीसरे ओवर में उन्होंने हैदर अली शाह को नसीहत देते हुए तीन चौके और एक छक्का लगाया लेकिन आखिरी गेंद पर बोल्ड हो गए।

मार्करम ने 11 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के के साथ 28 रन बनाए। नए बल्लेबाज रियान रिकेलटन ने छठे ओवर में मोहम्मद जवादुल्लाह को दो चौके लगाकर दक्षिण अफ्रीका का पचासा पूरा किया लेकिन इसी ओवर में क्विंटोन डिकॉक ने हैदर शाह को कैच थमा दिया। पावरप्ले के बाद स्कोर दो विकेट पर 56 रन था। इस साल एसए 20 में 370 रन बनाकर सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज रहे ब्रेविस ने टूर्नामेंट में पहली बार खुलकर खेलते हुए पहले आठवें ओवर में जवादुल्लाह को मिडविकेट के ऊपर और फिर अगले ओवर में हैदर को लांग आन पर छक्का लगाया।

# अजेय बढ़त हासिल करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

कैनबरा, एजेंसी

- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरा टी-20 मुकाबला आज
- तेज गेंदबाजों ने बढ़ाया टीम का आत्मविश्वास

भारतीय महिला क्रिकेट टीम गुरुवार को यहां जब दूसरे टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी तो वह पहले मैच में तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी ने पहले मैच में चार विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी को झकझोर दिया था। ऑस्ट्रेलिया की टीम 20 ओवर भी पूरे नहीं खेल पाई और केवल 133 रन पर आउट हो गई।

भारतीय बल्लेबाजों को हालांकि बारिश के कारण खेलने का खास मौका नहीं मिला। भारत ने यह मैच डकवर्थ-लुईस प्रणाली के आधार पर जीता जिसमें केवल सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ही कुछ समय क्रीज पर बिता पाईं। लेकिन भारत की बल्लेबाजी मजबूत है और उसके खिलाड़ियों ने हाल में महिला प्रीमियर लीग में खेला था जिससे वह अच्छी तैयारी के साथ ऑस्ट्रेलिया आई है। भारत एक बार फिर शेफाली की तूफानी शुरुआत पर निर्भर रहेगा, जिन्होंने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व कप फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया था। इसके अलावा मंधाना की करिश्माई बल्लेबाजी तथा कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स की भूमिका भी महत्वपूर्ण होगी। इस साल इंग्लैंड में होने वाले महिला टी20 विश्व कप को देखते हुए भारत के लिए यह श्रृंखला काफी महत्वपूर्ण है। तीन मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज जीतने से भारत को आत्मविश्वास मिलेगा। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह का प्रदर्शन उत्साहजनक रहा, जिन्होंने चार किफायती ओवर फेंके और दो विकेट लिए।

# ऑस्ट्रेलियाई टीम का अभियान बहुत खराब रहा: पोंटिंग

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने आईसीसी टी20 विश्व कप से ऑस्ट्रेलिया के बाहर होने के बाद कहा कि यह बहुत खराब अभियान रहा और मौजूदा टीम में वह चमक नहीं है जो वैश्विक टूर्नामेंट में पिछली टीमों में हुआ करती थी। आईसीसी रिव्यू में पोंटिंग ने कहा कि कागज पर यह टीम उन पिछली ऑस्ट्रेलियाई टीम जैसी प्रभावशाली नहीं दिखती जिन्होंने आईसीसी टूर्नामेंट में दबदबा बनाया था।

पोंटिंग ने कहा जब आप इस ऑस्ट्रेलियाई टीम को कागज पर देखते हैं, तो उसमें वह आभा नजर नहीं आती जो कई अन्य ऑस्ट्रेलियाई टीम में आईसीसी टूर्नामेंट और विश्व कप से पहले दिखाई देती थी। इन टूर्नामेंटों में आगे बढ़ने और जीतने के लिए आपके सर्वश्रेष्ठ और सबसे अनुभवी खिलाड़ियों को बड़े मौकों पर प्रदर्शन करना होता है। उन्होंने शीर्ष क्रम के निराशाजनक प्रदर्शन की ओर इशारा किया जिसमें कैमरन ग्रीन और टिम डेविड शामिल थे।

# पाकिस्तान ने पूरी की सुपर-8 की लाइनअप

कोलंबो, एजेंसी

- फरहान के शतक के बाद स्पिनरों ने की मारक गेंदबाजी

सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान (नाबाद 100) के पहले शतक के बाद स्पिनर शादाब खान (19 रन देकर तीन विकेट) और उस्मान तारिक (16 रन देकर चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन से पाकिस्तान ने बुधवार को यहां टी20 विश्व कप के 'करो या मरो' के ग्रुप मैच में नामीबिया को 102 रन से हराकर सुपर आठ में प्रवेश किया।

फरहान की 11 चौके और चार छक्के जड़ित 58 गेंद की पारी की बदौलत पाकिस्तान ने तीन विकेट पर 199 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। फरहान को 50 से 100 रन तक पहुंचने में महज 20 गेंद लगी। वह विश्व कप में शतक जड़ने वाले पाकिस्तान के दूसरे खिलाड़ी बन गए। इससे पहले 2014 में मीरपुर में अहमद शहजाद ने बांग्लादेश के खिलाफ शतक लगाया था।

पाकिस्तान ने 'मिस्ट्री' स्पिनर तारिक और लेग स्पिनर शादाब के स्पिन जाल से दबदबा बनाते हुए नामीबिया की टीम को 17.3 ओवर में महज 97 रन पर समेट दिया। सलमान मिर्जा और मोहम्मद नवाज ने भी एक एक विकेट झटका। इस तरह नामीबिया का अभियान चारों मैच में हार के साथ समाप्त हुआ। इस जीत से पाकिस्तान ने टी20 विश्व कप के अगले चरण के लिए अपना क्वालीफिकेशन भी सुनिश्चित किया जो 2028 में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की सह मेजबानी में खेला जाएगा। यह टी20 विश्व कप में पाकिस्तान की रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत भी है।



शतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते पाकिस्तानी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान। एजेंसी

इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम साइम अयूब (14 रन) का विकेट गंवाकर पावरप्ले में महज 47 रन ही बना सकी। पर फरहान ने कप्तान सलमान आगा (38 रन) के साथ मिलकर 67 रन जोड़े जबकि शादाब खान (नाबाद 36 रन) के साथ 81 रन की भागीदारी निभाई। पाकिस्तान ने ख्वाजा नफे को मध्यक्रम में शामिल कर अपनी बल्लेबाजी को मजबूती दी जबकि खराब फॉर्म में चल रहे शाहीन शाह अफरीदी को बाहर किया।

पाकिस्तान ने शुरू में रक्षात्मक बल्लेबाजी की जो उनके स्कोर से जाहिर हो रहा है। लेकिन कप्तान सलमान ने नौवें ओवर की शुरुआत में विलेम माइबर्ग की गेंद पर छक्का लगाकर रन गति बढ़ाने की कोशिश की। इसके बाद उन्होंने लांग-ऑन पर एक और छक्का लगाया। फिर अपने कप्तान से प्रेरित होकर फरहान ने लेग-स्पिनर माइबर्ग की गेंद पर डीप मिडविकेट के ऊपर से एक बड़ा छक्का मारा और फिर उनकी गुगली को फिर उसी जगह भेजा। एक ओवर में तीन छक्कों से पाकिस्तान का रन रेट बढ़ गया।

**रणजी ट्रॉफी**

67 साल में पहली बार हासिल की उपलिब्ध, हुबली में कर्नाटक के खिलाफ होगा खिताबी मुकाबला

# जम्मू-कश्मीर ने रचा इतिहास, पहली बार फाइनल में

कल्याणी (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

जम्मू कश्मीर ने सेमीफाइनल के चौथे दिन दो बार के पूर्व चैंपियन बंगाल को छह विकेट से करारी शिकस्त देकर अपने 67 साल के इतिहास में पहली बार रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया। फाइनल 24 फरवरी से हुबली के केएससीए स्टेडियम में कर्नाटक के खिलाफ खेला जाएगा।

बंगाल ने जम्मू कश्मीर के सामने 126 रन का लक्ष्य रखा था। जम्मू कश्मीर में 34.4 ओवर में चार विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर दिया। उसकी तरफ से वंशज शर्मा ने नाबाद 43 और अब्दुल समद ने नाबाद 30 रन बनाए।

इससे पहले तेज गेंदबाज आकिब नबी ने मैच में नौ विकेट लेकर बंगाल की जीत की संभावनाओं को पूरी तरह से खत्म कर दिया था। आकिब नबी के शानदार प्रदर्शन और आईपीएल स्टार अब्दुल समद की बेखौफ बल्लेबाजी ने यह सुनिश्चित किया कि जिस टीम को कभी लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं करने वाली टीम के रूप में जाना जाता था वह अब खिताब से सिर्फ एक कदम दूर है। समद ने 22 वर्षीय वंशज को विजयी रन बनाने का मौका दिया और इस युवा बल्लेबाज ने मुकेश कुमार की गेंद पर लॉन्ग ऑन के ऊपर से छक्का मारकर जम्मू कश्मीर की टीम में जबरदस्त जश्न का माहौल बना दिया। जम्मू कश्मीर ने पहली बार 1959-60 के सत्र में रणजी ट्रॉफी में हिस्सा लिया था और तब से लेकर अब तक उसे मजबूत दावेदार नहीं माना जाता था।



जम्मू और कश्मीर के वंशज शर्मा (दाएं) और अब्दुल समद। एजेंसी

## कर्नाटक के रविचंद्रन स्मरण ने दूसरी पारी में भी ठोका शतक, 802 रनों की विशाल बढ़त

**लखनऊ, अमृत विचार।** लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में कर्नाटक ने उत्तराखंड के खिलाफ मैच पर पूरी तरह शिकंजा कस लिया है। चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक कर्नाटक ने दूसरी पारी में छह विकेट पर 299 रन बना लिए हैं। उसकी कुल बढ़त 802 रन तक पहुंच गई है। इससे पहले उत्तराखंड ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 149 रन से आगे बढ़ाई, लेकिन पूरी टीम 88 .5 ओवर में 233 रन पर सिमट गई। लक्ष्य रायचंदानी 55 रन बनाकर विजय कुमार की गेंद पर बोल्ड हुए, जिसके बाद विकेटों का पतन शुरू हो गया। निचले क्रम में आदित्य रावत ने 38 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से नाबाद 45 रन बनाकर



संघर्ष जरूर दिखाया। कर्नाटक की ओर से विद्याधर पाटिल और विजय कुमार ने तीन-तीन विकेट लिए। उत्तराखंड को फॉलोआन न देते हुए कर्नाटक ने दूसरी पारी खेलने का फैसला किया। टीम को शुरुआती झटके लगे। मयंक अग्रवाल (21), श्रेयस गोपाल (0) और करुण नायर (8) सस्ते में आउट हो गए। इसके बाद कृतिक कृष्णा (52) ने पारी को संभाला। पहली पारी के शतकवीर रविचंद्रन ने दूसरी पारी में 149 गेंदों पर 127 रनों की दमदार पारी खेली।

# विनीसियस जूनियर ने लगाए नस्लीय दुर्व्यवहार के आरोप

मैड्रिड, एजेंसी



- चैंपियंस लीग में विजयी गोल करने के बाद बताई घटना

ब्राजील के खिलाड़ी विनीसियस जूनियर ने चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के प्लेऑफ के मुकाबले में रियल मैड्रिड की तरफ से बेनफिका के खिलाफ विजयी गोल करने के बाद नस्लीय दुर्व्यवहार के आरोप लगाए। खेल को तब रोक दिया गया जब विनीसियस ने दावा किया कि रियाल मैड्रिड की 1-0 से जीत के दौरान एक प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी ने नस्लीय टिप्पणी करके उनका अपमान किया।

रियल मैड्रिड के डिफेंडर ट्रेंट अलेक्जेंडर अर्नोल्ड ने मैच के बाद कहा अपने करियर के दौरान उन्हें कई बार इस तरह की स्थिति का सामना करना पड़ा है और उन्होंने इसे बखूबी संभाला है। लेकिन उनके प्रति इस तरह का व्यवहार जारी रहना और आज रात ऐसा होना फुटबॉल के लिए शर्मनाक है। इस बीच मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को मोनाको के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। पीएसजी एक समय दो गोल से पीछे चल रहा था लेकिन स्थानापन्न खिलाड़ी डेज़ायर डूए के शानदार प्रदर्शन से वह आखिर में 3-2 से जीत हासिल करने में सफल रहा। अन्य मैचों में गैलाटासराय ने युवेंटस को 5-2 से हराया जबकि बोरुसिया डॉर्टमुंड ने अटलांटा के खिलाफ 2-0 से जीत दर्ज की विनीसियस ने स्टेडियम ऑफ लाइट में बेनफिका के खिलाफ प्लेऑफ के पहले चरण में रिकॉर्ड 15 बार के चैंपियन रियाल मैड्रिड को बढ़त दिलाने के बाद रेफरी फ्रांकोइस लेटेक्सियर को नस्लवादी टिप्पणी की जानकारी दी। उन्होंने अर्जेंटीना के खिलाड़ी जियानलुका प्रेस्टियानी की ओर इशारा किया। बेनफिका के कोच जोस मोरिन्हो ने हालांकि कहा कि उनके खिलाड़ी ने नस्लीय टिप्पणी करने के आरोपों से इनकार किया है। मोरिन्हो ने कहा उन्होंने मुझे अलग-अलग बातें बताईं। लेकिन कुछ तो गड़बड़ है क्योंकि हर बार ऐसा होता है। जहां भी विनीसियस खेला, वहां हमेशा कुछ न कुछ हुआ।